वर्ष 72 अंक 233 पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 22 मई, 2025
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 10, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com


> इतिहास में हमेशा यही हुआ है कि जब न्याय की आवाज सबसे ज्यादा जरूरी थी, तब वह मौन रही। यही कारण रहा कि बुराई को जीतने का अवसर मिला।
> -हाइली सेलासी

## आज रीवा आयेंगे संघ प्रमुख मोहन भागवत



**रीवा।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत आज रीवा आयेंगे। श्री भागवत रीवा में निराला नगर सरस्वती हायर सेंकडरी स्कूल में आयोजित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रशिक्षण वर्ग में प्रबोधन देंगे। श्री भागवत रीवा में तीन दिन तक प्रवास करेंगे। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार संघ प्रमुख आज 22 मई गुरुवार को पहले मैहर में मां शारदा का दर्शन करेंगे उसके बाद रीवा के लिए रवाना होंगे। संघ प्रमुख के दोपहर तक रीवा पहुंचने की संभावना है। दो दिन प्रवास के बाद संघ प्रमुख 24 मई को रीवा से रवाना होंगे। जानकारी अनुसार रीवा की धरती पर संघ के सभी प्रमुखों का आगमन हुआ है। यह गर्व की बात है कि संघ प्रमुख श्री भागवत का रीवा में दूसरी बार आगमन हो रहा है। बता दें कि संघ के अभ्यास वर्ग में 288 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण ले रहे हैं जिन्हें श्री भागवत प्रबोधन देंगे।

## शादी तय थी बच्चों की प्यार हो गया बड़ों को

*बिहार के सासाराम में एक अजीब मामला सामने आया है। यहां चार बच्चों के पिता और तीन बच्चों की मां कोर्ट मैरिज करने के लिए रजिस्ट्री ऑफिस पहुंचे। यह दृश्य उस समय अजीबो-गरीब बन गया, जब दोनों पक्षों के परिजनों ने मौके पर पहुंचकर बीच सड़क पर जूतों-चप्पलों से पिटाई शुरू कर दी। असल में, धनवा गांव निवासी दयाशंकर राम ने बेटी की शादी डालमियानगर थाना क्षेत्र में धर्मशिला देवी की बेटी से तय की थी। एक साल पहले यह रिश्तेदारी पक्की हो गई थी।*

### आईपीएल में आज

IPL 2025 TATA IPL

**गुजरात बनाम लखनऊ**
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

### डेढ़ करोड़ का इनामी नक्सल नेता बसव राजू मारा गया

# छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ में मुठभेड़, 27 नक्सली ढेर

**रायपुर, जेएनएन।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में अबूझमाड़ के जंगल में बुधवार सुबह सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को मार गिराने का दावा किया। सभी 27 शव और हथियार बरामद कर लिए हैं। मारे गए नक्सलियों में 1.5 करोड़ का इनामी बसव राजू भी शामिल है। फायरिंग में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड का एक जवान शहीद हो गया है।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के बोटेर में नक्सलियों का पोलित ब्यूरो सदस्य और नक्सल संगठन का महासचिव बसव राजू मौजूद है। इसी आधार पर फोर्स को रवाना किया गया। अबूझमाड़ के बोटेर पहुंचते ही जवानों पर फायरिंग शुरू हो गई। जवाब में सुरक्षाबलों ने भी फायरिंग की।

इस एनकाउंटर पर अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट कर खुशी जताई। उन्होंने लिखा - 'नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि। आज, हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है, जिनमें सीपीआई-माओवादी के महासचिव, शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़ नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू भी शामिल हैं। नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में यह पहली बार है कि एक महासचिव स्तर के नेता को मार गिराया है। मैं इस बड़ी सफलता के लिए सुरक्षा बलों और एजेंसियों की सराहना करता हूं।'



### असलहा बनाने वाली चार इकाइयां भी कीं नष्ट

छत्तीसगढ़ पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक (नक्सल विरोधी अभियान) विवेकानंद ने कहा कि अब तक पहचाने गए नक्सलियों पर 2.72 करोड़ रुपए का इनाम था। सुरक्षा बलों ने हथियारों का एक बड़ा जखीरा भी जब्त किया है और नक्सलियों की चार तकनीकी इकाइयों को नष्ट कर दिया है, जो हथियार और आईईडी बनाती थीं। पुलिस ने कहा कि अभियान के दौरान तथ्यों और सूचनाओं का विश्लेषण करने के बाद यह पुख्ता दावा किया जा सकता है कि 21 दिन से चल रहे अभियान के दौरान हुई मुठभेड़ों में कई वरिष्ठ माओवादी नेता या तो मारे गए हैं या गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

### नक्सलियों से सरेंडर करने की अपील

छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने एक बार फिर नक्सलियों से सरेंडर करने की अपील की है। उन्होंने कहा, केंद्र और राज्य सरकार एक भी गोली नहीं चलाना चाहती। हथियार से कोई हल नहीं निकलता। नक्सलियों को मुख्यधारा से जुड़ना चाहिए। देश और समाज की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब अपने ही लोगों पर गोली चलानी पड़ती है, तो दुख होता है।

### कौन है बसव राजू

बसवराजू आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के जियन्नापेटा गांव का मूल निवासी है। वह नवंबर 2018 से सीपीआई माओवादी संगठन का महासचिव है और पिछले 35 सालों से माओवादी संगठन की केन्द्रीय कमेटी का सदस्य है। बसवराजू ने वारंगल से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है और वह सैन्य कमान संभालने में माहिर है। बसवराजू संगठन में ज्यादातर समय सैन्य कमान संभालता रहा है और आक्रामक हमलों के लिए जाना जाता है। वह हमलों की रणनीति बनाने में भी माहिर है और उसे वारफेयर में महारत हासिल है। गणपति के बाद बसावराजू को 2018 में संगठन के महासचिव की जिम्मेदारी मिली थी। उसकी उम्र करीब 70 साल थी।

# राज्य का आदेश रद्द, अब आईएफएस की एपीआर नहीं लिख पाएंगे आईएएस

### इससे जुड़ा आदेश निकालने वाले अधिकारी को सुप्रीम कोर्ट ने फटकारा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में भारतीय वन सेवा के किसी भी अधिकारी की एपीआर आईएएस अधिकारियों द्वारा नहीं लिखी जाएगी। इसके लिए बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के लगभग एक साल पहले के आदेश को निरस्त कर दिया है। अब इस मामले में सरकार के वर्ष 2002 के आदेश के अनुसार ही आईएफएस अधिकारियों की एपीआर लिखी जाएगी।



गौरतलब है कि राज्य सरकार ने 29 जून, 2024 को एक आदेश जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि गैर-वन अधिकारी, विशेष रूप से कलेक्टर और संभागीय आयुक्त, प्रधान मुख्य वन संरक्षक सहित आईएफएस अधिकारियों की कार्य-निष्पादन मूल्यांकन प्रक्रिया में भाग लेंगे। सरकार के इस फैसले के खिलाफ पर्यावरण अधिवक्ता गौरव कुमार बंसल और अन्य सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। याचिका पर सुनवाई के दौरान अधिवक्ता बंसल ने आदेश की संवैधानिकता और प्रशासनिक सुदृढ़ता को चुनौती देते हुए तर्क दिया कि इसने भारतीय वन सेवा की संस्थागत अखंडता का उल्लंघन किया है। उन्होंने कोर्ट में कहा कि वन और वन्यजीव संरक्षण कार्य का आकलन करने में गैर-वन अधिकारियों को शामिल करना न केवल अनुचित होगा।

#### एपीएआर की यह थी नई व्यवस्था

राज्य शासन ने अपने 29 जून 2024 को जारी आदेश में कहा था कि प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) से लेकर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) तक के भारतीय वन सेवा अधिकारियों के लिए एपीएआर चैनल के संबंध में एक नई व्यवस्था शुरू की है।

#### कर्मचारी मंच ने सराहा

मध्यप्रदेश वन कर्मचारी मंच में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का स्वागत किया है। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने सरकार से सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के पालन में तत्काल आदेश पारित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से सत्य की जीत हुई है।

## बीना: वैन में आग लगने से जिंदा जला ड्राइवर

### खेत की फेंसिंग में फंसने से नहीं खुला ड्राइविंग सीट का गेट

**जागरण, बीना।** सागर जिले के बीना के ग्राम देहरी एवं सेमरखेड़ी के बीच बुधवार दोपहर एक चलती मारुति वैन में अचानक आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वैन सड़क किनारे खेत की फेंसिंग में फंस गई थी। इस कारण ड्राइवर की तरफ वाला गेट अटक गया।

ड्राइवर ने खिड़की से निकलने का प्रयास किया लेकिन आग इतनी भयानक थी कि वह इसकी चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। वैन में संभवतः गैस किट लगी थी। हालांकि, पुलिस अभी आग लगने के कारण की तलाश कर रही है। आग इतनी तेजी से भड़की कि 10-15 मिनट में वैन पूरी तरह जल गई। ड्राइवर की चीख-पुकार सुनकर भी लोग मदद नहीं कर सके। जानकारी के अनुसार 28 साल का नेपाल उर्फ कृष्णपाल सिंह मूलतः भेलोनी ललितपुर



का रहने वाला था। वर्तमान में वह ग्राम छायनकाछी में अपने फूफा मोहनसिंह के यहां रह रहा था। उसके फूफा की किराना दुकान है। नेपाल बुधवार को दुकान का सामान लेने बीना आया था और लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में हादसा हो गया। घटना की जानकारी लगते ही आगासौद पुलिस मौके पर पहुंची जहां पर युवक की पहचान करने की कोशिश की गई पर युवक इतनी बुरी तरह से जल गया था कि उसकी पहचान करना भी मुश्किल हो रहा था।

## नया शिप आईएनएसवी कौंडिन्य नेवी में शामिल

**मुंबई, जेएनएन।** नए शिप इंडियन नेवल सेलिंग वेसल (आईएनएसवी) कौंडिन्य को बुधवार को इंडियन नेवी के जहाजी बेड़े में शामिल कर लिया गया। यह 5वीं शताब्दी के जहाज का रिकंस्ट्रक्शन है। इसका नाम भारतीय नाविक कौंडिन्य के नाम पर रखा है। उन्होंने हिंद महासागर को पार करके साउथ-ईस्ट एशिया की यात्रा की थी। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि साल के अंत में यह गुजरात से ओमान तक के पारंपरिक ट्रेड रूट पर ट्रांस-ओशनिक यात्रा करेगा। आधुनिक वेसल (पोत) से अलग सिले हुए जहाज में चौकोर पाल और स्टीयरिंग ओर्स लगे हैं। शिप के पाल पर गंधभेरुंड और सूर्य की आकृतियां हैं। उसके बो पर नक्काशीदार शेर और डेक पर हड़प्पा शैली का पत्थर का लंगर लगाया गया है। संस्कृति मंत्रालय ने इसके लिए फंड दिया था। 12 सितंबर, 2023 को जहाज की कील बिछाने का काम हो गया था। केरल के कारीगरों ने इसे बनाने में पूरी तरह से पारंपरिक तरीकों और कच्चे माल का इस्तेमाल किया।




वर्ष 72 अंक 233 पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 22 मई, 2025
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 10, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

दया कमजोरी नहीं होती और दुर्भाग्यग्रस्तों के प्रति चिंता रखना समाजवाद नहीं होता।
- ह्यूबर्ट एच. हम्फ्री

# महाराष्ट्र और मप्र में तेज आंधी, तूफान और बारिश

## गोवा में लगातार दूसरे दिन भारी बारिश से जलभराव, रेड अलर्ट

**जागरण, भोपाल।** मध्य प्रदेश समेत देश के 30 राज्यों में बुधवार को आंधी, तूफान और बारिश के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त रहा। असम, मेघालय, गोवा और कर्नाटक के समुद्री इलाकों में तेज बारिश हो रही है। गोवा में दूसरे दिन भी भारी बारिश हुई और 60 किमी की रफ्तार से हवा चली। 24 घंटों में उत्तर गोवा के पेरनेम में 207 मिमी से ज्यादा बारिश दर्ज हुई है। मौसम विभाग ने दोनों जिलों उत्तर और दक्षिण गोवा में ऑरेंज अलर्ट जारी किया था, फिर दोपहर में इसे बढ़ाकर रेड अलर्ट में बदल दिया गया। विभाग ने गुरुवार के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट और इसके बाद 27 मई तक यलो अलर्ट जारी किया है।





भोपाल में बुधवार की शाम झमाझम बारिश हुई और मौसम सुहाना हो गया। हालांकि यह बारिश शहर की कई सड़कों पर जाम की मुसीबत भी लेकर आई। तस्वीरों में बारिश का लुत्फ लेते युवा और बारिश की बूंदों में खुशी से झूमता बच्चा और खुद को भीगने से बचाने की कोशिश में तेज कदम रखती महिला। (फोटोः एचसी वर्मा)

**टला बड़ा हादसा:** 40 छात्रों में से 5 घायल

# बिना पहिये के 15 फीट घिसटती रही कॉलेज बस

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** रायसेन रोड पर बुधवार सुबह सवा नौ बजे बड़ा हादसा टल गया। कॉलेज छात्रों को लेकर जा रही सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी की बस में डंपर की टक्कर लगी, जिसके बाद उसके पिछले हिस्से के दोनों पहिए एक्सल के साथ टूटकर अलग हो गए। बस का पिछला हिस्सा सड़क पर गिरकर करीब 15 फीट तक बिना पहिए के घिसटता चला गया।

बस में सवार 40 छात्रों में 5 छात्रों को चोट लगी है। तुरंत ही उन्हें अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने डंपर को जब्त कर लिया है। पुलिस ने दावा किया कि महाराष्ट्र पासिंग बस 11 साल 9 माह पुरानी है। परिवहन विभाग की वेबसाइट में उसकी फिटनेस परमिट, बीमा समेत अन्य प्रक्रिया कंपलीट मिली है।

बता दें कि 12 मई को श्रीराम नंदा एजुकेशन सोसायटी की अनफिट बस ने बाणगंगा चौराहे पर 8 वाहनों को कुचल दिया था। हादसे में डॉक्टर आयशा की मौत हो गई थी।



**इनका कहना...**

सभी बच्चे सुरक्षित हैं। बस को पीछे से डंपर ने टक्कर मारी थी। जिसके कारण पीछे के दोनों टायर निकल गए। मामले में एफआईआर कराई गई है।
**- मनोज शुक्ला, डीन,** सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी (स्टूडेंट वेलफेयर)

अच्छे माइलेज के लिए स्कूल वाहन निर्माता कंपनियां वाहनों को हल्का बना रही हैं। इससे उनके पार्टस उतने मजबूत नहीं बनाए जाते जितने कर्मशियल वाहनों के होते हैं। ऐसे में मामूली टक्कर से स्कूल वाहनों को अधिक नुकसान होता है।
**- रविन्द्र सिंह,** ऑटो मोबाइल इंजीनियर

## संक्षिप्त खबरें

### जस्टिस वर्मा पर नहीं होगी एफआईआर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कैश मामले में घिरे इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर की मांग वाली याचिका बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि यह मामला प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के पास है। आप पहले जाकर उनसे गुहार लगाएं। फिर हमारे पास आएं। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। एफआईआर की मांग वाली याचिका एडवोकेट मैथ्यूज नेडुमपारा ने लगाई थी। दरअसल, जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम से 500-500 रुपए के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। बता दें कि उस समय जस्टिस वर्मा दिल्ली हाईकोर्ट में पदस्थ थे। यहां से उन्हें इलाहाबाद भेजा गया है, जहां उन्हें कोई न्यायिक कार्य नहीं दिया गया है।



### पूजा को सुप्रीम कोर्ट ने दी अग्रिम जमानत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** विवादों में घिरी पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर को सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अग्रिम जमानत दे दी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने पूजा को जांच में सहयोग करने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा- पूजा ने कौन सा बड़ा अपराध कर दिया। वह कोई ड्रग माफिया या आतंकवादी नहीं है। उन पर हत्या का आरोप नहीं है। आपके पास कोई सिस्टम या सॉफ्टवेयर होना चाहिए, जिससे इस तरह की जांच समय पर हो कि कोई अभ्यर्थी गड़बड़ तो नहीं कर रहा है। पूजा ने सब कुछ खो दिया है, अब उसे कहीं नौकरी नहीं मिलेगी। इस मामले में दिल्ली हाई कोर्ट को पहले ही जमानत देनी चाहिए थी। हालांकि, दिल्ली पुलिस के वकील ने जमानत का विरोध किया। कहा कि पूजा जांच में सहयोग नहीं कर रही हैं। कोर्ट ने पूजा को जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया।



सुप्रीम कोर्ट ने आरएसएस कार्यकर्ता की हत्या के मामले में पूर्व पीएफआई सदस्य को दी जमानत

# विचारधारा के लिए किसी को जेल में नहीं डाला जा सकता

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने सितंबर, 2022 में केरल के पलक्कड़ में आरएसएस कार्यकर्ता श्रीनिवासन की हत्या से संबंधित कथित साजिश के मामले में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के पूर्व महासचिव अब्दुल साथर को जमानत दे दी। हाईकोर्ट द्वारा जमानत देने से इंकार करने के खिलाफ साथर की विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस अभय एस. ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की खंडपीठ ने यह आदेश पारित किया।

सुनवाई के दौरान जस्टिस ओक ने टिप्पणी की, विचारधारा के लिए आप किसी को जेल में नहीं डाल सकते। उन्होंने कहा- इस मामले में हमें यही प्रवृत्ति देखने को मिली है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि साथर एक विशेष विचारधारा पर चलते हैं, इसलिए उन्हें जेल में डाल दिया गया। इस पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के वकील ने कहा कि हालांकि हत्या से संबंधित मुख्य एफआईआर में साथर का नाम नहीं है, लेकिन उसने पीएफआई के महासचिव के रूप में कैडरों की भर्ती की। उसके खिलाफ 71 मामले दर्ज हैं। इस पर साथर की ओर से पेश वकील ने तर्क दिया कि सभी 71 मामले हड़ताल से संबंधित घटनाओं से संबंधित हैं। साथर को इन सभी मामलों में पहले ही जमानत मिल चुकी है। इसके बाद जस्टिस ओक ने भविष्य में अपराध करने से रोकने के लिए किसी व्यक्ति को सलाखों के पीछे रखने के दृष्टिकोण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, यह खतरनाक है। प्रक्रिया सजा नहीं बन सकती। जस्टिस ओक ने सवाल किया कि क्या ऐसा कोई आरोप है कि साथर कई हत्याओं में शामिल था। क्या साजिश में उसकी भूमिका थी। इस पर अभियोजन पक्ष ने के वकील ने जवाब दिया कि साथर निर्णय लेने वाला व्यक्ति है और उसके फोन पर हत्या के शिकार श्रीनिवासन की एक तस्वीर मिली है। कोर्ट ने कहा-यह दलील ठीक नहीं है। जिसके मोबाइल में तस्वीर है, वह हत्या का आरोपी होगा, यह कैसे मान लिया जाए।



**वक्फ कानून के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट में बोली सरकार**

## वक्फ इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं

वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दूसरे दिन की सुनवाई बुधवार को हुई। इस अहम सुनवाई में केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कानून का पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि वक्फ इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। वक्फ कानून में बदलाव को लेकर व्यापक स्तर पर चर्चा और परामर्श किया गया है। याचिकाकर्ता पूरे मुस्लिम समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करते। उन्होंने बताया कि इस विषय पर 97 लाख से अधिक लोगों से सुझाव प्राप्त हुए। 25 वक्फ बोर्डों से राय ली गई, जिन्होंने माना कि वक्फ कुरान या शरीयत में वर्णित व्यवस्था नहीं है। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति बीआर गवई ने सवाल उठाया कि उनका तर्क है कि इस मामले में सरकार अपना दावा खुद तय करेगी? वक्फ की संपत्तियों को लेकर फैसला कलेक्टर करेंगे? इस पर मेहता ने कहा, यह बात सही है कि शुरुआती बिल में कहा गया था कि कलेक्टर फैसला करेंगे। लेकिन वे न्यायाधीश नहीं होंगे। उनके फैसले को चुनौती दी जा सकेगी।

## प्रो. अली को सशर्त बेल एसआईटी करेगी जांच

सेना के ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सोशल मीडिया पोस्ट करने वाले हरियाणा की अशोका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत मिल गई है। कोर्ट ने कहा कि जमानत के दौरान महमूदाबाद ऑपरेशन सिंदूर और भारत में हुए आतंकी हमलों या जवाबी एक्शन के बारे में कोई भी कमेंट नहीं करेंगे, न ही कोई स्पीच देंगे। कोर्ट ने महमूदाबाद के खिलाफ जांच रोकने से भी इंकार कर दिया। केस की जांच के लिए कोर्ट ने 24 घंटे के भीतर 3 आईपीएस अफसरों की एसआईटी बनाने के आदेश दिए, जिसमें एक महिला अधिकारी शामिल होगी। साथ ही हरियाणा और दिल्ली का कोई अधिकारी शामिल नहीं होगा। कोर्ट ने महमूदाबाद को पासपोर्ट सरेंडर करने और जांच में सहयोग करने के भी आदेश दिए हैं। सोनीपत में अली खान पर 2 एफआईआर दर्ज हुई थीं। उन पर आरोप है कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद सेना की प्रेस कॉन्फ्रेंस को लेकर विवादित टिप्पणी की थी।



### सिब्बल ने अदालत में पढ़ी प्रोफेसर की पोस्ट

कोर्ट में वकील कपिल सिब्बल ने अली खान का पक्ष रखा। जब जस्टिस सूर्यकांत ने प्रोफेसर के बयान की वैधता पर सवाल उठाए, तो सिब्बल ने वह सोशल मीडिया पोस्ट पूरी अदालत को पढ़कर सुनाई और कहा, यह एक देशभक्ति से भरी टिप्पणी है। इसमें युद्ध की मांग कर रहे लोगों की आलोचना की गई है, न कि देश या उसकी सेना की। इसके बाद बेंच ने कपिल सिब्बल से कहा कि हालांकि सभी को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है, लेकिन महमूदाबाद के बयानों को कानून की नजर में डॉग व्हिसलिंग (किसी का समर्थन पाने के लिए गुप्त संदेश वाली) भाषा कहा जाता है।

## अमित और अर्णव के खिलाफ एफआईआर




**बेंगलुरु, जेएनएन।** भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय और टीवी पत्रकार अर्णव गोस्वामी के खिलाफ कांग्रेस ने एफआईआर दर्ज कराई है। मामला कांग्रेस के खिलाफ झूठी और भ्रामक जानकारी फैलाने का है। इन दोनों ने तुर्किए के इस्तांबुल कांग्रेस सेंटर को कांग्रेस ऑफिस बताया था, जो झूठ था। अमित मालवीय ने 17 मई को एक्स पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह बता रहे हैं कि कांग्रेस का तुर्किए में रजिस्टर्ड ऑफिस है।

मालवीय ने लिखा- राहुल गांधी को बताना चाहिए कि ऐसा करने की जरूरत क्यों पड़ी। यह हैरान और समझ से बाहर का मामला है। देश को इसका सच जानने का हक है। इस वीडियो को अर्णव गोस्वामी ने भी शेयर किया। कांग्रेस ने शिकायत में कहा-ऐसा सोची-समझी रणनीति के तहत जनता को गुमराह और कांग्रेस को बदनाम करने के लिए किया गया है। यह लोगों की भावनाएं भड़काने, देश की सुरक्षा और लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश है। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक तनाव के बीच तुर्किए ने पाकिस्तान का समर्थन किया था। साथ ही भारत के खिलाफ पाकिस्तान को ड्रोन्स और हथियार भेजे थे।

## महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी पर अभिजीत अय्यर को फटकार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एक न्यूज पोर्टल की नौ महिला कर्मियों के लिए वेश्या शब्द का इस्तेमाल करने के विरुद्ध दायर मानहानि मुकदमे पर दिल्ली हाई कोर्ट ने अभिजीत अय्यर मित्रा को कड़ी फटकार लगाई है। पांच घंटे के अंदर पोस्ट हटाने का निर्देश देते हुए अदालत ने कहा कि एक सभ्य समाज में ऐसी भाषा और शब्दों की अनुमति नहीं है। सुनवाई के दौरान अभिजीत अय्यर मित्रा के विरुद्ध प्राथमिकी करने की भी चेतावनी दी गई। अदालत के सख्त रुख को देखते हुए अभिजीत ने पोस्ट हटाने पर सहमति व्यक्त की।

न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव की पीठ ने मामले पर उनका पक्ष सुनने के अभिजीत के अनुरोध को ठुकराते हुए कहा कि पहले पोस्ट हटाएं फिर अदालत आपकी बात सुनेगी। एक न्यूज पोर्टल में काम करने वाली 8 महिला कर्मियों ने आरोप लगाया था कि अभिजीत ने एक्स पर पोस्ट में अपनमानजनक, दुर्भावनापूर्ण और निराधार आरोप लगाए हैं। महिला कर्मियों ने पोस्ट डिलीट करने का निर्देश देने के साथ दो करोड़ के हर्जाने की मांग भी की है। आरोप है कि अय्यर ने पोस्ट में उन्हें वेश्या और उनके कार्यस्थल को वेश्यालय बताया था।

## नो फ्लाइंग जोन में देखे गए ड्रोन, जांच शुरू

**कोलकाता, जेएनएन।** कोलकाता में सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय विजय दुर्ग के करीब विक्टोरिया मेमोरियल, मैदान व रवींद्र सदन के ऊपर मंगलवार देर रात कई अज्ञात ड्रोन मंडराते देखे गए। कोलकाता पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, ड्रोन के स्रोत का पता नहीं चला है। चूंकि यह क्षेत्र नो-फ्लाई जोन में है, इसलिए पहले से ड्रोन उड़ाने की किसी को कोई अनुमति नहीं दी गई थी। घटना की सूचना केंद्र सरकार के पास भेज दी गई है। पुलिस कर्मियों ने मंगलवार देर रात सबसे पहले ड्रोन देखे और कोलकाता पुलिस के मुख्यालय लालबाजार स्थित नियंत्रण कक्ष को तुरंत सूचित किया।

# ग्वालियर में डॉ. अंबेडकर की मूर्ति नहीं लगी तो जयपुर हाईकोर्ट से हटाई जाएगी मनु की मूर्ति

**जागरण, ग्वालियर।** मप्र हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगने पर विवाद गहराता जा रहा है। मामले में भीम सेना की एंट्री के बाद अब यह विवाद राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा तक पहुंच गया है। भीम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवाब सतपाल तंवर ने चेतावनी दी है कि अगर अंबेडकर प्रतिमा स्थापित नहीं होती है, तो जयपुर (राजस्थान) हाईकोर्ट में लगी मनु की मूर्ति हटा दी जाएगी। यह पूरा विवाद 19 फरवरी को ग्वालियर हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस के नाम ज्ञापन देने से शुरू हुआ था। दो दिन पहले जबलपुर में दोनों पक्ष चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत से मिले थे। इसके बाद दोनों पक्षों को कुछ दिन तक रुकने और माहौल को समझकर कदम उठाने की सलाह दी गई थी। अब ग्वालियर में दोनों पक्ष अपनी-अपनी रणनीति बना रहे हैं।

### दो गुटों में बंटे ग्वालियर के वकील

ग्वालियर में वकीलों के बीच यह बड़ा विवाद बन गया है। अब वे दो गुटों में बंट गए हैं। एक गुट प्रतिमा लगवाने के पक्ष में है, जबकि दूसरा उसके खिलाफ। गुरुग्राम (हरियाणा) में भीम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवाब सतपाल तंवर ने कहा कि अंबेडकर प्रतिमा लगाने से रोकना न सिर्फ गलत है, बल्कि यह संविधान निर्माता और एससी समाज का अपमान है। भीम सेना के कार्यकर्ता इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेंगे। जरूरत पड़ी तो आंदोलन तेज किया जाएगा। भीम सेना की तरफ से सोशल मीडिया पर एक विवादास्पद पोस्टर और वीडियो भी जारी किया गया है, जिसमें सरकारों को खुली चेतावनी दी गई है।

**रिपोर्ट** | ‘भारत पर अत्यधिक गर्मी का प्रभाव: जिला स्तरीय हीट रिस्क का मूल्यांकन’

# भोपाल जैसे शहरों पर मंडरा रहा हीट स्ट्रेस का खतरा

**घनी आबादी में रहने वाली 76 फीसदी आबादी है बड़े जोखिम में**

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश में तेजी से बढ़ती गर्मी अब केवल मौसम की एक असहनीय स्थिति नहीं रही, बल्कि यह स्वास्थ्य, आजीविका और आर्थिक सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरे के रूप में उभर रही है। ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद (सीईईडब्ल्यू) के हालिया अध्ययन में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। ‘भारत पर अत्यधिक गर्मी का प्रभाव: जिला स्तरीय हीट रिस्क का मूल्यांकन’ नामक अध्ययन में बताया गया है कि भारत की 76 फीसदी आबादी अत्यधिक गर्मी के उच्च या अत्यधिक उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में रहती है। इन शहरी क्षेत्रों में रात के तापमान में खतरनाक बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे लोगों के शरीर को दिन की गर्मी के बाद आराम नहीं मिल रहा।



| | |
|---|---|
| 734 | जिलों का विश्लेषण करता है यह अध्ययन |
| 35 | संकेतकों के आधार पर गर्मी के खतरे को मापा गया है |
| 417 | जिले अत्यधिक उच्च और उच्च जोखिम में आते हैं |
| 201 | जिले मध्यम जोखिम वाले हीट रिस्क में शामिल |
| 116 | जिले तुलनात्मक रूप से कम जोखिम में |

### शहरी और घनी आबादी में सबसे बड़ा खतरा

रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, हैदराबाद, भोपाल और भुवनेश्वर जैसे आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण और घनी आबादी वाले शहरों में हीट स्ट्रेस (गर्मी का तनाव) तेजी से बढ़ रहा है। यहां ‘हीट आइलैंड इफेक्ट’ यानी शहरी इलाकों में लगातार अधिक तापमान स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है।

### गर्मी अब भविष्य नहीं, वर्तमान की चुनौती

हीट स्ट्रेस अब भविष्य की आशंका नहीं, बल्कि एक वर्तमान वास्तविकता है। हम एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुके हैं जहां गर्मी लंबी चलेगी, आर्द्रता बढ़ेगी और रातें खतरनाक रूप से गर्म रहेंगी।
**- डॉ अरुणाभा घोष,** सीईओ, सीईईडब्ल्यू

### रातों की बढ़ती गर्मी: शरीर को नहीं मिल पा रहा आराम

अध्ययन में बताया गया है कि 2012 से 2022 के बीच 70 फीसदी जिलों में औसतन 5 अतिरिक्त ‘बहुत गर्म रातें’ देखी गई हैं। ये ‘बहुत गर्म रातें’ वे हैं जब तापमान सामान्य से 95 फीसदी अधिक गर्म होता है। यह केवल असुविधा नहीं, बल्कि शरीर को दिन की गर्मी से उबरने से रोकता है, जिससे हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। सिर्फ शहरी इलाके ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र, केरल, उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों के कई ग्रामीण जिले, जहां बड़ी संख्या में लोग कृषि और बाहरी श्रम से जुड़ें हैं, वे भी अत्यधिक गर्मी के उच्च जोखिम में पाए गए हैं। इस बढ़ते तापमान का प्रभाव इनकी काम करने की क्षमता, स्वास्थ्य और आय पर सीधा असर डाल सकता है।

# सूरत: 12 वर्षीय किशोर का दीक्षा संस्कार कोर्ट ने रोका

## मां बनाना चाहती थी जैन मुनि, पिता पहुंचा कोर्ट

**सूरत, जेएनएन।** सूरत की फैमिली कोर्ट ने मंगलवार को 12 साल के एक बच्चे की जैन दीक्षा पर रोक लगा दी। यह फैसला उस वक्त आया जब बच्चे के पिता, जो मध्य प्रदेश के रहने वाले व्यापारी हैं, ने सोमवार को कोर्ट में याचिका दायर की थी। यह दीक्षा समारोह बुधवार को सूरत में होने वाला था। बता दें कि बच्चे के माता-पिता अलग हो चुके हैं और उसकी कस्टडी को लेकर अदालत में मुकदमा चल रहा है। पिता का कहना है कि जब तक कोर्ट में फैसला नहीं होता, तब तक बच्चे से जुड़ा कोई बड़ा फैसला अकेले मां नहीं ले सकती। उन्होंने कोर्ट को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ दीक्षा समारोह का निमंत्रण पत्र भी सौंपा।

बच्चे के पिता ने कोर्ट में कहा कि उन्हें सोशल मीडिया पर इस समारोह का कार्ड देखकर झटका लगा। जब बच्चा अभी नाबालिग है और कस्टडी को लेकर मामला कोर्ट में लंबित है, तब उसकी मां कैसे अकेले उसे संन्यासी बनाने का फैसला ले सकती है। संन्यास लेने के बाद बच्चा अपने परिवार और दुनियावी रिश्तों से पूरी तरह अलग हो जाएगा।

### मां की दलील- बेटा खुद बनना चाहता है मुनि

वहीं बच्चे की मां की ओर से पेश वकील ने कहा कि यह फैसला बच्चे ने खुद लिया है। मां का कहना है कि पति ने कभी बेटे की पढ़ाई या खर्च की चिंता नहीं की, लेकिन अब अचानक कस्टडी मांगने आ गए। कोर्ट ने मां की दलील नहीं मानी।

# विकसित भारत के अमृत स्टेशन



देश भर में

## पुनर्विकसित 103 अमृत स्टेशनों का उद्घाटन

जिसमें शामिल हैं

## मध्य प्रदेश के 6 अमृत स्टेशन



शाजापुर



नर्मदापुरम



कटनी साउथ



श्रीधाम



सिवनी



ओरछा

**लाभ**

- सिटी सेंटर के रुप में विकास - रुफ प्लाजा, शॉपिंग जोन, विश्राम कक्ष, विशाल परिसंचारी क्षेत्र आदि जैसी सुविधाएं
- विरासत भी विकास भी -स्थानीय वास्तुकला से प्रेरित स्टेशन भवन
- अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, बेहतर पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, लाउंज, प्रतीक्षालय, ट्रैवलेटर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं
- मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के एकीकरण से ये स्टेशन बनेंगे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र
- स्टेशनों के डिज़ाइन में ऊर्जा दक्षता और हरित उपायों को प्राथमिकता, जिससे न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

के कर कमलों द्वारा

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

**22 मई, 2025 | प्रातः 10:30 बजे**

गरिमामयी उपस्थिति

**मंगुभाई छ. पटेल**
राज्यपाल , मध्य प्रदेश

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री , मध्य प्रदेश

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**अर्जुन राम मेघवाल**
केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री

भारतीय रेल

DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम को लाइव देखें www.indianrailways.gov.in हमें फॉलो करें /RailMinIndia

# पुलिस की निष्क्रियता के चलते गई लड़की की जान

## लड़की की मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने बस स्टैंड पर लगाया जाम

**जागरण, छतरपुर**

युवक करता था लड़की के साथ छेड़छाड़, किसी को घर में बताने पर देता था जान से मारने की धमकी, छेड़खानी और धमकियों से तंग आकर लड़की ने खाया जहरीला पदार्थ, लड़की की मौत, गुस्साए परिजनों ने बस स्टैंड पर लगाया जाम, बताया जा रहा है कि पूर्व में भी लड़की के परिजनों के द्वारा थाने में की गई थी युवक द्वारा छेड़खानी और धमकी देने की शिकायत, लेकिन पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया जिस कारण हुई यह घटना, पुलिस पर लगे गंभीर आरोप, देखें वीडियो छतरपुर जिले के नारायणपुर रोड निवासी एक कुशवाहा परिवार की लड़की ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली, गुस्साये परिजनों ने लड़की का शव बस स्टैंड पर रखकर जाम लगा दिया परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस से पूर्व में भी शिकायत की गई लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने के कारण आज उनकी बच्ची की जान चली गई, परिजनों ने बताया कि पूर्व से अरुण सेन नाम का युवक लड़की के साथ छेड़छाड़ करता था इतना ही नहीं इसकी शिकायत घर में करने पर उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देता था, लड़की के परिजनों के द्वारा इसकी शिकायत पूर्व में भी ओरछा रोड थाने में की गई लेकिन पुलिस ने इस मामले में कोई एक्शन नहीं लिया और अरुण सेन लड़की को लगातार धमकियां देते हुए छेड़खानी करता रहा पुलिस से न्याय न मिलने के कारण परेशान लड़की ने बुधवार को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली।

## युवा संगम नाम से 28 मई को रोजगार मेले का आयोजन

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय आई. टी.आई एवं जिला उद्योग विभाग के द्वारा 28 मई 2025 को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छात्रावास परिसर जिला छतरपुर में 1 दिवसीय युवा संगम (रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिशिप मेला) का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिये 18 वर्ष से 35 वर्ष आयु के युवक-युवतियां भाग ले सकते है। इस मेले में 8 वीं से स्नातक तक की योग्यता वाले बेरोजगार युवक युवतियों की भर्ती के लिए निजी क्षेत्र की कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया जा रहा है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष के पति पर करोड़ों के गबन का आरोप

**छतरपुर।** बड़ामलहरा के डिकोली सेवा सहकारी समिति के पूर्व प्रबंधक और वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्या देवी अग्निहोत्री के पति हरिओम अग्निहोत्री पर 2 करोड़ 92 लाख रुपये के गबन का गंभीर आरोप सिद्ध हुआ है। मध्य प्रदेश शासन के सहकारिता विभाग ने 567 किसानों की मुख्यमंत्री ब्याज माफी योजना 2023 की 292.54 लाख रुपये की राशि के दुरुपयोग की पुष्टि की है। संयुक्त आयुक्त, सहकारिता संभाग सागर की जांच में घोटाला सामने आने के बाद सहकारिता विभाग ने छतरपुर कलेक्टर को गबन की राशि वसूलने और दोषी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

**जांच में खुला घोटाला :** मध्य प्रदेश शासन के सहकारिता विभाग, भोपाल के अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने 15 मई 2025 को पत्र क्रमांक 16/1/14/005/2025/ई519772 जारी कर छतरपुर कलेक्टर को सूचित किया कि डिकोली सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक हरिओम अग्निहोत्री ने मुख्यमंत्री ब्याज माफी योजना 2023 के तहत 567 किसानों की 292.54 लाख रुपये की राशि का गबन किया। संयुक्त आयुक्त, सहकारिता संभाग सागर की जांच में पाया गया कि यह राशि अपात्र व्यक्तियों को दी गई, जिसमें हरिओम ने अपने चहेतों और परिजनों को लाभ पहुंचाया। पत्र में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि गबन की राशि हरिओम अग्निहोत्री से वसूल कर शासकीय खाते में जमा की जाए। जांच दल ने दस्तावेजों की सूक्ष्म जांच में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और नियमों की अनदेखी की पुष्टि की है।

**परिवार के नाम पर हड़पी मोटी राशि :** हरिओम अग्निहोत्री ने डिकोली समिति के प्रबंधक के रूप में नियमों को ताक पर रखकर अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर लाखों रुपये के किसान क्रेडिट कार्ड बनवाए और राशि निकाल ली। शासकीय नियमों के अनुसार, एक वित्तीय वर्ष में किसी किसान को अधिकतम 1.5 लाख रुपये का किसान क्रेडिट कार्ड ऋण दिया जा सकता है, लेकिन हरिओम ने अपनी पत्नी विद्या देवी अग्निहोत्री (वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष) के किसान क्रेडिट कार्ड खाता क्रमांक 152001483934 और समिति खाता क्रमांक 152002401529 से 2017 में अलग-अलग तारीखों (29 जुलाई, 30 जुलाई, 4 अगस्त) में 9 लाख रुपये और 12 सितंबर को 6 लाख रुपये, कुल 15 लाख रुपये निकाले। यह राशि पात्रता से 10 गुना अधिक थी और इसे जमा नहीं किया गया। इसी तरह, उनके बेटे रविकांत अग्निहोत्री के खाता क्रमांक 152001483741 में 18 लाख रुपये, भाई ओम अग्निहोत्री के खाता क्रमांक 152001483810 में 15 लाख रुपये, बहू ममता देवी अग्निहोत्री के खाता क्रमांक 152001467605 में 12 लाख रुपये और परिजन मन्नूलाल अग्निहोत्री के खाता क्रमांक 152001482748 में 15 लाख रुपये निकालकर गबन किया गया।

## जिला सहकारी बैंक के सीईओ आरएस भदौरिया का शिवपुरी तबादला

**छतरपुर।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, छतरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) आरएस भदौरिया का तबादला शिवपुरी कर दिया गया है। उनकी जगह एसके कनौजिया, जो वर्तमान में पन्ना जिला सहकारी बैंक के सीईओ हैं, को आगामी आदेश तक छतरपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। बैंक अधिकारियों के अनुसार, यह तबादला प्रशासनिक व्यवस्था के तहत किया गया है। कनौजिया अब पन्ना के साथ-साथ छतरपुर जिला सहकारी बैंक की जिम्मेदारियों का भी निर्वहन करेंगे। स्थानीय कर्मचारियों और सहकारी समितियों ने नए प्रभारी से बैंकिंग सेवाओं में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने की उम्मीद जताई है।

## लघु उद्योग भारती की छतरपुर और हरपालपुर इकाइयों का पुनर्गठन

**छतरपुर।** लघु उद्योग भारती की छतरपुर और हरपालपुर इकाइयों का मंगलवार को पुनर्गठन किया गया। छतरपुर इकाई में गिरीश कुमार दुबे (खजुराहो आयुर्वेदिक फार्मेसी) को पुनः अध्यक्ष नियुक्त किया गया। लक्ष्मण विश्वकर्मा (विश्वकर्मा फर्नीचर उद्योग) को सचिव, दिवाकर गुप्ता (एसकेडीके इंडस्ट्रीज) को कोषाध्यक्ष और गोविंद चौरसिया (हर्ष इंडस्ट्रीज) को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। हरपालपुर इकाई में रवि साहू को दोबारा अध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित उद्यमियों अमित मल्होत्रा, संजय चौरसिया, आशीष अवस्थी, लल्लन घोष, ज्योति प्रकाश शुक्ला, पुरुषोत्तम गुप्ता, मनोज अग्रवाल, बालमुकुंद अग्रवाल, असीस अग्रवाल और राजू अग्रवाल ने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई दी। उद्यमियों ने नई कार्यकारिणी से लघु उद्योगों की समस्याओं के समाधान और क्षेत्र में उद्यमिता को बढ़ावा देने की उम्मीद जताई। यह पुनर्गठन लघु उद्योग भारती के उद्देश्यों को मजबूत करने और स्थानीय उद्यमियों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।


## AWADHESH PRATAP SINGH UNIVERSITY, REWA (MP)
### B.Sc. Agriculture Science Admission Notice 2025-26

Ref. No. D.S.W./379 Date. 16-05-2025

Online application forms in the prescribed format are invited for admission to B.Sc. Agriculture Science programme. Admissions will be done according to the merit index prepared on the basis of Entrance Test which will be conducted on 15.06. 2025.Candidates can submit application form through MP-Online portal and make the payment through credit/debit card or by net banking. Registration fee is Rs. 600/- for General and OBC,400/- for SC/ST (MP Domicile) candidates. Candidates can apply online from 19.05.2025 to 10.06.2025. Last date for submission of hard copy and document in the department is 10.06.2025. List of selected candidates will be displayed on 17.06.2025. Information regarding eligibility, no. of seats, fees etc. is available on MP-Online portal and university website www.apsu rewa.ac.in.

Rewa, Registrar



## कार्यालय नगर परिषद डभौरा जिला–रीवा (म0प्र0)

E-mail ID- cmodabhora@mpurban.gov.in

क्रमांक / 842 / E-TENDER/न.परि. / 2025 डभौरा, दिनांक 21.05.2025

### ई–निविदा आमंत्रण–सूचना

म.प्र. शासन लोक निर्माण विभाग एवं विद्युत विभाग में नवीन केन्द्रीकृत पंजीकृत प्रणाली के अंतर्गत अथवा केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से फार्म "ए" में ई–टेन्डरिंग के माध्यम से निम्न तालिका विवरण अनुसार वर्ष 2021 के एस.ओ.आर. (02.08.2021) पर निविदा आंमत्रित की जाती हैं। विवरण निम्नानुसार हैं:–

| S.N | Tender No | Name Of the Work | Probable amount of Contract (Rs in Lacs) | Earnest Money Deposit (E.M.D.) (In Rs) | Cost Of Bid Document (In Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_425347_1 | Installation Of Pole,Cable & Street Light in Ward No 7,10,11,12,13,14 & 15 Of ULB | Rs 125.41 | Rs 62706.00 | Rs 12500.00 |

शर्तें:–
1. निविदा दिनांक 22.05.2025 को सायं 05.30 बजे से दिनांक 23.06.2025 को सायं 5.30 बजे तक बेवसाईट पर ऑनलाईन प्राप्त / प्रस्तुत की जा सकती है।
2. विस्तृत निविदा सूचना बेवसाईट https://mptender.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन केवल बेवसाईट में किया जावेगा। दैनिक समाचार पत्र में विज्ञापन का प्रकाशन नही किया जावेगा।

(ज्ञानेन्द्र मिश्रा)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद डभौरा
जिला रीवा म.प्र.


## ग्राम पंचायत मुहास में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आज

**कटनी।** विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत मुहास में गुरुवार 22 मई को शाम 4 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे। कलेक्टर श्री यादव जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यॉत्रिकी खण्ड, रीवा (म.प्र.)

निविदा सूचना क्र0 05 / 2025–26 / लेखा / का0यं0 / लो0स्वा0यॉ0 / रीवा, दिनांक 16.05.2025

### : निविदा आमंत्रण सूचना :

निम्नलिखित कार्यो हेतु मध्य प्रदेश के राज्यपाल की ओर से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ऑन लाइन निविदायें फार्म–"सी" में निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक किए गए समस्त संशोधनों के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

ऑन लाइन निविदा पब्लिशिंग का दिनांक 19.05.2025 डाक्यूमेन्ट डाउन लोड/टेण्डर फार्म क्रय प्रारम्भ तिथि 19.05.2025, टेण्डर फार्म क्रय की अंतिम तिथि 02.06.2025, बिड सबमिशन प्रारम्भ का दिनांक 19.05.2025 एवं बिड सबमिशन का अंतिम तिथि 02.06.2025 को सायं 5.30 बजे तक निर्धारित हैं। Manadatory 'A' Open का दिनांक 04.06.2025 को अपरान्ह 11.00 बजे निर्धारित है। बिड ओपनिंग दिनांक 04.06.2025 है।

(2) उक्त निविदा आमंत्रण.सूचना विभागीय बेवसाइट (http//www.mptenders.gov.in) पर प्रदर्शित है।

(3) निविदाऐं, निर्धारित तिथि दिनांक 04.06.2025 को खोली जावेंगी।

(4) कार्य का विवरण :– जिला रीवा के लोक स्वास्थ्य यॉत्रिकी खण्ड रीवा अन्तर्गत कार्यालयीन उपयोग हेतु लेखन सामग्री, फाइल कवर, पैड, कम्प्यूटर कार्टेज, स्याही एवं अन्य समस्त उपयोग होने वाली सामग्री

| ई–टेण्डर नं0 | कार्य का नाम | कार्य की अनु0 लागत (रू. लाख में) | प्रतिभूति राशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 2025_PHED_424163_1 | कार्यालयीन उपयोग हेतु लेखन सामग्री, फाइल कवर, पैड, कम्प्यूटर कार्टेज, स्याही एवं अन्य समस्त उपयोग होने वाली सामग्री | 2.05 | 4100.00 | 2000.00 |

निविदा विभागीय वेबसाइट (http//www.mptenders.gov.in) पर प्रदर्शित है।

G- 13172/25

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड,
रीवा (म0प्र0)



## पश्चिम मध्य रेल

कार्यालय प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक,
प्रथम तल, इंदिरा मार्केट, जबलपुर – 482001.

पत्र सं. बिक्री/1402/मु.मं/डब्ल्यू सी आर ई–निलामी प्रोग्राम/2025-26, दिनांक 20.05.2025

### जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर - 2025 का ई-नीलामी कार्यक्रम

जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर – 2025 के दौरान विभिन्न लोकेशन में मौजूद रद्दी माल की ई–नीलामी कार्यक्रम निम्न प्रकार है:–

| नीलामी का स्थान | सडिपुका/भोपाल | वैगन मरम्मत शॉप/कोटा | जबलपुर मंडल | भोपाल मंडल | कोटा मंडल |
|---|---|---|---|---|---|
| सम्बंधित व्यक्ति | उप मुख्य सा./भोपाल 0755-2747414 | उप मुख्य सा./कोटा 0744-2467082 | व.मं.सा.प्र./जबलपुर 0761-2623491 | व.मं.सा.प्र./भोपाल 0755-4001594 | व.मं.सा.प्र./कोटा 0744-2467006 |
| नीलामी की तिथि जुलाई-2025 | 07.07.2025 | 08.07.2025 | 09.07.2025 | 10.07.2025 | 11.07.2025 |
| | 14.07.2025 | 15.07.2025 | 16.07.2025 | 17.07.2025 | 18.07.2025 |
| | 21.07.2025 | 22.07.2025 | 23.07.2025 | 24.07.2025 | 25.07.2025 |
| नीलामी की तिथि अगस्त-2025 | 07.08.2025 | 08.08.2025 | 11.08.2025 | 12.08.2025 | 13.08.2025 |
| | 14.08.2025 | 18.08.2025 | 19.08.2025 | 20.08.2025 | 21.08.2025 |
| | 22.08.2025 | 25.08.2025 | 26.08.2025 | 28.08.2025 | 29.08.2025 |
| नीलामी की तिथि सितम्बर-2025 | 08.09.2025 | 09.09.2025 | 10.09.2025 | 11.09.2025 | 12.09.2025 |
| | 15.09.2025 | 16.09.2025 | 17.09.2025 | 18.09.2025 | 19.09.2025 |
| | 22.09.2025 | 23.09.2025 | 24.09.2025 | 25.09.2025 | 26.09.2025 |

**नीलामी आइटमः** अनुपयोगी रेल और अन्य पी–वे सामग्री, कार्यालय से जारी सभी अनुपयोगी कास्ट आयरन, अनुपयोगी रॉलिंग स्टॉक, नॉन फेरस एवं नॉन मेटॉलिक स्क्रैप, टर्निंग और बोरिंग, प्रयुक्त तेल, पेंट ड्रम, अनुपयोगी मशीनरी प्लांट, अनुपयोगी वाहन, अनुपयोगी कार्यालय उपकरण, एमएस/जी आई पाइप, फाउंड्री स्लैग और अन्य विविध स्क्रैप आदि।

*उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/बिक्री, कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, जबलपुर.*

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर



## कार्यालय नगर परिषद बैकुण्ठपुर जिला रीवा (म.प्र.)

E-Mail ID - cmobaikuntpur@mpurban-gov-in

क्रमांक 560 / न.परि. / 2025 बैकुण्ठपुर दिनांक 20.05.2025

### अनन्तिम दावा / आपत्ति सूचना

म.प्र. शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के पत्र क्र.–एफ. / एफ.यू.डी.एच. / 9 / 0009 / 2025 / 18–2 भोपाल दिनांक 17.03.2025 एवं संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. शासन भोपाल के पत्र क्रमांक–या.प्र. / 07 / 2025 / 3180 भोपाल दिनांक 18.03.2025 द्वारा दिये गये निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 (बी.एल.सी.) के तहत ऑनलाईन आवेदन पत्रों की जॉच कर पोर्टल में स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने के साथ–साथ पात्र–अपात्र की सूची तैयार करने हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग सिरमौर के आदेश क्र. 381 दिनांक 25-04-2025 द्वारा राजस्व विभाग संयुक्त दल गठित किया जाकर ड्यूटी लगाई गई थी। जिसमें हितग्राहियों का सत्यापन किया गया जिसमें हितग्राही पात्र पाये गये हैं, पात्र हितग्राहियों की सूची कार्यालय पटल पर चस्पा है जिसका प्रकाशन आज दिनांक 20.05.25 को कार्यालय के सूचना पटल पर किया जाता है प्रकाशित सूची में अगर किसी भी हितग्राही को दावा / आपत्ति हो तो दस्तावेजों सबूतों के साथ दिनांक 15 दिवस के अन्दर प्रस्तुत करें, समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

### कार्यालय नगर परिषद बैकुण्ठपुर, जिला–रीवा (म.प्र.)

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में पात्र हितग्राहियो की सूची

| क्र. | हितग्राही का नाम | पिता / पति का नाम | वार्ड क्र. | आधार क्र. | बैंक नाम | आई.एफ.एसी | खाता क्र. | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मोहम्मद नसीम | मो0 सरीफ | वार्ड 11 | 725723516825 | Union Bank of India | UBIN0546658 | 466502010555432 | |
| 2 | मो0 सब्बीर | मो0 सरीफ | वार्ड 11 | 282009499064 | Indian Bank | IDIB000B556 | 59678915939 | |
| 3 | प्रदीप कुशवाहा | रामप्रकाश कुशवाहा | वार्ड 01 | 784594593083 | Union Bank of India | UBIN0546658 | 466502010553758 | |
| 4 | कृष्ण प्रताप सिंह | त्रिभुवन सिंह | वार्ड 05 | 687325389848 | Indian Bank | IDIB000B556 | 21745540294 | |
| 5 | विनोद कुमार कोल | रामसजीवन कोल | वार्ड 04 | 961666345012 | Union Bank of India | UBIN0546658 | 466502010573847 | |
| 6 | दुर्गा मिश्रा | इन्द्रपाल मिश्रा | वार्ड 02 | 991545719292 | Union Bank of India | UBIN0546658 | 466502010559293 | |
| 7 | अभिनन्यू सिंह | बांके सिंह | वार्ड 09 | 379643522490 | Indian Bank | IDIB000B556 | 21745497699 | |

आवास योजना प्रभारी न.प. बैकुण्ठपुर — नोडल (उपयंत्री) न.प. बैकुण्ठपुर — पटवारी तह. सिरमौर — राजस्व निरी. तह. सिरमौर — सी.एम.ओ. न.प. बैकुण्ठपुर — तहसीलदार तहसील सिरमौर — अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग सिरमौर/सेमरिया — कलेक्टर जिला रीवा


## रविदास तिराहे में सीवर लाइन के विरोध में नागरिकों ने किया चक्काजाम

**कटनी।** नगर निगम के वार्ड क्रमांक 4 पर नदीपार स्थित रविदास चौराहे पर स्थानीय लोगों ने सीवर लाइन के चल रहे कार्यो से हो रहीं परेशानियों के विरोध में चक्काजाम कर दिया। बुधवार को सुबह 10 बजे लोगों ने रोड में बैठकर दोनों तरह का रास्ता बंद कर दिया। जिससे लोगों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीवर लाइन के कार्य से रोजाना कोई ना कोई हादसा होते है और नगर निगम द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता है। लगभग एक घंटे तक चक्काजाम चला, जिससे आजाद चौक तक तो दूसरी तरफ बस स्टेंड तक जाम लग गया। सीवर लाइन के काम से नागरिकों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। खुदाई के कारण सड़कों पर गड्ढे बन गए हैं जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। साथ ही धूल और गंदगी के कारण लोगों को सांस लेने में भी दिक्कत हो रही है। शिवनगर कैलवारा रोड पर महीनों से चल रही सीवर लाइन खुदाई के दौरान ठेकेदार की मनमानी और नगर निगम प्रशासन का कुप्रबंधन आए दिन नागरिकों की परेशानी बढ़ा नदी है है। इस गंभीर समस्या से हताश और परेशान नागरिक बुधवार सुबह 10 बजे रविदास तिराहे पर धरने पर बैठ गए। इस वजह से सड़क के दोनों ओर भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। देखते ही देखते सड़क के दोनों न तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। मौके पर मौजूद पुलिस न नागरिकों से बातचीत कर जाम खुलवाने की मशक्कत की लेकिन नागरिक महपौर और निगमायुक्त को मौके पर बुलाने की जिद पर अड़े रहे। इंदिरा गांधी वार्ड के भाजपा पार्षद ओमप्रकाश सोनी ने बताया कि महीनों से यहां सीवर लाईन की खुदाई चल रही है। नागरिकों का यहां से गुजरना दूभर हो गया है। बार-बार नगर निगम अधिकारियों सहित ठेकेदार को इस गंभीर समस्या से अवगत कराने के बाबजूद किसी ने भी नागरिकों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। स्थानीय नागरिक नवनीत गुप्ता ने बताया की सीवर लाइन की खुदाई की बजह लोगो के घरो में गंदा पानी घुस रहा है। पूरा वार्ड गंदगी से सडांध मार रहा हैं। सालों से वार्ड में सीवर की खुदाई चल रही है। विगत दिवस हुई हल्की बरिश के बाद पूरी सड़क कीचड़ और गंदे पानी से सनी हुई हैं। इस संबंध में नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने सीवर लाइन खुदाई के दौरान नागरिकों को हो रही परेशानियों व अन्य समस्याओं की निराकरण जल्द कराये जाने की बात कही है।


## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



## आवश्यकता है

ऑफिस कार्य हेतु महिलाओं एवं युवतियों की योग्यता 10वी 12वीं मान्य सैलरी 500 कमीशन के साथ 10000-15000 महीना कमाएं।
सीघ्र संपर्क करें : मो. 8827300943, 8349969545

RN.82253 (22/5)



## कार्यालय नगर पालिका परिषद, जावरा जिला रतलाम म.प्र.

क्रमांक/76/प्रजाकार्य/ई-टेण्डर/2025 जावरा दिनांक :-20.05.2025

### -: निविदा सूचना :-

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_425100_1 21/05/2025 | CONSTRUCTION OF RETAINING WALL BOTH SIDE RAPAT ROAD MANDIR TO PALACE ROAD MAKBARA UNDER S.D.M.F.SCHEME. | 09 माह वर्षाकाल सहित एवं 5,73,72,547/– | 20,000/– एवं 2,87,000/– | 21/06/2025 |

**नोट :-** निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, जावरा जावरा



## M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED

(Govt. of M.P. Undertaking)
Office of the Addl. Chief Engineer (THC), Tons Hydel Complex
Sirmour-486448 (M.P.), CIN-U40109MP2001SGC14822.
Website : www.mppgcl.mp.gov.in, E-mail : eehqthc@gmail.com, Phone No. : 07660- 260618

### मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना अंतर्गत छात्र प्रशिक्षणार्थियों हेतु एवं वर्षीय On-the-Job-Training (OJT) प्रदान करने के लिए आवेदन हेतु विस्तृत विज्ञापन।

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड जबलपुर मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कंपनी हैं, म.प्र. के स्थानीय निवासी अभ्यार्थियों के लिए जिनकी शैक्षणिक योग्यता आई.टी.आई. (इंजीनियरिंग अथवा नॉन इंजीनियरिंग)/डिप्लोमा (इंजीनियरिंग)/स्नातक (इंजीनियरिंग अथवा नॉन इंजीनियरिंग) उत्तीर्ण हो, से मध्यप्रदेश शासन तकनीकी शिक्षा, कौशल विकाश एवं रोज़गार विभाग द्वारा लागू मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के अंतर्गत इलेक्ट्रीशियन, लाइनमेन, इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी सिस्टम मेंटेनेंस, कम्प्यूटर आपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा), स्टेनों (हिन्दी), स्टेनों (इंगलिश), सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मानव संसाधन एवं अकाउंट जैसे विषयों पर औपचारिक शिक्षा प्राप्त युवाओं को उद्योग उन्मुख एक वर्षीय On-the-Job-Training (OJT) प्राप्त करने हेतु आवेदन आमंत्रित करती हैं। उक्त प्रशिक्षण (एक वर्षीय) हेतु वर्तमान में कुल 559 रिक्तियां हैं, जो कि C.E. (HR&A) कार्यालय जबलपुर, क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर, सारनी, बिरसिंहपुर, चचाई, खण्डवा, जबलपुर, मंदसौर, नागपुर, सिरमौर, उमरिया, अशोकनगर, शहडोल, रीवा, सतना, शिवपुरी में रिक्त हैं।

**नोट -**
01. उक्त रिक्तियां केवल मध्यप्रदेश के स्थानीय निवासी अभ्यार्थियों के लिए हैं, ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने उक्त योजना के तहत पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है, इस योजना हेतु पुन: योग्य नहीं होंगे।
02. अभ्यर्थियों की आयु 18 वर्ष से 29 वर्ष होनी चाहिये, आयु संगणना तिथि 01.01.2025.
03. प्रशिक्षण की अवधि केवल 01 वर्ष (बारह माह) रहेगी।
04. अभ्यर्थी को मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के आनलाइन पोर्टल (**https://mmsky.mp.gov.in/web/candidate/registration**) के माध्यम से आवेदन करना होगा। आनलाइन आवेदन दिनांक 24.04.2025 से प्रारम्भ हो चुके हैं जो दिनांक 05 जून 2025 की रात्रि 12:00 बजे तक भरे जावेंगे। इसके पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकृत नहीं किये जावेंगे।
05. टोन्स जल विद्युत संकुल, सिरमौर के अन्तर्गत चार विद्युत गृहों सिरमौर, सिलपरा, झिन्ना, एवं देवलोंद हेतु कुल 26 रिक्तियां विभिन्न संकाय में उपलब्ध है।
06. पंजीकरण में किसी भी तरह की कठिनाई होने पर जिला स्तरीय आई.टी.आई. से सम्पर्क किया जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/120220/2025 ** बिजली की बचत करें ** अति. मुख्य अभियन्ता (टीएचसी)



## मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल

ई-ऑफर की विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल www.mphousing.in पर उपलब्ध।

यथा स्थिति
आवासीय भवन, शारदा नगर कॉलोनी घूरडांग, बांधवगढ़ कॉलोनी आवासीय भवन क्रय करने का सुनहरा अवसर
(ई.डब्ल्यू.एस. भवन तथा फ्लैट की कीमत में भारी छूट)

ई-ऑफर दिनांक 24.06.2025 रात्रि 11.59 बजे तक आमंत्रित।

| क्र. | संपत्ति का प्रकार | संपत्ति का क्रमांक | भवनों की संख्या | भूखण्ड का क्षेत्रफल (व.मी.) | भवन का क्षेत्रफल (व.मी.) | अपसेट मूल्य (प्रति संपत्ति/रु. लाख) | धरोहर राशि (रु. लाख) | आवेदन शुल्क (रुपये/ जी.एस.टी. सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **युक्तियुक्तीकरण योजनान्तर्गत** शारदानगर कॉलोनी घूरडांग सतना 100 ई.डब्ल्यू.एस. भवन | 5, 7, 8, 9, 10, 12, 40, 45, 46, 47, 49, 76, 77, 78, 79, 81, 82, 83, 84, 85, 87, 88, 89, 90, 91, 109, 110, 116, 118, 119, 120, 123, 124, 125, 142, 143, 152 | 37 नग | 29.50 से 37.00 | 21.45 | 5.92 से 6.53 तक | 1.18/- से 1.31/- तक | 590/- |
| 2. | **युक्तियुक्तीकरण योजनान्तर्गत** बांधवगढ़ कॉलोनी सतना में फ्लैट | **ए-टाइप प्रथम तल** | 1 नग | - | 100.00 | 30.39 | 6.08 | 1180/- |
| | | ए-टाइप द्वितीय तल | 1 नग | - | 100.00 | 30.39 | 6.08 | 1180/- |
| | | ए-टाइप तृतीय तल | 1 नग | - | 100.00 | 30.39 | 6.08 | 1180/- |
| | | ए-टाइप चतुर्थ तल | 1 नग | - | 100.00 | 30.39 | 6.08 | 1180/- |
| | | **बी-टाइप प्रथम तल** | 1 नग | - | 92.50 | 28.25 | 5.65 | 1180/- |
| | | बी-टाइप तृतीय तल | 1 नग | - | 92.50 | 28.25 | 5.65 | 1180/ |
| | | बी-टाइप चतुर्थ तल | 1 नग | - | 92.50 | 28.25 | 5.65 | 1180/- |

**नियम एवं शर्तें :-** (1). आवेदन एवं धरोहर राशि ONLINE/RTGS के माध्यम से जमा होगी। (2). रजिस्टर्ड मोबाइल पर BID-ID प्राप्त होगी। (3). संपत्ति के ऋण हेतु बैंक/वित्तीय संस्थानों से विशेष सुविधा उपलब्ध, अत: ऑफर प्रस्तुत करने से पूर्व संपत्ति का अवलोकन कर लें। स्वयं के कारणों से ऑफर निरस्त कर राशि वापिस मांगने पर धरोहर राशि का 50 प्रतिशत कटौत्रा कर शेष राशि वापिस की जावेगी। शासन/मण्डल द्वारा निर्धारित अन्य कर, शुल्क, प्रभार एवं लीजरेंट इत्यादि पृथक से देय होंगे। (4). मण्डल/शासन के नियम एवं शर्तें लागू। (5). विस्तृत शर्तें एवं नियम विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध।

**(1). आवेदन/धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि 24.06.2025. (2). ऑफर BID डालने की अंतिम तिथि 26.06.2025 शाम 5.00 बजे। (3). ऑफर दिनांक 30.06.2025 को दोपहर 3.00 बजे खोला जावेगा।**

**संपर्क :-** मनोज कुमार द्विवेदी (संपदा अधिकारी) मो. 9131194716, एम.के. द्विवेदी (सहायक यंत्री) मो. 9131194716, आर.के. विश्वकर्मा (संपदा प्रबंधक) मो. 9424318175, MP ONLINE HELP DESK 0755-6720200.


ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023

पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल ऐप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी ऐप डाउनलोड कर सकते हैं।

Follow us on /mphidb /mphidb

Visit us : www.mphousing.in म.प्र. माध्यम/120231/2025

# कैसा मिनी स्मार्ट सिटी, यात्री प्रतीक्षालय तक नहीं



**जागरण अव्यवस्था**

## मिनी स्मार्ट सिटी से सीधी में प्रस्तावित यात्री प्रतीक्षालय लापरवाही की भेंट चढ़ा

### यात्रियों को बैठने के लिए नहीं मिल पा रही जगह



जागरण, सीधी

सीधी शहर को भले ही मिनी स्मार्ट सिटी का दर्जा मिला है, लेकिन यहां मिनी स्मार्ट सिटी जैसी सुविधाएं विकसित नहीं हो पाई। जिला मुख्यालय में आज तक एक भी यात्री प्रतीक्षालयों का निर्माण नहीं हो पाया है। शहर के टैक्सी स्टैंडों एवं चौराहों सहित विभिन्न स्टापेज में यात्रियों को सडक में खड़े होकर वाहनों का इंतजार करना पड़ता है। बैठने एवं छांव की व्यवस्था न होने से महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों को काफी परेशानी हो रही है। मिनी स्मार्ट सिटी के तहत शहर में करीब एक दर्जन यात्री प्रतीक्षालयों का निर्माण होना था लेकिन वह भी नगर पालिका की लापरवाही के भेंट चढ़ गए। मिनी स्मार्ट सिटी मद से शहर के सार्वजनिक स्थलों में यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण किया जाना था, ताकि शहर वासियों को यात्री बस व टैक्सियों के लिए सडक पर बैठकर इंतजार न करना पड़े। इसके लिए करीब एक दर्जन स्थलों का भी चयन किया जा चुका था, लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार निर्धारित समय सीमा में नगर पालिका द्वारा स्थान की उपलब्धता नहीं कराये जाने से चिन्हित स्थलों पर यात्री प्रतीक्षालयों का निर्माण नहीं हो पाया। शहर के विभिन्न चौराहों में यात्री वाहनों का इंतजार करने के लिए यात्रियों की भीड़ जुटती है और यात्रियों को घंटो सडक पर खड़े होकर वाहनों का इंतजार करना पड़ता है। ऐसे स्थलों व चौराहों में मुख्य रूप से शहीद श्यामलाल सिंह तिराहा, सम्राट चौक, लालता चौक, ऊंची हवेली, कलेक्ट्रेट मार्ग मर्चुरी के पास, पुराने यातायात थाने के पास, सिंचाई विभाग कार्यालय के पास सिंगरौली मार्ग सहित अन्य प्रमुख स्थल शामिल हैं। यहां लगने वाले वाहनों व यात्रियों के जमावड़े से सडक हादसों का भी खतरा बना रहता है। उधर मिनी स्मार्ट सिटी के लिए जनप्रतिनिधियों व शहरवासियों ने सूखा नाला के सौंदर्यीकरण पर काफी समय से जोर दे रहे हैं। सूखा नाला के दोनों किनारे पर पीसीसी सड़क व चौपाटी बनाकर पुटपाथी दुकानदारों को जगह उपलब्ध कराई जाए। इससे जहां शहर को वाहनों के भारी दवाब व जाम से निजात मिलेगी, वहीं आमजन को मनोरंजन का स्थल मिल जाएगा। कलेक्ट्रेट मार्ग सूखा नाला पुल से गोपालदास सूखा नाला पुल तक पीसीसी सडक एवं सौंदर्यीकरण का काम पांच वर्ष पूर्व शुरू किया गया था। विडंबना यह है कि सडक़ का निर्माण कार्य तो किसी तरह हुआ लेकिन उसको गोपालदास सूखा नाला मुख्य मार्ग में जोडने की जरूरत नहीं समझी गई। जिसके चलते यह मार्ग आवागवन के रूप में अभी तक समुचित तरीके से शुरू नहीं हो सका है। इस मामले में नगर पालिका के जिम्मेदार पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए हैं। दो वर्षों से नागरिक इंतजार कर रहे हैं कि गोपालदास सूखा नाला के मुख्य मार्ग से सूखा नाला तट पर बनाए गए पीसीसी सडक़ को जोड़ दिया जाए। इसमें ज्यादा खर्च भी नहीं है। फिर भी नगर पालिका के जिम्मेदार इस मामले में पूरी तरह से लापरवाह बने हुए हैं। सूखा नाला के शेष हिस्सों में अतिक्रमण हटाकर पीसीसी सडक का निर्माण कब किया जाएगा इसको लेकर कोई जानकारी सार्वजनिक तौर पर नहीं दी जा रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि यह काम ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।

### टैक्सी स्टैंडों में भी यात्रियों के लिए नहीं है सुविधाएं

जिला मुख्यालयों से विभिन्न रूटों को जाने के लिए जिले में अघोषित रूप से चार टैक्सी स्टैंड संचालित हैं, जहां बड़ी संख्या में ऑटो वाहन व टैक्सियां खड़ी रहती हैं। यहां बड़ी संख्या में यात्रियों की भी भीड़ जुटती है। लेकिन इन टैक्सी स्टैंडों में भी यात्री सुविधा के नाम पर कोई व्यवस्था नहीं है। न तो यहां यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय है और न ही पेयजल आदि की सुविधा। जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### मिनी स्मार्ट सिटी में ये कार्य थे प्रस्तावित

सीधी को मिनी स्मार्ट सिटी बनाने के लिए नगर पालिका ने जो कार्य योजना तैयार की थी उसके अनुसार अमहा तालाब सौंदर्यीकरण, सह स्वीमिंग पुल, मधुरी तालाब, मूड़ी तालाब सौंदर्यीकरण, मेघदूत पार्क का उन्ययन, सर्वोदय चौराहे तक सडक निर्माण, नवीन बस स्टैंड में जरूरी सुविधाएं व व्यावसायिक दुकान निर्माण, यात्री प्रतिक्षालय, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, वीथिका भवन का उन्नयन विकास कार्य, मानस भवन का उन्नयन विकास कार्य सहित कार्य शामिल किए गए थे। अधिकांश कार्य बजट के अभाव में शुरू ही नहीं हो सके।

## आईटीआई प्राचार्य बने विवेक सिंह



**जागरण, सीधी।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कुसमी में प्रशिक्षण अधिकारी के रूप में पदस्थ विवेक सिंह का चयन एमपीपीएससी के माध्यम से आईटीआई प्राचार्य के रूप में हुआ है। विवेक सिंह के चयन पर उनके शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है। विवेक सिंह पिता ईश्वरदीन सिंह निवासी ग्राम बहरी, जिला रीवा वर्ष 2017 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्रशिक्षण अधिकारी के रूप में चयनित हुए थे। एमपीपीएससी परीक्षा 2023 में चौथी रैंक हासिल करते हुए विवेक सिंह प्रथम श्रेणी अधिकारी के रूप में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य पद हेतु चयनित हुए हैं। उनके चयन पर शुभम सिंह, मनीष धुर्वे, अभिषेक सिंह, रविकांत शुक्ला, दिनेश प्रजापति, लवकेश पटेल, नीरज शर्मा, दीपांजय गौतम, कुनसतलाल प्रजापति, योगेश कुशवाहा और अमन विश्वकर्मा सहित अन्य साथी कर्मचारी एवं सहयोगियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## फैज के नज्म लाजिम है में गैर वाजिब पाबंदी: सोमेश्वर

**जागरण, सीधी।** जुल्म के खिलाफ प्रतिरोध की रचनाएं हमेशा जुल्मी शासकों के आंख की किरकिरी बनी रहती है। एफ्रो एशिया के महान शायर फैज अहमद फैज की लोकप्रिय नज्म लाजिम है कि हम भी देखेंगे ने इस उपमहाद्वीप के तानाशाहों को बेचैन कर रखा है। देश में इस गीत की अलग-अलग व्याख्या करके इसे गाने वालों पर गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाते रहे हैं। ताजा मामला नागपुर का है, जहां एक कलाकार की स्मृति सभा में फैज की रचना हम देखेंगे की कुछ पंक्तियां पढ़ी गई। नागपुर पुलिस ने इन पंक्तियों को माओवादी विचारधारा से प्रेरित बताकर तीन लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रसिद्ध कलाकार वीरा साथीदार की स्मृति में आयोजित सभा में समता कला मंच की एक महिला सदस्य ने फैज की कविता की कुछ पंक्तियां पढ़ी थी। मप्र प्रगतिशील लेखक संघ इकाई सीधी के अध्यक्ष सोमेश्वर सिंह ने एक बयान में नागपुर पुलिस की इस कार्यवाही का विरोध करते हुए दर्ज प्रकरण वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा कविता की मनमानी व्याख्या की गई है। इस आधार पर कविता पढ़ने और गाने वालों पर प्रकरण दर्ज करना कानून की धाराओं का दुरुपयोग है। यह कविता देश की अनेक पत्र पत्रिकाओं, पुस्तकों में प्रकाशित है। क्या माओवाद से प्रेरित बताकर पुलिस उन्हें जप्त करेगी। सोमेश्वर सिंह ने आगे कहा कि फैज ने यह नज्म 1979 में पाकिस्तान तानाशाह जनरल जिया उल हक के कार्यकाल में लिखी थी। पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख जिया उल हक 1977 में तख्ता पलट करके सत्ता में आए थे। यह नज्म तानाशाही, दमन, अन्याय के खिलाफ प्रतिरोध स्वरूप फैज ने लिखी थी। जिसका संदेश सार्वभौमिक है। जो प्रेम, मुक्ति और सामाजिक बदलाव का प्रतीक है। वहां की सरकार ने तब इस कविता के गायन पर प्रतिबंध लगाया था।

## जमोड़ी में हुआ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**जागरण, सीधी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में सुश्री सरिता चौधरी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी द्वारा दिनांक 21 मई को ग्राम पंचायत जमोड़ी में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में सुश्री सरिता चौधरी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी द्वारा उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराते हुए बताया गया कि आज के बदलते दौर में महिलाओं की भूमिका सिर्फघर तक सीमित नहीं रही वे शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, रक्षा, उद्यमिता और हर क्षेत्र में नई उंचाइयों को छू रही है। सरकार एवं समाज के संयुक्त प्रयासों से महिलाओं को समान अधिकार, सम्मान और अवसर देने की दिशा में अनेक पहल की जा रही है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सखी वन स्टॉप सेंटर जैसी योजनाओं एवं बाल विवाह निषेध अधिनियम, भरण-पोषण एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम के संबंध में जानकारी दी गई। उपस्थित ग्रामीण वासियों को निःशुल्क विधिक सहायता योजना, नालसा हेल्पलाईन नं. 15100, नालसा पोर्टल, पीड़ित प्रतिकर योजना, लोकोपयोगी लोक अदालत, मध्यस्थता योजना की जानकारी दी गई। उक्त शिविर में सुश्री सरिता चौधरी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सीधी, सचिव ग्राम पंचायत जमोड़ी विनोद सिंह सेंगर, पैरालीगल वालेंटियर्स श्रीमती आशा शुक्ला, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण एवं ग्रामीण जन उपस्थिति रहे।

## फरार एनडीपीएस का आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी अरविन्द श्रीवास्तव व डीएसपी सीधी श्रीमती गायत्री तिवारी के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी जमोड़ी उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व मे जमोड़ी पुलिस द्वारा कोरेक्स नशीली कफ सीरफ बिक्री करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर जेल पहुंचाया गया। थाना जमोड़ी जिला सीधी में दिनांक 20 जनवरी 2025 को मुखविर सूचना के आधार पर कार्यवाही कर नौढ़िया में रेड कार्यवाही की गई थी जिसमे एक व्यक्ति नीले रंग का झोला रखे बैठा था, जो पुलिस को देखकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए झोला को वहीं फेंककर घर के पीछे तरफसे भाग गया, जिसकी पहचान राहुल कोल पिता दलिया कोल निवासी झिंगाझर के रूप में हुई थी। आरोपी द्वारा फेके गये झोलें को खोलकर तलाशी ली गई जिसमे अवैध नशीली कफ सिरप पाई गई थी जिसे समक्ष गवाहों के जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 5/13 मप्र ड्रग्स कण्ट्रोल अधिनियम एवं 8/21, 22 एनडीपीएस एक्ट अपराध पंजीबंध किया गया था। उक्त मामले मे फरारशुदा आरोपी राहुल कोल पिता दलिया कोल निवासी झींगाझार हाल नौढ़िया थाना जमोड़ी जिला सीधी को दिनांक 20 मई को गिरफ्तार किया जाकर आज दिनांक 21मई को न्यायालय एनडीपीएस एक्ट सीधी पेश किया गया।

## सुधांशु मिश्रा ने 12वीं में किया टॉप



**जागरण, सीधी।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सीधी के छात्र सुधांशु मिश्रा ने मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की 12वीं गणित ग्रुप की परीक्षा में 89 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय एवं परिवार का मान बढ़ाया। सुधांशु मिश्रा सीधी जिले के रामपुर नैकिन तहसील अंतर्गत ग्राम भितरी के निवासी हैं और इनके पिता एवं माता दोनो शिक्षक हैं। पिता अरविंद मिश्रा एवं माता अनुराधा मिश्रा बेटे की लगन एवं मेहनत से काफी प्रसन्न हैं। उनके बब्बा भी शिक्षक पद पर रहे हैं तथा बड़े पिता केके मिश्रा पीडब्ल्यूडी में इंजीनियर पद पर पदस्थ हैं। मेधावी छात्र सुधांशु मिश्रा की उक्त सफलता पर शिक्षकों, परिजनों, ईष्ट मित्रों एवं परिचितों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सीधी की डब्ल्यूपीएल खिलाड़ी संस्कृति का भव्य स्वागत





**जागरण, सीधी।** राष्ट्रीय पटल पर सीधी सहित मध्य प्रदेश का मान बढ़ाने वाली सीधी की बेटी एवं डब्ल्यूपीआई खिलाड़ी सुश्री संस्कृति गुप्ता के आज प्रथम नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। संस्कृति गुप्ता ने मुंबई इंडियंस को ट्रॉफी जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राजकुमार गुप्ता की बेटी सुश्री संस्कृति गुप्ता के प्रथम नगर आगमन पर अभिनव ट्रेडर्स जमोड़ी सीधी में जिला कांग्रेस कमेटी सीधी अध्यक्ष ज्ञान सिंह चौहान ने सैकड़ों युवाओं के साथ उपस्थित होकर भव्य स्वागत किया। सीधी की गौरव संस्कृति गुप्ता ने आईपीएल क्रिकेट अंडर 19 में अपना दबदबा बनाया है।

## लोगों की स्वास्थ्य रक्षा एवं स्वावलंबी बनाने में जुटे मृगेन्द्र



**जागरण, सीधी।** लोगों की स्वास्थ्य रक्षा एवं स्वावलंबी बनाने में सीधी जिले के रघुनाथपुर निवासी मृगेन्द्र गौतम पूरी तन्मयता के साथ जुटे हुए हैं। बकौल मृगेन्द्र गौतम के वे करीब 5 वर्ष से आरसीएम से जुडे हुए हैं। यह राइट, कान्सेप्ट मार्केटिंग है, जो कि स्वास्थ्य रक्षा, स्वावलंबन और महिला सशक्तीकरण में कार्य करती है। आरसीएम से जुड़ने पर रायल्टी जैसी इनकम भी मिलती है। उनको वर्ष 2019 में आरसीएम के संबंध में जानकारी मिली जिसके बाद उन्होने एक साल तक मन लगाकर पढ़ाई की और पूरी जानकारी हांसिल किए। अब वह 19 सितंबर 2020 से फुल टाइम राइट कान्सेप्ट मार्केटिंग स्वदेशी कंपनी आरसीएम को दे रहे हैं। श्री गौतम ने कहा कि वर्तमान में देश में दो समस्याएं गंभीर हैं। यह समस्याएं बीमारी और बेरोजगारी है। आरसीएम से जुड़कर इन समस्याओं को पूरी तरह से दूर किया जा सकता है। आरसीएम के प्रोडक्ट से गैस, सुगर, बीपी, थायराइड, हाइपरटेंशन, कोलेस्ट्राल, बवासीर, पाइल्स समेत अन्य तरह की बीमारियों को 6 महीने के अंदर ठीक और कंट्रोल किया जा सकता है। उन्होने कहा कि उनके साथ सीधी जिले के रामपुर नैकिन ब्लॉक से लगे 30 से 35 गांव के लोग साथ मिलकर चल रहे हैं। ग्राम पटना, सरदा, मझिगवां, मलगांव, खारा, खरहना, भरतपुर, कपुरी, रैदुअरिया कला, रैदुअरिया खुर्द, बाघड़ खास, शिकारगंज, कराई, अर्जुन नगर, बघवार, नैकिन आदि में टीम भावना के साथ काम हो रहा है।

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**जागरण, सीधी।** कांग्रेस कार्यालय जवाहर भवन सीधी में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उक्त अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी सहित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने राजीव के व्यक्तित्व कृतित्व और राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने राजीव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि 21वीं सदी के भारत के निर्माण में राजीव जी अग्रणी भूमिका रही है। राजीव गांधी एक दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने अपने नेतृत्व और आधुनिक सोच से देश को प्रगतिशील दृष्टिकोण प्रदान कर दिशा दी। उनके निर्णयों ने भारत को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाया। उनका योगदान हमारे लिए प्रेरणास्रोत है और उनकी स्मृति हमारे दिलों में सदैव जीवित रहेगी। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से महिला प्रदेश महामंत्री कुमुदिनी सिंह, उपाध्यक्ष आकाश सिंह रिंकू, प्रवक्ता पंकज सिंह, भूपेंद्र सिंह, दिलीप सितानी, ओंकार सिंह, रजनीश श्रीवास्तव, राजबहोर जायसवाल, अरविंद तिवारी, कृतिम सिंह, रेखा सिंह, पुष्पा सिंह, तारा सिंह, दिनेश, सानेंद्र सिंह सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 से 12 जून तक

**जागरण, सीधी।** भारत सरकार के कृषि विभाग द्वारा खेती को उन्नत और लाभकारी बनाने के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान 29 मई से 12 जून तक चलाया जाएगा। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया है कि अभियान के तहत संभाग के सभी जिलों में अधिकारियों और कृषि विशेषज्ञों के तीन-तीन दल क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। किसानों तथा आमजनता से संवाद करके कृषि के विकास के संबंध में सुझाव लिए जाएंगे। साथ ही किसानों को खेती को आधुनिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण सलाह भी दी जाएगी। अभियान के दौरान खेती की उन्नत तकनीक फसलों के आधुनिक और उन्नत बीज, कृषि में किए जा रहे नवाचार, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण तथा कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक के उपयोग के संबंध में किसानों को जानकारी दी जाएगी। अभियान के दौरान किसानों को धान की सीधी बुआई, सोयाबीन फसल को रिजफेरो प्रणाली से लगाने तथा खरीफ फसल की तैयारी के संबंध में किसानों को मार्गदर्शन दिया जाएगा।

## दो अलग-अलग नाबालिक किशोरियों को किया गया दस्तयाब



**जागरण, सीधी।** गुम बालिकाओं की दस्त्याबी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत 2 अलग-अलग नाबालिक किशोरियों को आज फिर सीधी पुलिस नें दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वाराए गुमशुदा बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहतए पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के कुशल निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव व संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन तथा संबंधित थाना प्रभारियों के नेतृत्व में सीधी पुलिस ने गुम हुई 2 अलग-अलग नाबालिक किशोरियों को ढूंढ़कर वैधानिक कार्रवाई उपरांत परिजनों के सुपुर्द किया गया। पहले मामेल में थाना जमोड़ी मे दिनांक 21 फरवरी 2024 को थाना उपस्थित आकर इस आशय की रिपोर्ट किया कि उनकी नाबालिक बेटी दिनांक 16 फरवरी 2024 को घर से निकली और अभी तक वापस नही आई, आस पड़ोस एवं नाते रिश्तेदारी सभी जगह पता तलाश करने पर कोई पता नही चला। लगता है। कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट थाना जमोड़ी में धारा 363 भाण्दण्विण् का मामला पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना मे लिया गया दौरान विवेचना पुलिस टीम के अथक प्रयास, एवं तकनीकी दक्षता के फलस्वरूप पुलिस टीम लापता किशोरी को रत्नागिरी महाराष्ट्र से ढूंढ़कर दस्तयाब करते हुए थाना लाई जिसे वैधानिक कार्रवाई के पश्चात परिजनों को सुपुर्द किया गया है। समस्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी जमोड़ी उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी, सउनि वीरभान साकेत, प्रआर महाराणा प्रताप सिंह, महिला प्रआर किरण मिश्रा आरक्षक अभिषेक तेंदुलकर एवं सायबर सेल से कृष्णमुरारी द्विवेदी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वहीं दिनांक 2 फरवरी 2025 को फरियादी थाना रामपुर नैकिन में उपस्थित आकर इस आशय की रिपोर्ट लेख कराया कि उसकी नाबालिक लड़की उम्र 14 वर्ष घर मे बिना किसी को बताये कही चली गई है। लगता है कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना रामपुर नैकिन मे धारा 137(2) बीएनएस का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना दिनांक 20 मई 2025 को नाबालिक लड़की को रीवा से दस्तयाब किया जाकर वैधानिक कार्यवाही उपरांत परिजनों को सुपुर्द किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीण् सुधांशु तिवारी, उनि चक्रधर प्रजापति, आरक्षक महेन्द्र तिवारी एवं सायबर सेल सीधी से कृष्ण मुरारी द्विवेदी की अहम भूमिका रही।

# रामपुर नैकिन में चल रहा मादक पदार्थ का अवैध गोरख धंधा

## मेडिकल स्टोरों में बिक रही नशीली सिरप एवं टैबलेट

### नशे के कारोबारी पैसे के दम पर फैला रहे गोरखधंधा



जागरण, सीधी

जिले के थाना क्षेत्र रामपुर नैकिन अंतर्गत जगह-जगह पर मादक पदार्थों की खुलेआम बिक्री की जा रही है। शहर से लेकर गांव तक मिलने वाली नशीली सिरप एवं गोलियों का कारोबार बड़े जोर-शोर से फल-फूल रहा है। वहीं आने वाली नई पीढ़ी को नशे के व्यापारियों द्वारा पूरी तरह से नशेड़ी बना रहे हैं। जबकि जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा मुहिम चलाकर नशे के अवैध कारोबार को रोंकथाम के लिए बड़े पैमाने पर कार्यवाही की जा रही है। लेकिन रामपुर नैकिन थाना क्षेत्र अंतर्गत नशीली दवाइयों एवं सिरप का कारोबार गांव-गांव में जोरों से चलाया जा रहा है। जानकारों का कहना है कि पुलिस विभाग के कुछ पुलिस कर्मियों द्वारा इस पूरे गोरखधंधे को जानते हुए भी कार्यवाही न करते हुए बिचौलियों से सांठ-गांठ बनाकर पूरे कारनामे को अंजाम दिया जा रहा है। जिसके कारण नशे के कारोबारी खुलेआम नई पीढ़ी को बर्बाद करने में कोई कोर कसर नहीं छोंड़ रहे हैं। कुछ लोगों ने बताया कि थाना क्षेत्र रामपुर नैकिन अंतर्गत कई मेडिकल दुकानों में नशीली सिरप एवं दवाओं का कारोबार चलाया जा रहा है। खास कोड़ के माध्यम से लोग दुकान में जाकर उक्त नशीले मादक पदार्थ की मांग करते हैं तभी दुकानदार उन्हें नशीली दवाइयां उपलब्ध कराते हैं। सही मायने पर मेडिकल स्टोरों एवं कई चुनिंदा पान की दुकानों एवं अन्य प्रतिष्ठानों पर पुलिस एवं प्रशासन द्वारा तरीके से अभियान चलाकर जांच की जाए तो कई लाखों से ऊपर की नशीले मादक पदार्थ की जप्ती की जा सकती है। लेकिन नाम के लिए मुहिम चलाई जाती है। इसी वजह से नशीली दवाओं के बिचौलिए निष्फिक्र होकर खुलेआम आने वाली नई पीढ़ी को बर्बाद करने में जुटे हुए हैं।

## महावि. मझौली में सफलता के मंत्र का हुआ प्रसारण

**जागरण, सीधी।** आयुक्त उच्च शिक्षा मध्य प्रदेश शासन भोपाल के निर्देशों के अनुपालन एवं शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली की प्राचार्य डॉ. गीता भारती के मार्गदर्शन में सफलता के मंत्र कार्यक्रम का सीधा प्रसारण महाविद्यालय में दिखाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा 2024 में चयनित प्रदेश के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपनी प्रतिभा के माध्यम से प्रदेश और राष्ट्र का नाम रोशन करें। राजा विक्रमादित्य एवं लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के सुशासन एवं न्यायप्रियता को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवाओं में चयनित सभी प्रतिभाशाली युवा उसी परंपरा के वाहक है। कार्यक्रम में उपस्थित उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार ने सिविल सेवा में चयनित प्रदेश के विद्यार्थियों के स्वर्णिम भविष्य की शुभकामना दिए।

# फाइलों को देखकर जारी होते हैं वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र

## जिला परिवहन कार्यालय में मनमानी, चल रहा बाबू राज



सीधी आरटीओ ऑफिस

जागरण, सीधी

जिले में परिवहन विभाग का भ्रष्टाचार सिर्फ ड्राइविंग लाइसेंस तक ही सीमित नहीं है। बल्कि भ्रष्टाचार की आंच वाहनों के फि टनेस जांच तक फैली हुई है। बताया गया है कि यहां वाहनों की फि टनेस जांच में भी जमकर धन उगाही होती है। फिटनेस बनवाने की आस लिए लिए परिवहन कार्यालय आने वाले वाहन स्वामियों को अपनी जेबे ढीली करनी पड़ रही हैं। ऐसा भी नहीं कि जिन वाहनों की कंडीशन बेहतर है तो उन्हें फिटनेस के लिए चढ़ोत्री नहीं चढ़ानी पड़ती, परिवहन अधिकारी को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। वाहन चाहे पुराना हो या नया, फिटनेस बनवाना है तो पैसे देने पड़ेंगे। परिवहन कार्यालय में जारी इस प्रकार की मनमानी से वाहन स्वामियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हे। अर्थात परिवहन कार्यालय में इन दिनों ड्राइविंग लायसेंस बनवाने से लेकर फिटनेस आदि मे रिश्वत के तौर पर जमकर लूट की जा रही है। कार्यालयों में तैनात पटल कर्मचारी बाबू अपने एजेंटों के माध्यम से लाइसेंस बनवाने वाले अभ्यर्थियों और फि टनेस जांच कराने वाले वाहन स्वामियों को अपने झांसे में लेते हैं। पांच से दस हजार रुपये लेकर लाइसेंस और फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करते हैं। इस सिस्टम में पटल कर्मचारी और उनके एजेंट ही नहीं बल्कि अफसर भी शामिल हैं। जिनके टेबल तक सुविधा शुल्क का कमीशन पहुंचता है। जानकारों के अनुसार वाहन प्राइवेट बसें, स्कूल बसें, ट्रक हो या जीप और टैक्सी। सड़कों पर दौड़ने वाली व्यावसायिक गाड़ियां कागजों में तो फिट रहती हैं लेकिन अधिकतर का न लाइट सही होता है और न इंजन। सड़कों पर धूआं देती हुई चलने वाली इन गाड़ियों में परावर्ती टेप तक नहीं लगा होता है। यह तब है जब सरकार वाहनों के फि टनेस को लेकर बेहद सतर्क है। अब तो अपनी आयु पूरी करने वाले वाहनों को स्क्रैप कबाड़ घोषित करने की योजना शुरू हो गई है। लेकिन परिवहन विभाग की मनमानी शासन के दिशा-निर्देशों पर भारी पड़ रही है।

### वाहनों को देखने की जहमत भी नहीं उठाते

बता दें कि जिन वाहन स्वामियों द्वारा अपने वाहन के फिटनेस आदि के लिए रिश्वत के तौर पर रकम दे दी जाती है, उनकी फिटनेस देखने की परिवहन अधिकारी कर्मचारी जहमत तक नहीं उठाते। अर्थात वाहन को बिना देखे ही उनके प्रमाण पत्र जारी कर रहे हैं। इसका फायदा वो वाहन स्वामी उठा रहे हैं जिनके वाहन कंडम होने के चलते सड़क पर चलने लायक नहीं हैं। आये दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं के पीछे परिवहन विभाग की लापरवाही प्रमुख मानी जा रही है।

### फिटनेस प्रमाण पत्र के लिए होती है इनकी जांच

जानकारों की मानें तो वाहन फिटनेस गाड़ी का इंजन, हार्न, आगे और पीछे की लाइट व इंडीकेटर, सीट, फाग लाइट, फस्टेड बाक्स, रिफ्लेक्टर, सफाई, डेंट-पेंट तथा नंबर प्लेट आदि की जांच होती है। लेकिन यहां परिवहन अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा वाहनों की जांच नहीं की जाती। रिश्वत लेने के बाद सब कुछ ओके कर दिया जाता है।

### ऐसे बनता है फिटनेस प्रमाण पत्र

व्यावसायिक वाहनों के पंजीकरण के समय ही बनता है दो साल के लिए फि टनेस प्रमाण पत्र। दो साल के बाद प्रत्येक वर्ष जांच के बाद एक वर्ष के लिए फि टनेस प्रमाण पत्र बनता है। वहीं गैर व्यावसायिक वाहनों के लिए 15 साल के लिए फिटनेस प्रमाण पत्र बनाया जाता है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# भीतर के दुश्मनों से बचने खुफिया तंत्र बढ़ाए चौकसी

> भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बीच कुछ देश विरोधी तत्वों का पर्दाफाश होना चौंकाता है कि कैसे कुछ लोग पैसे व शानोशौकत के लालच में देश की सुरक्षा व लोगों का जीवन भी दांव पर लगा देते हैं। देश के भीतर ये दुश्मन बेहद घातक हैं।

पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी आईएसआई से ताल्लुक रखने पर पिछले दिनों हरियाणा, पंजाब व यूपी के कुछ लोगों की गिरफ्तारी ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। ये एक गंभीर चुनौती है और हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों और खुफिया संस्थाओं को अब इस चुनौती को गंभीरता से लेना होगा। माना जा रहा है कि ये तत्व न केवल जासूसी में लिप्त थे बल्कि भारत विरोधी प्रचार का भी हिस्सा थे। जो देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ ही सांप्रदायिक सद्भाव को भी खतरे में डाल सकते हैं। यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि हरियाणा की रहने वाली सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ज्योति कथित तौर पर हाल के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के एक कर्मचारी के संपर्क में थी, जिसे हाल ही में भारत विरोधी गतिविधियों के लिये देश से निकाला गया। इस मामले में चल रही जांच से पता चला है कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले से पहले ज्योति कश्मीर गई और उससे पहले पाकिस्तान गई थी। उस पर पाक के खुफिया अधिकारियों को संवेदनशील जानकारी देने के आरोप हैं। यूपी और पंजाब में मालेरकोटला के दो-दो लोगों को भी जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उम्मीद है कि पूछताछ में ऐसे सबूत मिल सकते हैं जो भारत के खिलाफ बड़ी साजिशों का खुलासा कर सके।

बहुत संभव है कि जासूसी कांड में लिप्त ये भारतीय बड़े आर्थिक प्रलोभनों के लालच में पाक एजेंटों के जाल में फंसे हों। आने वाले वक्त में कई ऐसे जासूसों का खुलासा हो सकता है, जो आतंकवादियों को भारत पर हमला करने का इनपुट दे रहे हों। केंद्र सरकार, मीडिया और जनता को मिलकर ऐसे तत्वों को बेनकाब करने में मदद करनी चाहिए ताकि देश मे छुपी इन काली भेड़ों को बाहर किया जा सके। एक छलकपट वाले सूचना युद्ध के माध्यम से देश को नुकसान पहुंचाने की आईएसआई की साजिश को सख्ती से नाकाम किया जाए। विडंबना है कि पाकिस्तान भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गलत फायदा उठा रहा है। वह सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ज्योति का इस्तेमाल न केवल जासूसी के लिये कर रहा था बल्कि भारत के खिलाफ प्रचार तथा पाक की छवि को सुधारने के लिये भी कर रहा था। ज्योति पर आरोप है कि वह सोशल मीडिया के जरिये पाक की उजली छवि गढ़ रही थी। आरोप ये भी कि उसकी एक पाक खुफिया अधिकारी से अंतरंगता रही है, जिसके साथ वह बाली घूमने भी गई थी। पाक दूतावास की एक पार्टी के वीडियो में भी वह नजर आई है। दरअसल, विदेशी खुफिया एजेंसियां टेलीग्राम, स्नैपचैट व व्हाटसएप आदि के जरिये भारतीय मददगारों से संपर्क साध रही हैं, जिस पर हमारी प्रवर्तन एजेंसियां आसानी से नजर नहीं रख सकती। पुलिस को आधुनिक उपकरणों के साथ इस बाबत कुशल प्रशिक्षण देना चाहिए। बहरहाल, देश विरोधी तत्वों की निगरानी तेज करना वक्त की जरूरत है।

# तुर्किए की चंद कंपनियों को रोकना पर्याप्त नहीं

अन्तर्राष्ट्रीय संबंध

पुष्परंजन




> प्रधानमंत्री मोदी का यह वाक्य 'ट्रेड और टेरर साथ-साथ नहीं चल सकता।' मुझे लगता है, इसमें थोड़ा संशोधन की जरूरत है। अगर सचमुच इस थ्योरी पर पूरी दुनिया चलना शुरू करे, तो 193 में एक-चौथाई देश ही कारोबार के लिए रह जायेंगे। पूरी दुनिया में क्रॉस बॉर्डर टेररिज्म के साथ-साथ कारोबार भी चल रहा है। एर्दोआन जिस तरह पाकिस्तान के कंधे पर बंदूक रखकर भारत को साध रहे हैं, उनका इलाज, उन्हीं की भाषा में किया जाना चाहिए।

तुर्किये के राष्ट्रपति रिसेप तैय्यिप एर्दोआन अपनी प्रशंसा से गदगद हैं। पाकिस्तान में तुर्किये के राजदूत इरफान नेजीरोग्लू के साथ मुलाकात के दौरान शहबाज शरीफ ने कहा, 'राष्ट्रपति एर्दोआन ने एक बार फिर पाकिस्तान के लोगों के प्रति अपने प्यार का प्रदर्शन किया है। उन्होंने पाकिस्तान-तुर्किये भाईचारे के इतिहास में एक नया और गौरवशाली अध्याय जोड़ा है।' लेकिन, तुर्किये की इस करतूत के खिलाफ भारत में लगातार गुस्से का इजहार किया जा रहा है। यह विडम्बना ही है, भारत के खिलाफ युद्ध के लिए उकसाने वाला तुर्किये, इन दिनों रूस-यूक्रेन के बीच शांति वार्ता की मेजबानी कर रहा है। लेकिन क्या तुर्किये का इलाज उसकी चंद कंपनियों को भारत में काम करने से रोकने, तुर्किये के विश्वविद्यालय इनोनु के साथ जेएनयू का शैक्षणिक एक्सचेंज समझौता रद्द कर देने भर से सम्भव है?

प्रश्न यह भी है, कि क्या जेएनयू को ऐसा कोई निर्देश मानव संसाधन मंत्रालय से गया था, कि इनोनु से 2028 तक हुआ 'एमओयू' तोड़ दो? जेएनयू का चीनी विश्वविद्यालयों के साथ विभिन्न शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के लिए एमओयू हो चुका है। इनमें संयुक्त शोध परियोजनाएं, शिक्षक-छात्र आदान-प्रदान कार्यक्रम, और पाठ्यक्रम विकास शामिल हैं। जेएनयू के 'ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ़ एकेडमिक नेटवर्क' ने दुनिया भर के विश्वविद्यालयों के साथ 35 से अधिक पाठ्यक्रम संचालित किए हैं। संयुक्त शोध परियोजनाओं पर पेइचिंग विश्वविद्यालय के साथ साझेदारी भी की है। तुर्किये समेत इन सभी देशों से भारत के कूटनीतिक सम्बन्ध सामान्य चल रहे हैं। फिर, तुर्किये के विश्वविद्यालय 'इनोनु' के साथ जेएनयू का शैक्षणिक एक्सचेंज समझौता स्वतः स्फूर्त तरीके से रद्द कर देना, कई सवाल खड़े कर देता है। तुर्किये के विश्वविद्यालय के साथ ऐसा कर सकते हैं, तो चीनी विश्वविद्यालयों के साथ क्यों बगलगीर हैं? भारत-पाक युद्ध में चीनी मिसाइलें छूट रही थीं। चीनी रक्षा प्रणाली नहीं होतीं, तो पाकिस्तान की मिट्टी-पलीद हो जाती। लेकिन चीन के विरुद्ध चूं नहीं बोला जा रहा है। राष्ट्रपति रिसेप तैय्यिप एर्दोआन का दोहरा चरित्र किसी से छिपा नहीं है। छद्म राष्ट्रवाद के बहाने तुर्किये की जो दुर्दशा एर्दोआन कर रहे हैं, उसकी हालिया मिसाल एक रिपोर्ट है, जिसमें जानकारी दी गई, कि तुर्किये के दस में केवल चार युवाओं को ही रोजगार मिल सका है। एर्दोआन, ट्रंप की गुडबुक में आने के वास्ते दिलोजान से लगे हुए हैं। अमेरिकी सांसदों के एक द्विदलीय समूह ने 7 मई, 2025 को राष्ट्रपति ट्रम्प को लिखे एक पत्र में तुर्किये को एफ-35 जेट की किसी बिक्री का विरोध किया है। पत्र में चेतावनी दी गई, कि तुर्किये द्वारा एस-400 सिस्टम को बनाए रखना, उसे नाटो और अमेरिकी तकनीक के साथ असंगत बनाता है। सांसदों ने उल्लेख किया, कि 2019 में 'काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट' के तहत तुर्किये को एफ-35 ज्वाइंट स्ट्राइक फाइटर प्रोग्राम से हटा दिया गया था। उन्होंने चेतावनी दी, कि तुर्किये को फिर से शामिल करना, उस कानून का उल्लंघन होगा, जो एस-400 के चालू रहने के दौरान एफ-35 के पुर्जों, या सहायता के हस्तांतरण पर रोक लगाता है। ट्रंप-एर्दोआन दोस्ती से अलहदा, भारत-तुर्किये दोस्ती पर हम वापस लौटते हैं। इस समय सरकारी से अधिक प्राइवेट प्रतिबंधों का दौर शुरू है। ली ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी, ईजी ट्रिप प्लानर्स और कॉक्स एंड किंग्स सहित प्रमुख भारतीय ट्रैवल प्लेटफॉर्म ने तुर्किये और अजरबैजान के लिए प्रचार और सेवाएं भी स्थगित कर दी हैं। कॉक्स एंड किंग्स के एक कार्यकारी करण अग्रवाल ने कहा, कि कंपनी स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रही है, और स्थिति में सुधार होने पर परिचालन फिर से शुरू करने पर विचार करेगी। भारत के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के अनुसार, 2024 में लगभग पांच लाख भारतीयों ने तुर्किये का दौरा किया था, जो 2019 के आंकड़ों से दोगुना है। पिछले साल भी अजरबैजान में 80,000 से ज़्यादा भारतीय पर्यटक आए थे। निश्चित रूप से इसका असर इन देशों के पर्यटन व्यवसाय पर पड़ेगा।

भारत ने वित्त वर्ष 2024 में तुर्किये को 3,885 वस्तुओं का निर्यात किया, जो कुल जमा 6.66 बिलियन अमेरिकी डॉलर का था। इसी अवधि में भारत ने तुर्किये से 2,482 वस्तुओं का आयात किया, जिसकी कीमत 3.78 बिलियन अमेरिकी डॉलर थी, यानी इस आयात-निर्यात में फायदा भारत को ही हो रहा था। डबल से थोड़ा कम। सेन्ट्रल बैंक ऑफ तुर्किये के अनुसार, 'भारतीय कंपनियों ने तुर्किये में लगभग 126 मिलियन डॉलर का निवेश किया है। इधर भारत में तुर्किये का निवेश लगभग 210.47 मिलियन डॉलर है। अंकारा स्थित भारतीय दूतावास के अनुसार, 'तुर्किये में पंजीकृत प्रमुख भारतीय कंपनियों में ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड, महिंद्रा, सोनालीका, टाटा मोटर्स, जिंदल, इंडो-रामा, बिड़ला सेल्यूलोज, पॉलीप्लेक्स, जीएमआर इन्फ्रास्ट्र.र, मेरिल लिंच, पुंज लॉयड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, थर्मैक्स, विप्रो, डाबर, जैन इरिगेशन जैसी 150 भारतीय कम्पनियां हैं।' लाखों लोगों का रोजगार इससे चल रहा है। तो क्या सारी कंपनियों पर ताला लगा देना चाहिए?

प्रधानमंत्री मोदी बार-बार यह वाक्य अपने भाषणों में इस्तेमाल कर रहे हैं, 'ट्रेड और टेरर साथ-साथ नहीं चल सकता।' मुझे लगता है, इसमें थोड़ा संशोधन की जरूरत है। अगर सचमुच इस थ्योरी पर पूरी दुनिया चलना शुरू करे, तो 193 में एक-चौथाई देश ही कारोबार के लिए रह जायेंगे। पूरी दुनिया में क्रॉस बॉर्डर टेररिज्म के साथ-साथ कारोबार भी चल रहा है। एर्दोआन जिस तरह पाकिस्तान के कंधे पर बंदूक रखकर भारत को साध रहे हैं, उनका इलाज, उन्हीं की भाषा में किया जाना चाहिए।

उदाहरण के लिए, तुर्किये और साइप्रस के बीच तनाव मुख्यतः साइप्रस द्वीप के विभाजन, समुद्री सीमा विवाद, ग्रीक साइप्रसियों और तुर्किये साइप्रसियों के बीच संबंधों को लेकर है। वर्ष 1974 में तुर्किये के साइप्रस पर आक्रमण के बाद, द्वीप दो हिस्सों में विभाजित हो गया। तुर्किये गणराज्य अंकारा द्वारा मान्यता प्राप्त उत्तरी साइप्रस (टीआरएनसी) का हिस्सा है, और उसके बरक्स एक वैसा साइप्रस गणराज्य खड़ा है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा मान्यता प्राप्त है। एर्दोआन जिस तरह से कश्मीर में खेल रहे हैं, भारत भी ग्रीक साइप्रसियों के साथ खड़ा दिखे, तब इस 'ग्रेट गेम' का मजा है। कज़ाकिस्तान, उज़बेकिस्तान, किर्गिस्तान और तुर्कमेनिस्तान ने हाल ही में दक्षिणी साइप्रस के ग्रीक साइप्रस प्रशासन (जीसीए) में राजनयिक मिशन खोलने का फ़ैसला किया है। इन उद्घाटनों के साथ-साथ, उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों 541 और 550 का भी समर्थन किया, जो उत्तरी साइप्रस में तुर्किये की उपस्थिति को 'कब्ज़े' के रूप में परिभाषित करते हैं। एर्दोआन इस बात को लेकर इन सेंट्रल एशियाई देशों से तपे हुए हैं। भारत को चाहिए कि वह उत्तरी साइप्रस में तुर्किये के कब्जे के सवाल पर अपने इन चार सेंट्रल एशियाई मित्रों के साथ खड़ा दिखे। हिसाब हो जायेगा बराबर!

# युद्ध को व्यापार समझते हैं हथियार निर्माता

सामरिक व्यवस्थाएं

प्रभु चावला




> युद्ध की लॉन्चिंग हैशटैग में होती है और इसमें हासिल लाभ को प्रतिशत में गिना जाता है। इन सबके बीच भारत ऐतिहासिक दोराहे पर खड़ा है। यह आर्थिक रूप से निरंतर आगे बढ़ रहा है, इसके वैश्विक असर से भी इनकार नहीं किया जा सकता और इसका समाज शांति और समृद्धि का इच्छुक है।

सदियों से प्राचीन साम्राज्य युद्ध में जीत का औचित्य ठहराते आये थे। लेकिन बीसवीं सदी में युद्ध व्यापार बन गये। औद्योगिक संभ्रांत इसे युद्धभूमि से हटाकर बोर्डरूम तक ले आये। आधुनिक डीप स्टेट दरअसल युद्ध करने वाले प्राचीन साम्राज्यों के ही उत्तराधिकारी हैं। इनके युद्धक्षेत्र ही इनकी अर्थव्यवस्था हैं। शीतयुद्ध में जन्मा और आतंक के खिलाफ जंग में परिपक्व हुआ युद्ध अब डिजिटल दौर में फल-फूल रहा है। ड्रोन के जवाब में ड्रोन और मिसाइल के जवाब में मिसाइल के जरिये यह युद्ध शांति की उम्मीद में नहीं, अगले युद्ध की तैयारी में जीता है। युद्ध की लॉन्चिंग हैशटैग में होती है और इसमें हासिल लाभ को प्रतिशत में गिना जाता है। इन सबके बीच भारत ऐतिहासिक दोराहे पर खड़ा है। यह आर्थिक रूप से निरंतर आगे बढ़ रहा है, इसके वैश्विक असर से भी इनकार नहीं किया जा सकता और इसका समाज शांति और समृद्धि का इच्छुक है। लेकिन पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में शुरू हुए ऑपरेशन सिंदूर से साबित होता है कि युद्ध कभी खत्म नहीं होता। आगे बढ़ता, गर्वोन्नत और अपनी सुरक्षा खुद करने में सक्षम भारत फिलहाल युद्धतंत्र में फंसा हुआ है। इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि भारत के लिए युद्ध कभी विकल्प नहीं रहा। इसके बजाय विफल पड़ोसी द्वारा हर बार इस पर युद्ध थोप दिया जाता रहा है, जिसका वह मुंहतोड़ जवाब देता है। इस साल भारत ने रक्षा क्षेत्र में 75 अरब डॉलर आवंटित किया, जो उसके कुल बजट का 13.45 फीसदी है। कुछ लोगों का यह तर्क स्वाभाविक है कि जब सीमापार आतंकवाद का खतरा बना हुआ है, तब रक्षा बजट में वृद्धि जरूरी है। पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने जब सीमापार के आतंकी ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से सटीक हमले किये, तो बाजार ने तत्काल उसका संज्ञान लिया। तेरह मई को निफ्टी डिफेंस इंडेक्स में 4.32 प्रतिशत की वृद्धि हुई और ड्रोन निर्माता आइडियाफोर्ज के शेयर 20 फीसदी बढ़ गये। शहीदों के खून सूखने से पहले ही निवेशकों के पोर्टफोलियो चमकने लगे थे। वर्ष 2020 से 2025 के बीच भारत ने रक्षा क्षेत्र में 350 अरब डॉलर खर्च किये, जिनमें से 15 अरब डॉलर मानवविहीन वायु रक्षा प्रणाली में खर्च किये गये। नतीजतन भारत का राजकोषीय घाटा बढ़कर जीडीपी का 5.8 प्रतिशत हो गया। इस साल की शुरुआत में मुद्रास्फीति 6.2 प्रतिशत हो गयी, जिसका असर देश के 40 करोड़ मध्यवर्ग पर पड़ा। सीमा पर व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ। अकेले कश्मीर में सेब के बगीचों और हथकरघों के खामोश होने से सालाना 1.2 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। वर्ष 2020 से पर्यटन में वहां 35 फीसदी की कमी आयी और दो लाख नौकरियां चली गयीं। सीमा पर तनाव के कारण सांबा जैसे शहर में 2022 के बाद से 15,000 व्यापारिक इकाइयां बंद हो गयीं। इसका सामाजिक नुकसान भी गहरा हुआ। कश्मीर के 12 लाख लोग हमेशा डर के साये में जीते हैं। ड्रोन हमले के कारण 2022 से सीमावर्ती इलाकों के लगभग 10,000 लोगों को भागना पड़ा है।

वर्ष 2022 से लॉकहीड मार्टिन और रेथिअन जैसी अमेरिकी रक्षा कंपनियों को युद्ध के कारण मोटा मुनाफा हो रहा है। यूक्रेन युद्ध के कारण लॉकहीड मार्टिन को पिछले साल 14 फीसदी मुनाफा हुआ। पिछले साल युद्ध के कारण यूक्रेन के 1,200 नागरिक मारे गये। फिर भी बाजार ने खुशी मनायी, क्योंकि अमेरिकी रक्षा कंपनियों ने प्रभावशाली लोगों को अपने यहां रखा है। अप्रैल में जारी एक रिपोर्ट बताती है कि अमेरिका के लगभग 700 रिटायर्ड उच्च पदस्थ सरकारी अधिकारी, जिनमें जनरल और एडमिरल भी हैं, रक्षा क्षेत्र से जुड़े ठेकेदारों के लिए काम करते हैं। विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए पहले उसे सीमापार आतंकवाद को खत्म करना होगा। बाद में अपना रक्षा बजट घटाकर वह शिक्षा, स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन और उन्नत खुफिया नेटवर्क के क्षेत्र में निवेश बढ़ा सकता है। शांति का अर्थ सहनशीलता नहीं है। बल्कि इसका अर्थ है भविष्य में निवेश करना।

डीप स्टेट के छद्म रणनीतिकारों को इसकी परवाह नहीं कि कौन युद्ध जीतेगा। उनका लक्ष्य यह है कि युद्ध चलते रहना चाहिए। पश्चिम एशिया में इसने सऊदी अरब और इस्राइल को हथियार दिये। एशिया में ताइवान और एशिया-प्रशांत पर इनकी गिद्धदृष्टि है। भारत में भी उन्हें अवसर दिख रहा है, जहां एक ताकतवर लोकतंत्र अपने उद्दंड पड़ोसी का सामना कर रहा है। अगर कोई देश वाकई संप्रभुता का इच्छुक है, तो उसे युद्ध अर्थव्यवस्था से खुद को अलग कर लेना चाहिए।

प्रसंगवश

# आप पार्षदों की बगावत से बदलते राजनीतिक समीकरण

> दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के पंद्रह पार्षदों का इस्तीफा और नई पार्टी के गठन की घोषणा के बाद दिल्ली के राजनीतिक समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं। फिलहाल दिल्ली के राजनीतिक परिदृश्य में आम आदमी पार्टी बहुस्तरीय मुश्किलों से घिरी दिखती है।

आम आदमी पार्टी का उदय इस दावे के साथ हुआ था कि वह देश की राजनीतिक संस्कृति में बदलाव का वाहक बनेगी। शुरुआती कुछ समय तक ऐसा लगा भी, जब दिल्ली के लोगों ने यह महसूस किया कि इस पार्टी की सरकार की कामकाज की शैली अलग है और वह अपने वादों को लेकर संजीदा है। फिलहाल दिल्ली के राजनीतिक परिदृश्य में आम आदमी पार्टी बहुस्तरीय मुश्किलों से घिरी दिखती है। लेकिन हाल ही में दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के पंद्रह पार्षदों का इस्तीफा और नई पार्टी के गठन की घोषणा के बाद दिल्ली के राजनीतिक समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं। इसके कुछ शीर्ष नेताओं पर मुकदमों और विधानसभा चुनावों में पराजय के बाद उसके लिए अपने कई नेताओं को संभालना चुनौती-सा बन गया है। ऐसे में पंद्रह पार्षदों का इस्तीफा और नई पार्टी बनाने का असर आप की राजनीति पर पड़ना तय माना जा रहा है।

आप से इस्तीफा देने वाले पार्षदों ने दिल्ली की जनता के लिए काम करने में बाधा को अपने फैसले का कारण बताया है। देश के लोकतांत्रिक ढांचे में किसी पार्टी के भीतर कार्य और नीतियों को लेकर मतभेद पैदा होना और किसी नेता का नया पक्ष चुनना एक सामान्य बात है, लेकिन यह भी सच है कि मुश्किल दौर से गुजर रही अपनी पार्टी का दामन छोड़ कर सुविधा का ठौर चुनना एक चलन बन गया है। 'आम आदमी पार्टी का उदय इस दावे के साथ हुआ था कि वह देश की राजनीतिक संस्कृति में बदलाव का वाहक बनेगी। शुरुआती कुछ समय तक ऐसा लगा भी, जब दिल्ली के लोगों ने यह महसूस किया कि इस पार्टी की सरकार की कामकाज की शैली अलग है और वह अपने वादों को लेकर संजीदा है। मगर कुछ समय बाद देखा गया कि पार्टी उन्हीं अंतर्विरोधों से घिर गई है, जिनके खिलाफ उसने नई राजनीति शुरू करने का भरोसा दिया था। इसी के कारण पिछले विधानसभा चुनाव में उसे हार मिली। हालांकि इससे पहले पार्टी ने दिल्ली नगर निगम में अच्छी जीत हासिल की थी। मगर उसके कुछ प्रमुख नेता मुकदमों में फंसे दिख रहे हैं, उसका स्पष्ट असर चुनावी राजनीति में उसकी मौजूदगी पर पड़ा। जाहिर है, दिल्ली की राजनीति में फिलहाल उसके सितारे गर्दिश में दिख रहे हैं। ऐसे में अगर अब तक आम आदमी पार्टी की राजनीति में सक्रिय रहे और उसी के जरिए अपना एक कद बनाने वाले लोग साथ छोड़ रहे हैं, तो यह निश्चित रूप से पार्टी के लिए एक गंभीर चुनौती का वक्त है।




## ।।गीता।।




**श्लोक :** न काङ्क्षे विजयं कृष्ण
न च राज्यं सुखानि च।
किं नो राज्येन गोविंद किं भोगैर्जीवितेन वा।।

**भावार्थ**

हे कृष्ण! मैं न तो विजय चाहता हूँ और न राज्य तथा सुखों को ही। हे गोविंद! हमें ऐसे राज्य से क्या प्रयोजन है अथवा ऐसे भोगों से और जीवन से भी क्या लाभ है।

जीवन दर्शन

# शरीर साधन है और बुद्धि एक मार्गदर्शक



आदि शंकराचार्य का ब्रह्म सत्यम, जगन्मिथ्या केवल एक सूत्र नहीं, एक व्रत है। इस सूत्र को साधना के रूप में जीना, जीवन को पूरी तरह परिवर्तित कर सकता है। आधुनिक मनोविज्ञान भी अब यह स्वीकार कर रहा है कि जिस वस्तु को हम सत्य मानकर उसके पीछे भागते हैं, वह अक्सर केवल परसीव्ड रियलिटी होती है, न कि वस्तुनिष्ठ सत्य। परसीव्ड रियलिटी का वर्णन मनोविज्ञान में किया गया है। इसमें बताया गया है कि विवेक जब परिपक्व होता है, तो साधक जानता है कि शरीर एक साधन है, मन एक उपकरण है, और बुद्धि एक मार्गदर्शक है। वह यह भी समझता है कि वह स्वयं इन सबसे परे है। जैसे कोई राजा अपने सेवकों से कार्य कराता है पर स्वयं सेवक नहीं बनता, वैसे ही आत्मा शरीर, मन, बुद्धि से कार्य करवाती है, पर उनसे बंधती नहीं। यह भेद ही मुक्ति का प्रवेश द्वार है। इसी भेद को जानने के लिए ही आदि शंकराचार्य ने विवेकचूडामणि रचा था। यही कारण है कि यह ग्रंथ ज्ञान का अलंकार नहीं, बल्कि जीवन की दिशा बदलने वाला प्रकाशस्तंभ है। इस ग्रन्थ कि विशेषता यह है कि इसमें समाहित ज्ञान केवल साधकों या सन्यासियों के लिए नहीं है। गृहस्थ जीवन में, पारिवारिक संबंधों में, व्यवसाय की उठापटक में भी यह उतना ही उपयोगी है। जब कोई व्यापारी नुकसान झेलता है, जब कोई व्यक्ति अपने प्रिय के व्यवहार से व्यथित होता है, जब कोई प्रेमी बिछोह के बाद किसी अपने को खो देता है- तब यदि वह यह जान जाए कि यह अवस्था भी अनित्य है, तो उसके भीतर एक शांति व्याप्त होती है। यह शांति कोई नकारात्मक उदासीनता नहीं, बल्कि एक सजग स्वीकृति है। यह वैसी है जैसे एक संतुलित दृष्टि। जो रोते हुए भी जानती है कि आंसू बह जाएंगे, और हंसी आएगी और हंसते हुए भी जानती है कि यह आनंद भी अनित्य है। अपने भीतर की गहराई को मापने का यह एक सुंदर पैमाना है। यह प्रेम-पथ स्वयं में पूर्ण है और जीवन से जुड़ा हुआ है। इस पथ ने प्रेम, ज्ञान, कर्म सेवा सबको अपने भीतर समाहित कर लिया है, ताकि विशुद्ध चेतना का झरना बहता रहे। जीवन की लय कभी सीधी नहीं होती। कुछ भी करो, दुख और सुख, दोनों जीवन में रहेंगे। बाधाएं आ जाएं, तो इन्हें रास्ते के पत्थर की तरह नहीं, बल्कि प्रगति की सीढ़ी की तरह स्वीकार करना ही उचित है। प्रगति के पथ पर 'बाधा' तो एक अवश्यंभावी पड़ाव है। मन में सकारात्मक विचार रखें और सभी बाधाओं को पार कर जाएं।

## संक्षिप्त खबरें

### सीपीसीटी अनिवार्यता की शर्त अमानवीय, निरस्त हो

**भोपाल।** राज्य सरकार कर्मचारी अधिकार संरक्षण संघ ने राज्य सरकार से सेवाकाल में दिवंगत हुए लोक सेवकों के आश्रितों के परिवार भरण-पोषण हेतु अनुकंपा के आधार पर नियुक्त लिपिकीय संवर्गीय कर्मचारियों पर लागू सीपीसीटी कम्प्यूटर परीक्षा उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता की शर्त को समाप्त करने की मांग की है। संघ प्रमुख शील प्रताप सिंह ने जारी बयान में बताया है कि वर्ष 2014 के पूर्व की अवधि में लिपिकीय संवर्गीय कर्मचारी की योग्यता हायर सेकेण्डरी के साथ-साथ हिन्दी टंकण परीक्षा उत्तीर्ण थी। हिन्दी टंकण उत्तीर्ण न कर पाने की स्थिति में ये कर्मचारी वार्षिक वेतन वृद्धि एवं परिवीक्षा अवधि समाप्ति सहित सभी वंशानुगत लाभों से वंचित हो जाते थे तथा सेवा के बदले में उन्हें मासिक वेतन देने पर कोई प्रतिबंध नहीं था। कम्प्यूटर का प्रयोग शुरू होते ही हिन्दी टंकण के स्थान पर लिपिकीय संवर्गीय कर्मचारियों के लिए कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा सीपीसीटी उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता का अत्यंत कठोर नियम लागू कर दिया गया।

### नदियों का मायका है मध्यप्रदेशः प्रहलाद

**विसं भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा है कि मप्र प्राचीनकाल से जल संरचनाओं का धनी रहा है और इसे नदियों का मायका कहा जाता है। पटेल मंगलवार को धार जिले के ग्राम मिंडा में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश से निकलने वाली नदियाँ देश के बड़े भूभाग को जीवन देती हैं, इसलिए जल संरक्षण और संवर्धन वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। आने वाली पीढियों को जल संकट से बचाने के लिए अभी से ठोस प्रयास करना जरूरी है। उन्होंने विशेष रूप से पौधों और वृक्षों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि जल और हरियाली एक-दूसरे के पूरक हैं।

### 23 निरीक्षक अब होंगे कार्यवाहक डीएसपी

**भोपाल।** मंगलवार को गृह विभाग ने 23 निरीक्षकों को कार्यवाहक डीएसपी बनाया है। सूचीजे अनुसार इसमें निरीक्षक संवर्ग के 15, रक्षित निरीक्षक संवर्ग के 5, एसएएफ संवर्ग के 2 और रेडियो संवर्ग का 1 इंस्पेक्टर शामिल है। इसके साथ ही इन सभी की नई पोस्टिंग कर दी गई है। आदेश के अनुसार विनीता गिल को पीटीएस तिगरा ग्वालियर, संजय मिश्रा को अजाक गुना, आनंद चौहान को देहात रेंज इंदौर, दीपा खरे को पीएचक्यू, अजय कुमार पवार को अजाक भिण्ड, पंकज द्विवेदी को महिला सुरक्षा शाजापुर, आशीष भट्टाचार्य को महिला सुरक्षा सीहोर में पदस्थ किया गया है।

# ऑपरेशन सिंदूर पर खामोशी साधेंगे भाजपा नेता

## दिल्ली ने मांगी रिपोर्ट, विधायकों को भी किया सचेत, नेताओं पर एक्शन होने के मिले संकेत

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** जनजातीय कार्यमंत्री विजय शाह के बयान के बाद अपनी फजीहत करा चुकी भारतीय जनता पार्टी ने तय किया कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सूबे का कोई भी नेता या जनप्रतिनिधि एक शब्द भी नहीं बोलेगा। तिरंगा यात्रा में भी सेना के शौर्य को लेकर किसी भी तरह का भाषण नहीं होगा, अलबत्ता जनप्रतिनिधि जय हिंद का उद्घोष ही लगा सकेंगे।

पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि पिछले दिनों मध्यप्रदेश में बयानबाजी का जो दौर चला, उससे पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व बेहद खफा है। बीते रविवार को शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने प्रदेश के कुछ चुनिंदा नेताओं के साथ वचुर्अल बैठक की। इस बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अलावा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा,प्रदेश प्रभारी डॉ.महेन्द्र सिंह,प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और वरिष्ठ मंत्री प्रहलाद पटेल जुड़े थे। बताया गया है कि विजय शाह को भी वचुर्अल जुड़ने को कहा गया था, किन्तु वे इसमें शामिल नहीं हुए। बताया गया है कि बैठक में शिवप्रकाश ने प्रदेश के नेताओं को टो टूक बता दिया कि अब इस तरह की बयानबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इससे बचने के लिए नेता हो या फिर निर्वाचित जनप्रतिनिधि बेहद संवेदनशीलता का परिचय दें। ये नेता यदि तिरंगा यात्रा में शामिल भी होते है,तो सिर्फ जय हिंद बोलकर आगे निकल जाएं, उन्हें किसी भी तरह के भाषण देने की जरूरत नहीं है। शिवप्रकाश ने कहा कि पिछले दिनों जो भी हुआ है, उसे राष्ट्रीय नेतृत्व अपने स्तर पर देख रहा है, लेकिन ऐसे वक्तव्य, भाषण या बयान किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे, जिससे पार्टी की छवि खराब हो और विपक्ष को बैठे बैठाए मुद्दा मिल सके।




जानकारों की मानें तो इस मामले में शिवप्रकाश ने सीएम के अलावा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा से भी रिपोर्ट मांगी है। बताया गया है कि इस रिपोर्ट पर राष्ट्रीय नेतृत्व जल्द ही निर्णय लेगा। ऐसा माना जा रहा है कि पार्टी नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले इस मामले पर कोई एक्शन लेने के मूड में नहीं है। इस बीच नेतृत्व विजय शाह के मामले में न्यायालय के रुख पर भी नजर बनाए रखेगा। कहा ये भी जा रहा है कि नेतृत्व इस मामले में कोई ऐसा कदम उठा सकता है,जिसका संदेश पूरे देश में जाए कि पार्टी इस तरह की बयानबाजी को बर्दाश्त नहीं करेगी,हालांकि वह एक्शन से पहले अपने राजनीतिक नफा-नुकसान पर भी गौर करेगी। पार्टी बिहार चुनाव से पहले ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहती है,जिसका असर उसके लिए प्रतिकूल हो। इधर प्रदेश संगठन भी इस मामले में सक्रिय हो गया है। सूत्रों की मानें तो पार्टी ने अपने सभी सांसद विधायक और बड़े नेताओं को सेना और आपरेशन सिंदूर से जुड़े मामलों पर खामोश रहने को कहा है। पार्टी ने कहा कि यदि जरुरी हो,तो सोच समझ कर बयानबाजी करे,ऐसा न हो किसी भी बयान का अर्थ का अनर्थ न हो जाए।

### प्रभारी मंत्रियों को मिले निर्देश

बताया गया है कि जिलों के प्रभारी मंत्रियों को भी निर्देशित किया गया है कि वो अपने प्रवास के दौरान किसी भी आयोजन में सेना और ऑपरेशन सिंदूर पर भाषण देते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि जाने अनजाने में उनके द्वारा ऐसा कोई वक्तव्य नहीं दिया जाए,जिससे सरकार और पार्टी की किरकिरी हो सके। इतना ही नहीं प्रभारी मंत्रियों को जनप्रतिनिधियों की बैठक करने को कहा गया है,जिसमें वो नेतृत्व के संदेश से सभी को अवगत कराएंगे।

### मंगलवार को भोपाल में रहे शाह

सूत्रों का कहना है कि जनजातीय कल्याण मंत्री विजय शाह मंगलवार को उस दौरान भोपाल स्थित अपने सरकारी आवास पर मौजूद रहे,जब उनके सहयोगी (मंत्रिपरिषद) इंदौर के ऐतिहासिक राजवाड़ा में कैबिनेट की बैठक कर रहे थे।

विजय शाह मामला

# एसआईटी ने शुरू की जांच कांग्रेस ने उठाए सवाल

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ की गई विवादित टिप्पणियों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) पहुंचकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की। इसके बाद एसआईटी ने अपनी जांच शुरू कर दी है। इस मामले की जांच के लिए आईजी सागर रेंज प्रमोद वर्मा, डीआईजी एसएएफ कल्याण चक्रवर्ती और एसपी डिंडोरी वाहिनी सिंह को एसआईटी में शामिल किया गया है। स्पेशल डीजी सीआईडी पवन श्रीवास्तव के अनुसार, एसआईटी की टीम के सदस्यों को 28 मई से पहले जांच पूरी करनी है, क्योंकि मामले की अगली सुनवाई इसी दिन तय है, जिसमें एसआईटी रिपोर्ट कोर्ट के सामने पेश की जाएगी। एसआईटी अब सम्मन जारी कर विजय शाह को पूछताछ के लिए बुला सकती है।

**वॉकर के सहारे स्पेशल डीजी से मिलने पहुंचे एसआईटी चीफः** एसआईटी प्रमुख आईजी प्रमोद वर्मा ने मंगलवार को स्पेशल डीजी पवन श्रीवास्तव से मुलाकात की और मामले पर चर्चा की। आईजी का पिछले दिनों दुर्घटना में पैर फ्रेक्चर हो गया था, इस कारण वे वॉकर का सहारा लेकर पीएचक्यू पहुंचे। एसआईटी ने मंगलवार को अपनी जांच शुरू करते हुए विजय शाह के खिलाफ इंदौर ग्रामीण के मानपुर थाने में दर्ज एफआईआर की कॉपी भी ली।

**एसआईटी पर आपत्तिः** एसआईटी पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि एसआईटी में शामिल आईजी प्रमोद वर्मा 2010 में एसपी खरगोन थे और उस समय विजय शाह जिले के प्रभारी मंत्री थे। डीआईजी कल्याण चक्रवर्ती 2018 में एसपी खरगोन थे और उस समय भी विजय शाह वन मंत्री थे। नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि जो अधिकारी पहले विजय शाह के अधीन काम कर चुके हैं, वे अब उनकी निष्पक्ष जांच कैसे कर सकेंगे। सिंघार ने तंज कसते हुए कहा कि यह जांच नहीं, मंत्री का बचाव अभियान है।

# ग्लोबल हेराल्ड के संचालक गोयल 16 करोड़ की जीएसटी चोरी में उलझे

## शेल कंपनियों के जरिए टैक्स चोरी का आरोप

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** इंदौर के कारोबारी एवं ग्लोबल हेराल्ड अखबार के संचालक विष्णु गोयल और उनके बेटे रवि गोयल पर 16 करोड़ की जीएसटी चोरी का गंभीर आरोप लगा है। डायरेक्टर जनरल जीएसटी इंटेलिजेंस (डीजीजीआई) की एक टीम ने रवि गोयल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे दो दिन की रिमांड पर सौंप दिया गया। करोड़ों की कर चोरी के इस मामले में कंपनी से जुड़े दो चार्टर्ड अकाउंटेंट के नाम भी आए हैं। डीजीजीआई को संदेह है कि गोयल पिता-पुत्र शेल कंपनियों के जरिए लंबे समय से टैक्स चोरी में लगे हुए थे। डीजीजीआई से मिली जानकारी के मुताबिक, जून 2023 में इंदौर की श्रीनाथ एग्रो इंटरप्राइजेज द्वारा फर्जी व कूटरचित दस्तावेजों के जरिए कर चोरी की शिकायतें मिली थीं। 13 जून 2023 को जब कंपनी के पते पर छापा मारा गया तो वहां किराने की दुकान मिली। दुकान के संचालक राजेश से जब डीजीजीआई की टीम ने पूछताछ की, तो सामने आया कि श्रीनाथ एग्रो का सारा काम रवि गोयल संभालता है। खातों को खंगाला गया तो सामने आया कि दो सीए सत्यनारायण गोयल और आयुष गुप्ता की मदद से यह शेल कंपनी चल रही थी और इसमें केवल फर्जी कागजों के जरिए व्यापार दिखाया जा रहा था।



### इन कंपनियों के नाम से ली 16 करोड़ की टैक्स क्रेडिट

जांच में सामने आया कि श्रीनाथ एग्रो के फर्जी बिलों के जरिए एमएस अल्फाविजन ओवरसीज, एमएस अल्फाविजन फाइबर कंपनियों ने 16 करोड़ की फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट ले ली। दोनों कंपनियां रवि और उनके पिता विष्णु गोयल से जुड़ी हैं। डीजीजीआई ने रवि गोयल को मुख्य आरोपी मानते हुए दो दिन की रिमांड पर ले लिया, जबकि उसके पिता विष्णु गोयल, सीए सत्यनारायण गोयल व सीए अंशुल को संदेह के घेरे में माना है।

# इंदौर मेट्रो और सतना-दतिया एयरपोर्ट का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे प्रधानमंत्री

## 31 को भोपाल में महिला सम्मेलन, 2 लाख महिलाओं को जुटाने का लक्ष्य

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को भोपाल में महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस महासम्मेलन में 2 लाख से अधिक महिलाएं शामिल होंगी। जंबूरी मैदान में होने वाले इस आयोजन में पीएम इंदौर मेट्रो और सतना एवं दतिया एयरपोर्ट का वर्चुअल लोकार्पण भी करेंगे। यह जानकारी इंदौर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रिपरिषद की बैठक से पहले मंत्रियों के अनौपचारिक संवाद के दौरान दी। उन्होंने कहा कि महासम्मेलन में महिला उद्यमियों, कामगारों, महिला स्व-सहायता समूहों, लाड़ली बहनें शामिल होंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर 20 मई से 31 मई 2025 तक कई भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर और अन्य स्थानों पर सांस्कृतिक और साहित्यिक आयोजन होंगे।

### 3 जून को पचमढ़ी में होगी कैबिनेट की बैठक

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने बताया कि जनजातीय राजा भभूत सिंह की स्मृति में 3 जून को मंत्रि-परिषद की बैठक पंचमढ़ी में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि मंत्रि-परिषद की पहली बैठक जनजातीय वीरांगना रानी दुर्गावती की स्मृति में जबलपुर में आयोजित की गई थी।

### 60 फीसदी गेहूं की अधिक हुई खरीदी

सीएम को मंत्रि-परिषद के सदस्यों ने इस वर्ष प्रदेश के 9 लाख किसानों से लगभग 78 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जाने पर धन्यवाद दिया। यह पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 30 लाख) मीट्रिक टन अधिक (लगभग 62प्रतिशत अधिक) रहा है। गेहूं खरीद पर इस वर्ष लगभग 20 हजार करोड़ रूपये का भुगतान किसानों को किया गया है। प्रदेश के जिन् 9 लाख किसानों से गेहूं खरीदा गया है उसमें से 1 लाख 25 हजार महिला किसान है।

### उपराष्ट्रपति धनखड़ आएंगे

डॉ. यादव ने कहा कि कृषि और कृषि उत्पाद को बढ़ावा देने के साथ कृषकों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। खेत में उपज से कारखाने और कारखाने से उद्योग तक की संकल्पना को चरितार्थ करते हुए उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में नरसिंहपुर में 26 से 28 मई की अवधि में कृषि-उद्योग समागम का आयोजन किया जा रहा है। सरकार किसानों तक नवीनतम तकनीक पहुंचाने, खाद्य प्र-संस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने तथा किसानों को अपने उत्पाद का सही मूल्य दिलाने के हर प्रयास कर रही है।

### पूरी कैबिनेट ने पहनी परंपरागत धोती

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ मंत्रि-परिषद के सभी सदस्यों ने परंपरागत धोती पहनकर मंत्रि-परिषद की बैठक में भाग लिया। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने मंत्रि-परिषद के सदस्यों को अंगवस्त्रम् ओंमकार और सम्मान स्वरूप प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने मंत्रि-परिषद के सदस्यों को देवी अहिल्या बाई होल्कर स्मारक के निर्माण से संबंधित प्रेजेंटेशन दिया। लालबाग पैलेस में 3 एकड़ की भूमि पर लगभग 100 करोड़ रूपये से स्मारक का निर्माण किया जाएगा। स्मारक में लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के जीवन चरित्र, आदर्श, मूल्यों और योगदानों को रेखांकित किया जाएगा।

# स्वास्थ्य विभाग में ट्रांसफर पॉलिसी का उड़ा मजाक ऑफलाइन आवेदन से हुआ 64 डॉक्टरों का तबादला

**▸▸ ऑनलाइन आवेदन का दावा निकला झूठा ▸▸ 193 कर्मचारियों का स्थानांतरण भी ऑफलाइन ही हुआ**

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** स्वास्थ्य विभाग ने मप्र शासन की तबादला नीति 2025 का मजाक बना दिया है। बीते कई महीनों से सरकार के मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी एक ही बात बोल रहे थे कि इस बार सभी कर्मचारियों व अधिकारियों का स्थानांतरण सिर्फ ऑनलाइन आवेदन के आधार पर ही किया जाएगा। लेकिन यह दावा बेमानी निकला। स्वास्थ्य विभाग ने एक मई से लेकर 16 मई के बीच कुल 257 कर्मचारियों व अधिकारियों का ट्रांसफर ऑफलाइन आवेदन के आधार पर किया है। इनमें 64 डॉक्टर हैं, जिनके तबादले का आदेश 16 मई को हुआ है, जबकि शेष 193 कर्मचारियों के आदेश अगलग अलग तारीख में हैं, लेकिन सभी आदेश मई के महीने में ही हुए हैं। जिन कर्मचारियों का स्थानांतरण हुआ है, उनमें नेशनल हेल्थ मिशन के संविदा कर्मचारी भी शामिल हैं।

**स्वयं के व्यय पर किए गए ट्रांसफरः** एक से 16 मई के बीच जिन लोगों के भी ट्रांसफर हुए हैं, उनमें से अधिकांश के नाम के आगे स्वयं के व्यय पर लिखा हुआ है। जो कि यह साफ तौर पर दर्शाता है कि इन लोगों ने खुद अपने ट्रांसफर के लिए एप्रोच किया है। प्रदेश में ट्रांसफर की प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही उक्त लोगों ने ऑफलाइन आवेदन कर दिए। जिसके आधार पर विभाग ने आदेश जारी किए हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि शासन में दो प्रकार से ट्रांसफर होते हैं। जब कोई कर्मचारी खुद ट्रांसफर चाहता है तो उसे स्वयं के व्यय पर बोला जाता है और जब किसी कर्मचारी का ट्रांसफर शासन करता है तो इसे नाम दिया गया है प्रशासनिक दृष्टि से।

### 14 को खुला पोर्टल, 16 को आया आदेश

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 13 मई की रात आदेश आया। जिसमें ट्रांसफर के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की बात कही गई। यह आवेदन ई-एचआरएमआईएस पोर्टल के माध्यम से किया जाना थे। यह पोर्टल 14 मई से शुरु हुआ है और 21 मई तक इस पर आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इस अवधि में प्रदेश भर से स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने अपने अपने आवेदन किए हैं। लेकिन 16 मई को 64 डॉक्टरों और 144 स्वास्थ्य कर्मचारियों के तबादले की सूची जारी हो जाती है। जिसके बाद कर्मचारी संगठनों में नाराजगी है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों का संकट

स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऑफलाइन आवेदन पर किए गए तबादलों पर राजनीति शुरू हो गई है। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने इसे सीधे तौर पर उद्योग करार दिया है। रवि का कहना है कि पुराने आवेदनों पर मई के महीने में आदेश जारी कर देना यह बताता है कि स्वास्थ्य विभाग में दलाल सक्रिय हैं। तबादलों की इस मनमानी प्रक्रिया का सबसे गहरा प्रभाव ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ा है। बड़ी संख्या में मेडिकल ऑफिसर्स, स्टाफ नर्स और अन्य स्टाफ को शहरों के बड़े अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया है, जिससे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में भारी स्टाफ की कमी हो गई है।

# नीट पीजी में बैठ सकेंगे विदेशी एमबीबीएस स्नातक

**जबलपुर, जेएनएन।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने विदेशी विश्वविद्यालयों से एमबीबीएस कर चुके नौ भारतीय छात्रों को राहत देते हुए उन्हें 15 जून 2025 को होने वाली नीट पीजी परीक्षा में बैठने की अंतरिम अनुमति प्रदान की है। ये छात्र राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा विदेशी स्नातकों के लिए इंटर्नशिप अवधि को बढ़ाकर दो से तीन साल किए जाने के आदेश को चुनौती दे रहे हैं। न्यायमूर्ति संजय सचदेवा और न्यायमूर्ति विनय सराफ की खंडपीठ ने सोमवार को स्पष्ट किया कि इस आदेश से छात्रों को कोई स्थायी अधिकार या 'विशेष इक्विटी' नहीं मिलेगी, और उनका परीक्षा परिणाम हाईकोर्ट की अनुमति के बिना घोषित नहीं किया जाएगा। **क्या है मामला?** विदेशी मेडिकल स्नातक खासकर चीन से पढ़ाई करके लौटे छात्रों ने याचिका में कहा है कि उन्होंने कोविड-19 महामारी के कारण एमबीबीएस के अंतिम वर्ष की पढ़ाई ऑनलाइन की थी, जिसके चलते भारत लौटकर उन्हें एक वर्ष की अनिवार्य इंटर्नशिप के अलावा, 'क्लिनिकल क्लर्कशिप' के नाम पर दो अतिरिक्त वर्ष की इंटर्नशिप पूरी करने को मजबूर किया जा रहा है। याचिकाकर्ताओं के वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य सांघी ने दलील दी कि याचिकाकर्ताओं ने कुल दो वर्ष की इंटर्नशिप पूरी की है और इस प्रकार ऑनलाइन प्रशिक्षण की क्षतिपूर्ति कर दी है। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि कई राज्यों की नई अधिसूचनाओं में भी दो वर्ष की इंटर्नशिप की बात नहीं की गई है और एनएमसी केवल 2023 की अधिसूचना पर जोर दे रही है, जबकि छात्र 30 जून 2022 से पहले ही अपनी पढ़ाई पूरी कर चुके हैं।

# बालाघाट में पुलिस से मुठभेड़ के बाद मौके से भागे नक्सली



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** बालाघाट के लांजी थाना की चौकी डाबरी क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। सर्चिंग के दौरान दोपहर लगभग 2 बजे हॉकफोर्स की टीम जब इस इलाके के बिलालकसा गांव से सटे जंगली इलाके में पहुंची तो सूखे पत्तों की आवाज से नक्सलियों को पुलिस टीम का पता चल गया। तकरीबन 15 से 20 नक्सलियों ने इस दौरान टीम पर गोलियां दागनी शुरू कर दीं। इसके बाद पुलिस टीम ने भी जवाबी फायर किए। इस दौरान नक्सली भाग निकलने में सफल रहे। पुलिस को सोमवार देर रात सूचना मिली थी कि इस इलाके में नक्सली छिपे हुए हैं।

**सोलर प्लेट, दवाई और राशन मिलाः** नक्सलियों की सूचना मिलने पर मंगलवार अल सुबह से ही हॉकफोर्स और सीआरपीएफ की कोबरा यूनिट की 12 टीमों ने सर्चिंग अभियान शुरू किया था। जंगल में जिस स्थान पर नक्सली छिपे हुए थे, वहां विशाल पेड़ों के साथ बड़े पत्थर भी हैं। नक्सलियों के हमले के दौरान जवानों ने इन्हीं पत्थरों की ओट लेकर अपनी जान बचाई। इस हमले के बाद हॉकफोर्स और सीआरपीएफ की कोबरा पार्टी ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर सर्चिंग तेज कर दी है। इस मुठभेड़ में बालाघाट पुलिस को मौके से नक्सलियों द्वारा उपयोग की जा रही सोलर प्लेट के साथ राशन और दवाइयां भी मिली हैं।

### राजवाड़ा में बैठक विरासत का सम्मान हैः वीडी शर्मा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि इंदौर के राजवाड़ा में हुई कैबिनेट बैठक सांस्कृतिक चेतना का उत्सव और विरासत का सम्मान है। बैठक में पांच शहरों को मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र बनाने का निर्णय शहरी विकास की नई परिकल्पना है। पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए शर्मा ने कहा कि डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने देवी अहिल्याबाई होल्कर के सुशासन, शासन की व्यवस्था जैसा आदर्श शासन मध्यप्रदेश में कैसे बनाया जा सकता है, उसकी शुरूआत और तैयारी के लिए राजवाड़ा में कैबिनेट की बैठक की। इंदौर, मालवा और समूचा मध्यप्रदेश के लिए यह आयोजन स्मरणीय और प्रेरक है। देवी अहिल्या बाई नारी शक्ति जनकल्याण और न्यायप्रिय शासन की प्रतीक थीं, उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि सत्ता सेवा का माध्यम होना चाहिए। कैबिनेट में 5 शहरों के समग्र विकास का निर्णय लिया गया है। अब वृहन्न मुम्बई नगरपालिका की तर्ज पर पूरे मध्यप्रदेश के समग्र विकास के लिए यह निर्णय एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने राहवीर योजना को भी ऐतिहासिक बताया।

विजन डाक्यूमेंट | सीएम की मौजूदगी में मंत्रियों के साथ अधिकारियों ने रखा विभागीय प्रजेटेंशन

# प्रति व्यक्ति आय 22 लाख करने का लिया संकल्प

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** इंदौर में मध्यप्रदेश के विजन डाक्यूमेंट पर मंत्रियों और अधिकारियों ने मंथन किया। सीएम डॉ.मोहन यादव की मौजूदगी में मंत्रियों ने अपने-अपने विभागों के वर्ष 2047 तक लक्ष्य बताए। जिसमें कहा गया कि घरेलू सकल उत्पाद 15 लाख करोड़ से बढ़ाकर ढाई लाख करोड़ किया जाएगा और सूबे के प्रति व्यक्ति की आय 22 लाख तक पहुचाई जाएगी। कैबिनेट की बैठक के उपरांत मंत्रियों ने अपने अधिकारियों के साथ विभागवार विजन डाक्यूमेंट पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि सीएम ने बीते वर्ष अपने मंत्रियों को विजन 2047 का डाक्यूमेंट तैयार करने को कहा था। इस पर नीति आयोग के साथ भी चर्चा की गई थी। इसके लिए सीएम ने अपर मुख्य सचिव ,प्रमुख सचिव के 8 समूहों के साथ मंथन भी किया गया। इसे लेकर भोपाल में कार्यशाला भी आहुत की गई थी। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चाधिकार समिति गठित की गई, जिसके मार्गदर्शन में 8 थीमैटिक ग्रुप का गठन किया गया। 8 थीमैटिक ग्रुप में उद्योग, कृषि एवं सम्बंधित क्षेत्र तथा वनोत्पाद, सेवाएं, अधोसंरचना एवं नगरीय विकास, शिक्षा, स्वास्थय, सुशासन एवं नागरिक सेवाएं प्रदाय और वित्तीय नियोजन एवं संवर्धन को शामिल किया गया। प्रत्येक ग्रुप द्वारा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की सहभागिता और अन्य हितधारकों के सुझावों का समावेशन सुनिश्चित करते हुए दृष्टि पत्र तैयार किया गया है। प्रजेंटेशन में बताया गया कि वर्ष 2047 तक प्रदेश का समेकित विकास करते हुए सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) को 15.03 लाख करोड़ से बढ़ाकर 250 लाख करोड़ (2 ट्रिलियन डॉलर) करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय को एक लाख 60 हजार रूपये से बढ़ाकर 22 लाख रूपये करने का भी लक्ष्य रखा गया है।अपर मुख्य सचिव संजय कुमार शुक्ला ने बताया कि दृष्टि पत्र में वर्ष 2047 में एक समृद्ध मध्यप्रदेश की परिकल्पना की गयी है जो कि सभी के सामूहिक प्रयासों से संपन्न, सुखद और सांस्कृतिक मप्र की नींव पर निर्मित होगा। दृष्टि पत्र को धरातल पर वास्तविक रूप से साकार करने के लिए रोडमैप का मंत्रि-परिषद के सदस्यों के समक्ष सम्बंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रेजेंटेशन दिया।दृष्टि पत्र में वर्ष 2047 में अल्पकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्यों के बारे में विस्तृत रूप से मंत्रि-परिषद के सदस्यों को अवगत कराया गया।



### अर्थव्यवस्था कृषि आधारित

दृष्टिपत्र अनुसार वर्तमान में राज्य की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है। सकल घरेलू उत्पाद में कृषि 43 प्रतिशत, सेवाएं 36 और उद्योग 21 फीसदी योगदान देते हैं। वर्ष-2047 तक उद्योगों और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देकर, रोजगार के अवसर सृजित कर अर्थव्यवस्था को संतुलित करते हुए जीडीपी में कृषि का योगदान 24-28 प्रतिशत , उद्योग का योगदान 21-25 प्रतिशत और सेवाओं का योगदान 49-53 प्रतिशत तक लाने का प्रयास किया जायेगा। सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में कार्य करते हुए प्रति व्यक्ति औसत आयु को 67.4 वर्ष से बढ़ाकर वर्ष- 2047 तक 84 वर्ष से अधिक करने का लक्ष्य रखा गया। साथ ही साक्षरता दर को 75.2 प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष- 2047 तक 100 प्रतिशत करने का प्रयास किया जाएगा। ऊर्जा के क्षेत्र में कुल ऊर्जा स्त्रोत में नवकरणीय ऊर्जा का प्रतिशत 22.5 से बढ़ाकर 75 प्रतिशत से अधिक किया जाएगा।

### अब मदरसों में पढ़ाया जाएगा ऑपरेशन सिंदूर

**देहरादून, जेएनएन।** उत्तराखंड के मदरसों में ऑपरेशन सिंदूर के बारे में पढ़ाया जाएगा। इससे बच्चों को देश के सैनिकों के बलिदान और शौर्य के बारे में पता चलेगा। यह फैसला उत्तराखंड मदरसा बोर्ड ने लिया है। बोर्ड चाहता है कि बच्चे देश के इतिहास और सेना के पराक्रम से परिचित हों। बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने कहा, मदरसों में सीबीएसई का सिलेबस लागू किया गया है, ताकि बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ा जा सके। इससे मदरसों में काफी सुधार आया है। अब हम अपने बच्चों के साथ ऑपरेशन सिंदूर की सफल कहानी भी शेयर करना चाहते हैं। कासमी ने बताया, उत्तराखंड सैनिकों की भूमि है। ऑपरेशन सिंदूर में हमारे सशस्त्र बलों ने बेजोड़ शौर्य का परिचय दिया।

### हाईकोर्ट ने 18 लाख की रिकवरी पर लगाई रोक

**जबलपुर।** हाईकोर्ट ने बिजली विभाग के सेवानिवृत्त लाइनमैन से 18 लाख की रिकवरी पर रोक लगा दी। साथ ही पेंशन भुगतान का आदेश पारित कर दिया। याचिकाकर्ता वसंत राव शिंदे की ओर से अधिवक्ता नरेंद्र कुमार शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता एक नवंबर, 2024 को सेवानिवृत्त हो गया था। लेकिन दो उच्च वेतनवृद्धियां विभाग ने नहीं दीं। इसके विपरीत 18 लाख की मनमानी रिकवरी निकाल दी। इसकी कटौती समस्त सेवानिवृत्ति लाभों ग्रेच्युटी, पेंशन, लीव इनकैशमेंट को रोककर की गई। सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के न्यायदृष्टांतों के अनुसार सेवानिवृत्ति के बाद रिकवरी नहीं की जा सकती। एक वर्ष से पेंशन आदि रोके जाने से याचिकाकर्ता हलकान हो गया है।

# बालिका सशक्तिकरण अभियान एनटीपीसी की एक अभिनव पहल : राव






## एनटीपीसी रिहंद में बालिका सशक्तिकरण अभियान 25 सपनों की उड़ान ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का शुभारंभ

**जागरण रिहंदनगर।** एनटीपीसी रिहंद में आज बालिका सशक्तिकरण अभियान 25 सपनों की उड़ान का शुभारंभ मुख्य अतिथि एन.एस.राव कार्यकारी निदेशक उत्तर एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती विजया राव अध्यक्षा उत्तरा क्लब द्वारा दीप प्रज्वलित कर पारंपरिक रूप से किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीएसआर विभाग द्वारा तरंग प्रेक्षागृह में किया गया जिसमें कक्षा 6 की 120 चयनित बालिकाओं को आज से 19 जून तक आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व जेम प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं और अपने अनुभव साझा किए। कार्यकारी निदेशक रिहंद अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि जेम कार्यक्रम बालिकाओं के जीवन में स्थायी सकारात्मक परिवर्तन लाकर उन्हें सशक्त बनाएगा। मुख्य अतिथि एन. एस. राव ने इसे एनटीपीसी की एक अभिनव पहल बताया जो ग्रामीण बालिकाओं को शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त कर रही है। यह ग्रीष्मकालीन कार्यशाला अकादमिक शिक्षा के साथ योग आत्मरक्षा कला संगीत और खेलकूद जैसी गतिविधियों से बालिकाओं के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है। 2018 में शुरू हुई इस पहल के तहत अब तक 600 बालिकाओं को प्रशिक्षण मिला है जिनमें से 50 को डीएवी विद्यालय में प्रवेश दिलाकर पूर्ण खर्च सीएसआर द्वारा वहन किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में विभिन्न परियोजनाओं के वरिष्ठ अधिकारी वर्तिका महिला मंडल की सदस्याएँ सीआईएसएफ ग्राम प्रधान शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।

# नगर परिषद बरगवां में आयोजित हुई विशाल तिरंगा यात्रा




**जागरण बैढ़न।** आपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम को नमन करते हुए देश भर मे जन जन की भागीदारी से तिरंगा यात्रा का आयोजन हो रहा है । इस यात्रा के माध्यम से हर राष्ट्रवादी नागरिक राष्ट्र की सेना को सम्मान दे रहा है तथा सेना के अद्भुत पराक्रम एवं आपरेशन सिंदूर को अपना नैतिक समर्थन प्रदान कर रहा है। उसी क्रम मे जिले मे भी तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है जिला मुख्यालय के बाद विधानसभा क्षेत्र देवसर अंतर्गत नगर परिषद बरगवां में भी एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। संभागीय संगठन प्रभारी तथा प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत स्वयं इस यात्रा मे उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल के नेतृत्व तथा बरगवां मंडल द्वारा आयोजित ये तिरंगा यात्रा मुख्य बाजार तथा आसपास के क्षेत्रों से निकली जिसमे समाज एवं क्षेत्र के विभिन्न वर्गों ने अपनी सहभागिता निभाई तथा इस यात्रा के रूप मे देश और सेना के प्रति अपना सम्मान समर्थन व कृतज्ञता प्रकट की। सेना और आपरेशन सिंदूर के बैनर तथा हर हांथ में तिरंगे के साथ जिस मार्ग से यह यात्रा निकली वहां हजारों की संख्या मे नागरिकों ने इस यात्रा का अभिनंदन किया तथा भारत माता की जय और सेना के सम्मान मे हम खड़े मैदान मे के गगन भेदी नारों के साथ अपनी निष्ठा व राष्ट्र भक्ति का परिचय दिया। इस तिरंगा यात्रा मे नगर परिषद अध्यक्ष प्रमिला वर्मा निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय जिला मंत्री ध्रुव सिंह मंडल अध्यक्ष कमल किशोर गुप्ता मनोज शाह भागवत जायसवाल मकरध्वज सिंह रामधनी यादव संजय सिंह आशीष बैस प्रशांत सिंह डा.सुनील पाल मोनू पाल लखपति साकेत दीपक तिवारी अनीता गुप्ता समेत सैकड़ों लोग सम्मिलित रहे।

# नर्मदा किनारे बिक रही अवैध शराब सरकार के आदेशों की उड़ा दी धज्जियां

## आस्था और कानून को ठेंगा, पुलिस और आबकारी विभाग के संरक्षण में खुलेआम बिक रही शराब, प्रशासन ने ओढ़ ली चुप्पी की चादर

**जागरण, डिंडोरी।** माँ नर्मदा को मैला नहीं होने दूँगा यह संकल्प था पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का, जब उन्होंने नर्मदा सेवा यात्रा के दौरान भावुक होकर घोषणा की थी कि पतित पावनी मां नर्मदा नदी के 5 किलोमीटर के दायरे में शराब की बिक्री और सेवन पर सख्त प्रतिबंध रहेगा। लेकिन आज ज़मीनी हकीकत इस घोषणा को न केवल झुठला रही है, बल्कि नर्मदा जी की पवित्रता के साथ खुला मज़ाक किया जा रहा है।

### जिला मुख्यालय बना शराब का केंद्र, नशे में डूब रहा समाज

जिला मुख्यालय डिंडोरी में हालात ऐसे हैं कि जिला मुख्यालय डिंडौरी में शराब केवल बेची ही नहीं जा रही, बल्कि लोगों को बैठाकर पिलाई भी जा रही है। छोटे ढाबों, ठेलों, गुमटियों और यहां तक कि गलियों में भी शराबियों की महफिलें सज रही हैं। अवैध शराब कारोबार की जानकारी आमजनों को है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं। कई स्थानों पर तो खुलेआम बोतलें खोलकर नर्मदा घाट के किनारे जाम छलकाए जा रहे हैं। यह सब कुछ तब हो रहा है जब पूरा क्षेत्र नर्मदा से 5 किलोमीटर के भीतर आता है, जहां शराब पूरी तरह प्रतिबंधित होनी चाहिए।

### प्रशासन की आँखों पर काला चश्मा

स्थानीय नागरिकों की तीखी टिप्पणी है, प्रशासन ने काले चश्मे पहन लिए हैं, अब उन्हें न तो नशा दिखता है, न अपराध, न ही नर्मदा का अपमान। सीसीटीवी कैमरों से लैस जिला मुख्यालय में रोजाना शराब की खेप आती है, बिकती है, पी जाती है — और पुलिस-आबकारी महकमा पूरी तरह मौन है।

### क्या यह सब सरकारी संरक्षण में हो रहा है?

स्थिति इतनी भयावह है कि जनता का विश्वास अब कानून-व्यवस्था से डगमगाने लगा है। अनेक स्थानों पर अवैध शराब की बिक्री को पुलिस की सुरक्षा प्राप्त है ऐसा स्थानीय लोगों का दावा है। अवैध शराब कारोबार के चलते घरेलू अपराध और हिंसा की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। लोगों का कहना है कि यह सब कुछ एक बड़े तंत्र के तहत चल रहा है — जिसमें शराब माफिया, प्रशासनिक अफसर और कुछ राजनीतिक चेहरे शामिल हैं।

### नर्मदा के नाम पर राजनीति, ज़मीनी सच्चाई शर्मनाक

मां नर्मदा को लेकर बड़े-बड़े मंचों से भाषण देना एक परंपरा बन गई है। आस्था और श्रद्धा की केंद्र मां नर्मदा के श्रद्धालुओं की आस्था से खिलवाड़ करते हुए वोट लेने का खेल किया जा रहा है लेकिन जब असल में उसके तटों पर कानून की धज्जियां उड़ाई जाती हैं, तो सब खामोश हो जाते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा लगाए गए प्रतिबंध का मखौल इस तरह उड़ाया जा रहा है, जैसे वह कभी अस्तित्व में ही नहीं था। नर्मदा सिर्फ एक नदी नहीं, आस्था की धारा है। उसे कलंकित करना केवल धार्मिक अपराध नहीं, बल्कि सामाजिक, नैतिक और कानूनी अपराध भी है। यदि सरकार और प्रशासन इस विषय पर चुप बैठा रहा, तो यह चुप्पी एक दिन इतिहास में शर्म के रूप में दर्ज होगी।

## अवैध रूप से रेत परिवहन करते हुए वाहन जब्त, चालक व मालिक के खिलाफ कार्रवाई

**जागरण, डिंडोरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशन एवं एसडीएम बजाग श्री रामबाबू देवांगन के मार्गदर्शन में अवैध उत्खनन करने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 20 मई 2025 को ग्राम बिलाईखार में 20 मई को छापेमारी के दौरान एक वाहन अवैध रूप से रेत परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वाहन का चेचिस नंबर स्न्न्ष्49हस्न्न35325 है। जांच में पता चला कि वाहन के मालिक का नाम रोहित पिता सम्मे परस्ते साकिन भुसण्डा तहसील बजाग, जिला डिण्डोरी है।

# मंडला में मिशन नेत्र ज्योति अभियान बच्चों के लिए बना वरदान

## सफल ऑपरेशन से 11 बच्चों को मिली नई रोशनी



**जागरण मंडला।** मध्यप्रदेश के मण्डला जिले में मिशन नेत्र ज्योति अभियान' पायलट प्रोजेक्ट ने 6 से 19 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के लिए एक नई उम्मीद जगाई है। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में संचालित इस अभियान के तहत प्रत्येक विकासखंड स्तर पर टीमों का गठन कर बच्चों की आँखों की जाँच की गई जिसमें 17 मोतियाबिंद से पीड़ित बच्चों की पहचान की गई। प्रथम चरण में इन बच्चों में से 11 बच्चों की मण्डला जिला चिकित्सालय में सफल सर्जरी की गई, जिससे उनके जीवन में नई रोशनी आई है। नेत्र व्याधि उनके कैरियर में बाधा नहीं बन सकेगी।

### सफल सर्जरी से बच्चों को मिली मोतियाबिंद से मुक्ति

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मण्डला जिला चिकित्सालय में जन्मजात मोतियाबिंद से जूझ रहे बच्चों के लिए एक विशेष सर्जरी शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर में बिछिया, मवई, निवास, मोहगांव, घुघरी और नैनपुर ब्लॉक के 17 बच्चों को चिन्हित किया गया। पहले चरण में 11 बच्चों को सफल सर्जरी के लिए जिला चिकित्सालय के वार्ड नंबर 52 में भर्ती किया गया। सर्जरी से पहले सभी आवश्यक जाँचें की गईं और मंगलवार को नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण अहरवाल द्वारा सभी बच्चों का सफल ऑपरेशन किया गया। इस सर्जरी के बाद, महिमा बघेल (7 वर्ष), तरूण मेश्राम (6 वर्ष), ज्योति मार्को (6 वर्ष), नीरज परते (14 वर्ष), अंकित (11 वर्ष), धर्मेन्द्र परस्ते (8 वर्ष), अक्ष यादव (8 वर्ष), शेख आर्यन (13 वर्ष), नकुल वरकड़े (15 वर्ष), साहिल मरकाम (10 वर्ष) और अंकित परस्ते (7 वर्ष) जैसे बच्चे अब मोतियाबिंद से मुक्त हो गए हैं। ये बच्चे अब अपनी आँखों को स्वस्थ होता देख रहे हैं। 26 मई को द्वितीय चरण में 6 बच्चों के मोतियाबिंद का होगा ऑपरेशन।

### विशेषज्ञ टीम का योगदान

19 मई को आयोजित इस शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण अहरवाल के साथ एनेस्थेसिया विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण उइके और डॉ. अनूप कुशराम भी शामिल थे। चिकित्सकीय टीम में हीरानंद चंद्रवंशी, संजय भोयर, नर्सिंग ऑफिसर वैशाली सहलाम, सूर्या पटेल और पूजा बर्मन ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, इन सभी ने मिलकर सफलतापूर्वक इन बच्चों की सर्जरी की। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. केसी सरोते, सीएस डॉ. विजय सिंह धुर्वे, आरबीएसके प्रबंधक अर्जुन सिंह, आरबीएसके डॉक्टर और एएनएम भी उपस्थित रहे।

### मोतियाबिंद एक गंभीर नेत्र रोग, सर्जरी ही उसका समाधान

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण अहरवाल ने बताया कि मोतियाबिंद एक गंभीर नेत्र रोग है जो जन्मजात, चोट लगने या बढ़ती उम्र के कारण हो सकता है। यह लेंस में सफेदी या धुंधलेपन के कारण होता है, जिससे धुंधली दृष्टि, रंगों का फीका दिखना और रात में देखने में कठिनाई जैसी समस्याएँ होती हैं। डॉ. अहरवाल ने बताया कि सर्जरी ही मोतियाबिंद का एकमात्र प्रभावी समाधान है। इस सर्जरी के दौरान धुंधले प्राकृतिक लेंस को हटाकर उसकी जगह एक इंट्राओकुलर लेंस लगाया जाता है। सीएमएचओ डॉ. केसी सरोते और सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे ने आम जनता से अपील की है कि मोतियाबिंद का समय पर इलाज न होने पर यह अंधापन का कारण बन सकता है। मिशन नेत्र ज्योति जैसी पहलें निश्चित रूप से ऐसे बच्चों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही हैं।

### मिशन नेत्र ज्योति से बच्चों के जीवन में आई नई रोशनी - कलेक्टर

मण्डला जिले में मिशन नेत्र ज्योति के सफल संचालन पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि मिशन नेत्र ज्योति पायलट प्रोजेक्ट मण्डला के बच्चों के लिए वरदान के रूप में उभरा है। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि हमारे आदिवासी बहुल क्षेत्र के किसी भी बच्चे को मोतियाबिंद जैसी गंभीर बीमारी के कारण अपनी दृष्टि से वंचित न होना पड़े। मुझे यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता है कि इनमें से 11 बच्चों की जिला चिकित्सालय मण्डला में सफल सर्जरी की गई है, शेष 6 बच्चों की सर्जरी 26 मई 2025 को जिला चिकित्सालय में की जायेगी। इन बच्चों के जीवन में अब नई रोशनी आई है, और वे एक स्वस्थ भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं। अब यह सभी सामान्य बच्चों की तरह अपनी पढ़ाई कर सकेंगे। उन्होंने विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम, स्वास्थ्यकर्मियों और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से जुड़े सभी सदस्यों की सराहना की।

## नीला-नीला पानी देख टाइग्रेस मॉम का बना मूड, बालकों संग तालाब में लगाई छलांग

**जागरण, मंडला।** विश्व प्रसिद्ध कान्हा टाइगर रिजर्व के किसली जोन में एक अनूठा दृश्य सामने आया है. बाघिन सोंधर (ञ-165) अपने दो शावकों के साथ सॉसर में जलक्रीड़ा करती नजर आई. सॉसर एक छोटा जल कुंड है, जिसे पार्क प्रबंधन ने जानवरों को गर्मी से बचाने के लिए बनाए हैं. बता दें कि कान्हा प्रबंधन गर्मियों में प्राकृतिक जल स्रोतों के अलावा कृतिम जल स्रोतों का विशेष इंतजाम करता है. भीषण गर्मी में वन्यजीवों को राहत देने के लिए पार्क प्रबंधन ने क्षेत्र में कई सॉसर बनाए हैं. इन सॉसर का उपयोग जानवर पानी पीने के लिए करते हैं. बाघिन सोंधर और उसके शावकों ने इस जल कुंड को अपनी क्रीड़ास्थली बना लिया. बाघों की मस्ती को मौके पर मौजूद पर्यटकों ने अपने कैमरों में कैद कर लिया. वीडियो में बाघिन और उसके शावक पानी में खेलते और मस्ती करते दिख रहे हैं. यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. कान्हा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर रवींद्र चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि, %%हमारे द्वारा 100 कृत्रित रूप से पोखर तालाब बनाए गए हैं. जिनकी हर साल गर्मी के मौसम में मरम्मत की जाती है, ताकि गर्मियों में वन्यजीवों को राहत मिल सके।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न ग्रामों में किए जा रहे जल संरक्षण के कार्य

**जागरण, डिंडोरी।** जल-गंगा-संवर्धन-अभियान के तहत प्रदेश में जल स्त्रोतों तथ नदी, तालाबों, कुआं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतो के जल संरक्षण एवं पुर्नजीवन के लिये विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री बद्रीप्रसाद चौहान द्वारा उपस्थित ग्रामवासियों को चौपाल के माध्यम से अभियान का उद्देश्य बताते हुए जल का महत्व तथा जल का उपयोग एवं संरक्षण का महत्व तथा पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण के संबंध में लोगों को जानकारी दी गई। आज 21 मई 2025 को जन अभियान परिषद विकासखण्ड बजाग जिला डिंडौरी के नवांकुर संस्था-वसुंधरा ग्राम विकास समिति भानपुर द्वारा विक्रमपुर में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत तालाब में आसपास स्वच्छता कार्य किया गया जिसमें विकासखण्ड समन्वयक श्रीमती अंजू दुबे, नवांकुर संस्था -वसुंधरा ग्राम विकास समिति भानपुर से गुरुदास कुलदीप, मेंटर्स एवं ग्रामवासियों की सहभागिता रहीं।

## होटल-ढाबों में मिलावट पर लगेगी लगाम, गठित की गई जांच टीमें

**जागरण, डिंडोरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशन में गर्मी के मौसम में खाद्य सामग्री में मिलावट की आशंका को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा विशेष पहल किया जा रहा है। जिसमें आम जनता और जनप्रतिनिधियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं खाद्य अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित की गई है। जो जिले के विभिन्न स्थानों पर होटल, ढाबों और खाद्य विक्रेताओं की जांच के लिए विशेष दल गठित किए गए हैं। बताया गया कि डिण्डौरी, बजाग, और शहपुरा जैसे प्रमुख अनुभागों के लिए अलग-अलग जांच दल बनाए गए हैं। इन दलों में तहसीलदार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, नगर परिषद प्रतिनिधि और संबंधित विभागों के सदस्य शामिल हैं। तहसीलदार/नायब तहसीलदार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, प्र. सहायक आपूर्ति अधिकारी, कनिष्ट आपूर्ति अधिकारी, नगर परिषद अधिकारी और राजस्व विभाग के अधिकारियों की टीम जांच करेगी। गठित दलों को होटल/ढाबों में जाकर स्वच्छता, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, मिलावट की संभावना और उपभोक्ता सुरक्षा जैसे विषयों पर कड़ी निगरानी और जांच के आदेश दिए गए हैं। यदि किसी प्रतिष्ठान में मिलावटी खाद्य सामग्री या गंदगी पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य सुरक्षा सर्वोपरि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान जन स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के लिए चलाया जा रहा है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों से अपेक्षा निर्धारित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे समयबद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाएं।

# पिपरिया माल में बैगा आदिवासियों की जमीन हड़पने का आरोप जिला कलेक्टर को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने सौंपा ज्ञापन



**जागरण डिंडोरी।** बजाग विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया माल के ग्रामीणों द्वारा सामूहिक आवेदन देकर दलालों द्वारा गरीब, अशिक्षित और भोले भाले बैगा जनजाति के दर्जनों लोगों की जमीन औने पौने पैसे देकर दलालों द्वारा हड़प लिए जाने की शिकायत की गई थी। जिस पर एक माह से भी अधिक का समय बीतने के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा कोई जांच नहीं कराई गई है। जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामसभा और पेसा समिति के प्रस्ताव को लेकर भी प्रशासन साइलेंट मोड पर है। जिसको लेकर ग्रामीणों में डर है कि उनकी जमीनें अब माफियाओं के कब्जे में चली जाएगी। इस मुद्दे को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी लगातार ग्रामीणों के संपर्क में है और इस बड़े स्तर के घोटाले और राजनैतिक संरक्षण प्राप्त खनिज माफिया के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए। पूरे मामले की जानकारी जिला प्रशासन को देकर जांच करवाए जाने की मांग जिला कलेक्टर से की गई थी जिस पर भी कोई कार्यवाही नहीं होने पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने फिर से ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी लड़ाई वैधानिक तरीके से लड़े जाने और कानूनी लड़ाई के माध्यम से न्याय दिलाए जाने का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों ने बताया कि उनके भू राजस्व के रिकॉर्ड में गड़बड़ियां है, शामिल खातों की कौन सी भूमि किसने, कब बेच दी इसकी तक उन्हें जानकारी नहीं मिल पा रही है जिससे लोग डरे हुए है। जिन जमीनों पर अब तक उनके कब्जे है वो जमीनें भी किसी और के नाम बताई जाती है। ग्रामीणों की समस्या के निदान हेतु गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के द्वारा एक आवेदन अनुविभागीय अधिकारी बजाग को देकर पिपरिया माल में विशेष शिविर लगा कर भू राजस्व का रिकॉर्ड दुरुस्त कराए जाने और बंदोबस्त की जानकारी लोगों को दिए जाने की मांग की गई। जिस पर अनुविभागीय अधिकारी ने शीघ्र राजस्व अमले द्वारा समस्या का निराकरण कराए जाने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों के साथ हुए फर्जीवाड़े की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नेताओं ने सभी मामलों की स्न्ब्रक्र दर्ज कराए जाने और दलालों के द्वारा किए गए शोषण के मामलों की लिखित शिकायतें पीड़ितों के द्वारा उपस्थित होकर जिला कलेक्टर को कराई जावे। जिस पर कार्यवाही नहीं होती है तो पार्टी कानूनी लड़ाई के माध्यम से ऐसे सभी पीड़ितों को न्याय दिलाने का प्रयास करेगी जिनके साथ बड़े खनिज माफियाओं के इशारों पर स्थानीय दलालों ने फर्जीवाड़ा कर उनकी जमीनों को हड़पने का काम किया है। इस पूरे मामले में गांव के रहने वाले दो लोगों के साथ बजाग के एक कथित दलाल का नाम ग्रामीणों द्वारा उजागर किया गया है जिनके खिलाफ कार्यवाही जरूरी है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट इरफान मलिक, राष्ट्रीय सचिव व पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अमान सिंह पोर्ते और प्रदेश पदाधिकारियों हरि मरावी, राजा बली, पंकज शुक्ला, रविशंकर बैगा, अनीस खान, ब्लाक प्रमुख प्रशांत मरावी, नरेन्द्र धुर्वे, धर्मेन्द्र मानिकपुरी, योगेश कुमार, एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ पिपरिया माल पहुंचे थे। सभी ग्रामीणों से चर्चाकर उनके साथ हो रहे अन्याय की जानकारियां पार्टी के राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व को दे दी गई है। जिस पर पार्टी की आगामी रणनीति के अनुसार जिले में माफियाओं के द्वारा बैगा और आदिवासियों की जमीनें हड़पने की साजिश के खिलाफ व्यापक आंदोलन की घोषणा की जावेगी ताकि बैगाचक क्षेत्र में बैगा आदिवासियों के हक और अधिकारों की सुरक्षा हो सके।

## एसडीएम ने किया जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का निरीक्षण

**जागरण, मंडला।** एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम ने मण्डला जनपद पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रों में जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पद्मी, औघटखपरी और सुकतरा में नवीन खेत तालाब निर्माण कार्य, डगवेल रिचार्ज और अमृत सरोवर के निर्माण स्थल पर पहुंच कर प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जनपद पंचायत मण्डला के सहायक यंत्री, उपयंत्री, पंचायत सचिव सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# युवक पर शेर ने किया हमला



**देवलौद।** थाना देवलौद अन्तर्गत ग्राम करौंदिया के जंगल में चरका गड़ारी नाम का व्यक्ति बकरी चराने जंगल गया था । वहां पर चरका गड़ारी के बताएं अनुसार शेर उसके ऊपर पंजा से हमला कर दिया । आहत चरका गड़ारी को लेकर उसका बेटा थाना देवलौद में सूचना देते हुए चिकित्सालय देवलौद में उपचार कराया ।जहां डॉक्टर उपचार करते हुए उन्हें एडमिट कर दिया है ।थाना देवलौद के थाना प्रभारी सुभाष दुबे जी ने कहा है की आवश्यक कानूनी कार्यवाही कर घटना की सूचना वन विभाग को भेज दी गई है।

भाअजप्रा IWAI
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण
(बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
ए-13, सेक्टर-1, नोएडा-201301 (उ.प्र.)
फोन: 0120-2474050 और 2544036
SAGARMALA

सूचना
21 मई, 2025
संदर्भ: रोजगार सूचना संख्या IWAI-12013(11)/1/2022-प्रशा. दिनांक 19.03.2025

उपरोक्त के संदर्भ में, 03 वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति के आधार पर **निजी सहायक** के 01 रिक्त पद को भरने के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **06 जून, 2025** तक बढ़ा दी गई है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया IWAI की वेबसाइट **www.iwai.nic.in** देखें।

हस्ता./-
सचिव

**Kalyan Singh Super Specialty Cancer Institute**
C.G. City, Sultanpur Road, Lucknow-226002
(An Autonomous Institute of the Govt. of Uttar Pradesh)
Website: https://cancerinstitute.edu.in Email: procurement.kssscí@gmail.com

**Subject:** Procurement of **Anti-Plagiarism Software (Qty-01)** for Digital Library **and Plasma/Low Hb Analyzer (Qty-01)** for department of Transfusion Medicine, KSSSCI, Lucknow-226002 on proprietary basis -Reg.

The Institute is in the process of procuring item: **Anti-Plagiarism Software (Qty-01)** for **Digital Library and Plasma/Low Hb Analyzer (Qty-01)** for the use of for **department of Transfusion Medicine**, KSSSCI, Lucknow-226002 through PAC GeM bid as on (Proprietary bases). The documents are being uploaded at KSSSCI website **https://cancerinstitute.edu.in** for open information and also to submit objections, comments if any, from relevant manufacturer regarding proprietary nature of the equipment/item within 15 days from the date of publication of this advertisement. The comments should reach KSSSCI purchase Section at OPD Block of KSSSCI, through offline or through Email **procurement.kssscí@gmail.com** on or before **05.06.2025 up to 04:00 pm** failing which it will be presumed that any other vendor is having no objections, comments or offer and case will be decided on merits.

Advt. No: KSSSCI/Tender-05/2025-26 DIRECTOR

# अजयगढ़ पुलिस ने भैंस चोरी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

## आरोपी के कब्जे से 02 भैंस कीमत 45000 रुपये एवं 2000 नगदी बरामद

**जागरण, पन्ना।** थाना अजयगढ़ में अलग-अलग फरियादियों द्वारा रिपोर्ट की गई थी कि उनकी 03 नग भैंसो को ग्राम कगरे का बारा एवं ग्राम रामनई से कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। अलग-अलग फरियादियो की रिपोर्ट पर थाना अजयगढ़ में अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध किये जाकर विवेचना में लिये गये। थाना प्रभारी अजयगढ़ निरी. बखत सिंह ठाकुर द्वारा उक्त संबंध में वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया जो पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्ण एस. थोटा द्वारा पशु चोरों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के व एसडीओपी अजयगढ़. राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी अजयगढ़ निरीक्षक बखत सिंह ठाकुर के नेतृत्व में अजयगढ़. चौकी चंदौरा पर पुलिस टीमों का गठन किया गया है। थाना प्रभारी अजयगढ़ व चौकी प्रभारी चंदौरा सउनि आनंद मोहन मिश्रा द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। इसी तारतम्य में सउनि आनंद मोहन मिश्रा चौकी प्रभारी चंदौरा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रामनई से चोरी की गई 01 नग भैंस व 01 नग पड़िया को एक संदिग्ध व्यक्ति बेचने हेतु करतल तरफ लेकर जा रहा है। सूचना की तस्दीक की गई जो संदेही व्यक्ति 01 नग भैंस व 01 नग पड़िया को पैदल हाँकता हुआ करतल तरफ जाता हुआ केन नदी के घाट ग्राम भीना मे मिला। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी करके उक्त व्यक्ति को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर नाम पता पूँछे जाने पर उक्त व्यक्ति द्वारा अपना नाम पता पुलिस टीम को बताया गया। घटना



के संबंध में पूँछताछ किये जाने पर संदेही द्वारा जुर्म स्वीकार किया गया। आरोपी के कब्जे से उपरोक्त 01 नग भैंस कीमती 35000६. रुपये एंव 01 नग पडिया कीमती 10000६. रु जप्त की गई आरोपी से कड़ाई से पूँछताछ करने पर आरोपी द्वारा ग्राम कगरे का बारा से 03 नग भैंस की चोरी करना व अज्ञात व्यक्ति को बेचना स्वीकार किया व चोरी की हुई भैंस बेचने से प्राप्त रुपयो मे से 2000६. रुपये शेष होना बताया जो आरोपी से नगद रुपये जप्त किये जाकर आरोपी को नियमानुसार गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया जो माननीय न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जिला जेल दाखिल कराया गया। गिरफ्तार आरोपी . रामगोपाल उर्फ रज्जन राजपूत पिता श्रीपाल राजपूत उम्र 30 साल निवासी बनाफर मोहल्ला लवकुशनगर जिला छतरपुर सराहनीय योगदान उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अजयगढ़ निरीि बखत सिंह ठाकुर ए सउनि आनंद मोहन मिश्रा चौकी प्रभारी चंदौरा एसउनि बीएम सिंह एप्रण्आरण् राजकुमार ए आरण् विनोद कुमार ए भूरी सिंह ए विजय सिंह ए अरुण प्रताप ए रोहित शिवहरे ए शुभम शुक्ला का सराहनीय योगदान रहा

# शीतल पेयजल हेतु वन विभाग द्वारा लगवाए गए पांच वाटर कूलर



**पवई।** इन दिनों देशएप्रदेश के साथ पन्ना जिले में भी भीषण गर्मी का दौर जारी है। पवई नगर सहित पूरे क्षेत्र में भी लोग भीषण गर्मी के दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में लोगों की गर्मी से बचने के लिए सबसे बड़ी आवश्यकता पानी होती है। इसी समस्या को देखते हुए मध्य प्रदेश शासन वन विभाग पवई के द्वारा तेंदूपत्ता लाभांश की राशि के द्वारा पांच स्थानों पर शीतल पेयजल उपलब्ध कराने हेतु वाटर कूलर लगवाए गए हैं। बुधवार को मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया जिला महामंत्री दीपेंद्र सिंह परिहार कार्य समिति समिति सदस्य पुष्पेंद्र पटेल एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल हरिराम पटेल की उपस्थिति में माता कलेही देवी मंदिर परिसरएकृषि उपज मंडीएअरण्य भवन सहित दो शासकीय विद्यालयों में वाटर कूलर स्थापित किए गए। इस दौरान पूरे विधि विधान से मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गई साथ ही फीता काटकर वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। बता दें की वन विभाग का उद्देश्य गर्मी में लोगों को ठंडा पानी मिल सके। और कलेही देवी मंदिर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। वाटर कूलर लग जाने से उन्हें यहां वहां भटकना नहीं पड़ेगा साथ ही कृषि उपज मंडी जहां किसानों का हमेशा आना जाना होता हैएवाटर कूलर के लग जाने से उन्हें ठंडा पानी मिल पाएगा।

# निर्माता दूरसंचार क्रांति के जनक राजीव गांधी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**जागरण, पन्ना।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पन्ना के तत्वाधान में तथा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि अर्ध निर्मित कांग्रेस कार्यालय इंद्रपुरी कॉलोनी में मनाई गई जिसमें प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह उपस्थित रहे, इस दौरान उन्होंने कहा कि आज हम जो लोग कंप्यूटर तथा मोबाइल का उपयोग कर रहे हैं इसकी देन हमारे नेता राजीव गांधी को जाती है उन्होंने पूरे देश में दूरसंचार क्रांति लाई थी और उक्त क्रांति का उपयोग हमारा सारा देश आज कर रहा है और प्रगति पथ पर अग्रसर है ऐसे नेता को हम बारं-बार श्रद्धांजलि देते हैं इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित रहे मुख्य रूप से जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष राजेश तिवारी जीवनलाल सिद्धार्थ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय तिवारी जगतपाल सिंह पुरुषोत्तम जडिया नेता प्रतिपक्ष रेहान मोहम्मद अनीश खान भूपेंद्र परमार दीपक तिवारी स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी धीरेंद्र पाठक राज बहादुर पटेल प्रहलाद यादव मुकेश दुबे रहीमा खातून सरदार यादव कदीर खान रज्जन यादव जय राम यादव अभिषेक चौरसिया वेदांत मिश्रा फैज मोहम्मद रामप्रसाद वर्मा फैयाज मोहम्मद राहुल उपाध्याय सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# जन अभियान परिषद के कार्यों की हुई समीक्षा

**पन्ना।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद पन्ना की समस्त जिला स्तरीय नवांकुर संस्थाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक दिनेश उमरैया द्वारा ली गई बैठक में वित्तीय वर्ष 2024.25 में क्रियान्वित कार्यों के त्रैमासिक प्रतिवेदनों पर चर्चा कर समस्त नवांकुर संस्थाओं के आगामी कार्यों के लक्ष्यों की विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई। मुख्यतः प्रत्येक विकासखंड में प्रति सेक्टरवार एक.एक नर्सरीए जन सूचना केंद्रए वाचनालय व संस्कार केंद्र स्थापित किए जाने के प्रावधान बताए गए। बैठक में जिला समन्वयक आनंद पांडेय सहित विकासखंड समन्वयक शाहनगर राजेश बाबू अर्गल तथा विकासखंड समन्वयक अजयगढ़ क्षमा खरे भी उपस्थित रहीं।

# ब्रेक फेल होने से खाई में गिरा ट्रक चालक और सहायक को निकाल कर पत्रकारों ने पहुंचाया अस्पताल

**पन्ना।** पन्ना-छतरपुर रोड नेशनल हाईवे 39 के मध्य दुर्गम घाटियों में आए दिन हादसे हो रहे हैं। 20 मई 2025 को ब्रेक फेल होने से एक ट्रक खाई में जा गिराए जिसमें चालक एवं सहायक बुरी तरह फंस गएए रास्ते से गुजर रहे पत्रकार टाइगर खानए सौरभ साहूए इदरीश मोहम्मदए राजेश रावतए शुभम रिछारियाए शिखर शिवहरे एवं शलभ मिश्रा ने घायल चालक और सहायक को निकाल कर 108 एंबुलेंस को फोन कियाए एंबुलेंस नहीं पहुंचते देख घायलों को निजी वाहन से जिला अस्पताल पन्ना पहुंचाया पत्रकारो के इस नेक एवं परोपकार के कार्य की हर कोई सराहना कर रहा है।

# आतंकवाद के विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर सेना की जीत पर पवई में तिरंगा यात्रा गुरुवार को



**पवई।** आतंकबाद के खिलाफसिन्दूर आपरेशन की सफलता एवं आतंकवादियों के विरुद्ध भारत की कडी कार्यवाही सेना की ऐतिहासिक जीत पर पवई नगर में तिरंगा यात्रा 22 मई 2025 गुरुवार को पवई नगर वासियों एवं समस्त नगरवासियों पवई के तत्वाधान में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें समस्त जनप्रतिनिधियों नागरिकों से उपस्थित होने की अपील की गई तिरंगा यात्रा 22 मई 2025 दिन गुरुवार को सायं 4रू30 बजे जगदीश स्वामी मंदिर प्रारंभ होकर गांधी चौक झंडा बाज़ार विवेकानंद चौक पवई मिलौनीगंज से करही तिराहा मे समापन किया जाएगा समस्त नगर वासियों जन प्रतिनिधियों युवाओं से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर देश के सैनिकों का सम्मान बढ़ाएं एवं तिरंगा यात्रा में शामिल हो। तिरंगा यात्रा भारत माता की झांकी ध्वनि विस्तारक यंत्र ए बैण्ड बाजों के साथ धूम.धाम से निकाली जायेगी।

# गर्मी अंधेरा और इंतजार कब सुनेगा विभाग खटीक मोहल्ला की पुकार

**पवई।** नगर परिषद पवई के वार्ड क्रमांक 10 स्थित खटीक मोहल्ला में बिजली समस्या विकराल रूप ले चुकी है। गर्मी के इस मौसम में जहां हर नागरिक को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की आवश्यकता हैए वहीं इस मोहल्ले के आधे से अधिक घर हर रात अंधेरे में डूब जाते हैं। स्थानीय रहवासियों के अनुसारए दिन में बिजली सप्लाई सामान्य रहती हैए परंतु जैसे ही रात होती हैए मोहल्ले का बड़ा हिस्सा बिजली से वंचित हो जाता है। इससे लोगों को भीषण गर्मीए मच्छरों और असुरक्षा जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

**बार-बार शिकायत, फिर भी नहीं मिला समाधान :** मोहल्लेवासियों ने बताया कि इस संबंध में कई बार बिजली विभाग को शिकायतें दी जा चुकी हैं लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है। जब विभाग के कर्मचारी से जानकारी ली गई तो उन्होंने तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए बताया कि फिलहाल मोहल्ले में 25 एमपीयर की केबल कार्यरत है जबकि आवश्यकता 90 से 95 एमपीयर की है। निवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि जब रात में विभागीय कर्मचारियों से संपर्क किया जाता है तो वे कहीं और खराबीद्ध का बहाना बनाकर टालमटोल करते हैं। कई बार तो जनता की बार.बार मिन्नतें करने पर ही कर्मचारी मौके पर पहुंचते हैं और तब जाकर अस्थायी रूप से सुधार कार्य होता है। खटीक मोहल्ले के नागरिकों ने नगर प्रशासन और विद्युत विभाग से इस समस्या का शीघ्र समाधान किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो गर्मी के साथ.साथ नाराज़गी भी बढ़ती जाएगी।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ

**पन्ना।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर गत एक अप्रैल से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। बहादुरीए खेलए सामाजिक सेवाए विज्ञान और प्रौद्योगिकीए पर्यावरण तथा कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 की स्थिति में 5 वर्ष से अधिक एवं 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकेंगे। नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा।

# संभागीय समन्वयक के नेतृत्व में किया श्रमदान



**पन्ना।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बुधवार को पन्ना नगर के वार्ड क्रमांक 12 स्थित सिंचाई कॉलोनी की ऐतिहासिक प्राचीन बावड़ी में जन अभियान परिषद पन्ना के तत्वाधान में साफ सफाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर परिषद के संभागीय समन्वयक दिनेश उमरैया के नेतृत्व में जिला समन्वयक आनंद पाण्डेय एवं वालंटियर्स द्वारा जनसहभागिता से श्रमदान कर बावड़ी की साफसफाई की गई। आमजनों को अभियान की गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित भी किया गया। मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाताओं एवं विद्यार्थियों द्वारा लोगों को अभियान के महत्व के बारे में जानकारी देकर पुराने जल स्रोतों तथा पानी के संरक्षण का संकल्प भी दिलाया गया। इसके अतिरिक्त परिषद द्वारा आगामी दिवसों में क्रियान्वित की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी भी दी गई।

# कलेक्टर ने स्थानीय निर्वाचन कार्यालय भवन निर्माण का किया भूमिपूजन




**जागरण, पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थानीय निर्वाचन के नवीन जिला कार्यालय भवन निर्माण का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्रए एसडीएम संजय कुमार नागवंशीए संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतमए कार्यपालन यंत्री आरईएस बीण्डीण् कोरीए जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता सहित निर्वाचन पर्यवेक्षक उमाशंकर दुबे तथा अन्य अधिकारी.कर्मचारी भी उपस्थित रहे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग द्वारा 35 लाख 10 हजार रूपए की लागत से मण्प्रण् टूरिज्म बोर्ड निर्वतन एवं अधोसंरचना विकास मद से लगभग 2 हजार वर्ग फिट में 6 माह में एक मंजिला भवन का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर जिला कलेक्टर द्वारा भवन निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से निर्माण कार्य के संबंध में आवश्यक जानकारी भी ली गई। साथ ही समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया गया।

# सांदीपनि विद्यालय पन्ना में समर कैम्प का समापन




**जागरण, पन्ना।** सांदीपनि शासकीय मॉडल उण्माण् विद्यालय पन्ना में गत एक मई से संचालित समर कैंप.2025 का आज समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। शासकीय आरण्पीण् उत्कृष्ट उण्माण्विद्यालय पन्ना की सेवानिवृत्त प्राचार्य निशा जैन एवं विद्यालय प्राचार्य जयकरण पटेल की उपस्थिति में समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। समर कैंप में कक्षा 1 से 12वीं तक के संस्थागत एवं गैर संस्थागत कुल 90 छात्रों ने विभिन्न विधाओं जैसे आर्ट एण्ड क्रॉफ्टए संगीत ;गायनए वादनए नृत्यद्धए क्रीड़ाए भाषा ज्ञान ;स्पोकन इंग्लिशए क्षेत्रीय भाषा बुंदेलखण्डीद्ध में अपनी सहभागिता की। समर कैंप में खेल विधा अंतर्गत खेल शिक्षक मनोज कुमार खरे एवं नवीन नामदेव द्वारा छात्र.छात्राओं को विभिन्न इनडोर एवं आउटडोर खेलों में प्रशिक्षित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के गुण भी सिखाए गए। छात्रों को योग का अभ्यास भी कराया गया। विद्यार्थियों को वेस्ट सामग्री से आकर्षक डिजाइन बनाने तथा फोटो कट आउट इत्यादि तैयार करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न जीवन कौशल के बारे में भी आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। समापन कार्यक्रम में छात्र.छात्राओं द्वारा समर कैंप में सीखे गए हुनर का प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों ने आर्ट गैलरी में विभिन्न पेंटिंग की प्रदर्शनी भी लगाई। विद्यालय प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को प्रमाण.पत्र वितरण कर उत्साहवर्धन किया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# ओरछा में मंत्रिमंडल की बैठक के आयोजन की मांग

## भाजपा नेता विकास यादव ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

**जागरण, टीकमगढ़।** विगत दिवस देवी अहिल्याबाई होल्कर की स्मृति में इंदौर के राजवाड़ा में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रीमंडल की बैठक आयोजित की गई। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आगामी 3 जून को होने वाली मंत्रीमंडल की बैठक का आयोजन पचमढ़ी में जनजातीय राजा भभूत सिंह की स्मृति में आयोजित करने की घोषणा भी की हैए इसके पूर्व मंत्रीमंडल की पहली बैठक जनजातीय वीरांगना रानी दुर्गावती की स्मृति में जबलपुर में आयोजित की गई थी। इसीक्रम में अगली बैठक श्री राम राजा सरकार की नगरी ओरछा में आयोजित करने की मांग भी अब जोर पकड़ती जा रही है। भाजपा नेता विकास यादव ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर मंत्रिमंडल की अगली बैठक श्री राम राजा सरकार की नगरी विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल ओरछा में आयोजित करने की मांग की है।



श्री यादव ने पत्र में लिखा है कि विश्व प्रसिद्ध धार्मिक व पर्यटन नगरी ओरछा में श्रीराम राजा सरकार का मंदिर है जो देश का एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां प्रभु श्री राम को राजा के रूप में पूजा जाता है साथ ही दिन में चार बार शसस्त्र सलामी दी जाती है। इस मंदिर की विशेषता यह है कि माता जानकी के साथ विराजमान राजाराम प्रतिदिन अपना दरबार लगाते हैं और भक्तों की फरियाद सुनते हैं। यहां एक ओर ऐतिहासिक इमारतें पर्यटकों को आकर्षित करतीं हैं तो दूसरी ओर प्राकृतिक सौंदर्य मन मोह लेता है। रामराजा मंदिरए चतुर्भुज मंदिरए लक्ष्मी मंदिरए जहांगीर महलए हरदौल बैठकाए ऐतिहासिक छतरियां और कल कल करती बेतवा नदी यह सभी ओरछा की संस्कृति और विरासत का जीवंत उदाहरण है। ओरछा के अंदर चाहे कोई भी व्हीआईपी आगमन हो उसे सलामी नहीं दी जाती यहां केवल श्री राम राजा सरकार का साम्राज्य चलता है। मध्यकाल में महाराज मधुकर शाह की महारानी कुंवर गणेश 8 माह 28 दिन पैदल चलकर प्रभु श्री राम को अयोध्या से ओरछा लेकर आई थी तब से श्री राम राजा सरकार महारानी की रसोई में विराजमान है। श्री यादव ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से अगली मंत्रिमंडल की बैठक प्रभु श्री राम की अनन्य उपासक मां कौशल्या स्वरूपा महारानी कुंअर गणेश की स्मृति में ओरछा में आयोजित करने की मांग की है ताकि ओरछा सहित संपूर्ण बुंदेलखंड का सर्वांगीण विकास हो सके।

# टीकमगढ़ से हज पर जाने वाले जायरीन मक्का मदीना के लिए हुए रवाना

**जागरण, टीकमगढ़।** आज 20 मई 2025 मंगलवार के दिन हज के लिए रबाना हुये जायरीन टीकमगढ़ से मक्का मदीना के सफर पर जायरीन हुए रवाना जिस में शेखो के मोहल्ले के निवासी शेख जफर और उनकी मां अकीला बेगम और उनकी पत्नी हज के सफर पर निकले स्थानीय लोगों ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत कर रवाना किया। टीकमगढ़ नगर से हाजी शेख शहीद खान के भतीजे और भाभी और बहू हज पर जा रहे है सभी लोगों ने उनके घर जा कर उनका फूलमाला डाल कर उनका स्वागत किया। शहर से होते हुए नजरबाग पर हजरत दाता इलाहिसाह बाबा की दरगाह पर हाजरी देकर टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन से पहले दिल्ली के लिए रवाना हुए और दिल्ली एयरपोर्ट



से मक्का मदीना के लिए रवाना होंगे हज यात्रियों को विदा करने के लिए भारी संख्या में लोग टीकमगढ़ के नजरबाग पहुंचे उनका फूल माला पहना कर स्वागत किया गया और टीकमगढ़ स्टेशन पर भी हज पर जाने बालो का फूलमाला पहनाकर दिल्ली के लिए रवाना किया गया है। दिल्ली एयरपोर्ट से हज के लिये जाने बाले लोग मक्का मदीना के लिए रवाना होंगे।

# तहसीलदार खरगापुर ने ग्राम पंचायत देरी में अवैध रूप से बोरबेल करते हुये बोरिंग मशीन को पकड़ा



**जागरण, टीकमगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विवेक श्रोत्रिय द्वारा टीकमगढ़ जिले के संपूर्ण क्षेत्र एवं परिसीमा को मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत नवीन हैण्डपंप का खनन प्रतिबंधित किया गया है। इसीक्रम में आज तहसीलदार गोविन्द्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में खरगापुर द्वारा ग्राम पंचायत देरी अंतर्गत ग्राम सडोरी में बोरिंग मशीन को अवैध रूप से बोरबेल करते हुये पकड़ा गयाए जिसका बाहन क्रण् केए 01 एमके 6283 एवं केए 01 एमके 6307 है। बोरिंग मशीन को पुलिस देरी में सुपुर्द किया गया।ज्ञातव्य है कि कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री विवेक श्रोत्रिय द्वारा टीकमगढ़ जिले के संपूर्ण क्षेत्र एवं परिसीमा को मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत आगामी वर्षाकाल प्रारंभ होने की कालावधि 15 जुलाई 2025 अथवा पर्याप्त वर्षा होने तक के लिये नवीन हैण्डपंप का खनन प्रतिबंधित किया गया है।

# सिलौंडी-दशरमन रोड पर दो बसों की आमने-सामने टक्कर

## ड्राइवर गंभीर रूप से घायल, यात्रियों को मामूली चोट


**जागरण, कटनी।** सिलौंडी से दशरमन की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर सुबह करीब 10.30 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में दो यात्री बसें आमने-सामने से टकरा गईं जिसमें दोनों बसों के ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए। एक बस चौरसिया बस सर्विस की थी जो सिलौंडी की दिशा से आ रही थी, जबकि दूसरी बस कटनी की बताई जा रही है जो दशरमन की ओर जा रही थी। यह टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और ड्राइवरों को बस के अंदर से बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग, पुलिस बल और प्रशासन मौके पर पहुंचे और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। राहगीरों



और ग्रामीणों ने मिलकर घायलों को बस से बाहर निकाला और तुरंत पास के अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार दोनों ड्राइवरों की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज जारी है। हादसे के समय दोनों बसों में कुल मिलाकर करीब 60 से अधिक यात्री सवार थे। सौभाग्य से अधिकांश यात्रियों को कोई गंभीर चोट नहीं आई। कुछ यात्रियों को मामूली खरोंचें और चोटें आईं जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि हादसे की मुख्य वजह दोनों बस चालकों की लापरवाही रही। बताया जा रहा है कि दोनों वाहनों की गति अधिक थी और मोड़ पर ध्यान न देने के कारण यह टक्कर हुई। संकरे रास्ते और तेज रफ्तार के चलते ड्राइवर वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सके जिससे यह दर्दनाक दुर्घटना घटित हुई। स्थानीय लोगों में इस हादसे को लेकर आक्रोश है। लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन ओवरस्पीड और लापरवाही से वाहन चलाने की घटनाएं सामने आती रहती हैं लेकिन प्रशासनिक कार्रवाई के अभाव में ऐसी घटनाओं में कोई कमी नहीं आ रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस सड़क पर गति सीमा के सख्त नियम लागू किए जाएं साथ ही नियमित पुलिस गश्त और चालकों की निगरानी की व्यवस्था की जाए। प्रशासन की ओर से बताया गया है कि मामले की जांच जारी है और दुर्घटना की पूरी रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# एवरेस्ट विजय : सीआईएसएफ की पहली महिला अधिकारी गीता समोटा ने रचा इतिहास

## दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर पहुंचने वाली सीआईएसएफ की पहली अग्रणी अधिकारी बनीं




**जागरण सिंगरौली।** मानवीय सहनशक्ति अदम्य साहस और अटूट संकल्प की मिसाल पेश करते हुए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ की महिला उप.निरीक्षक गीता समोटा ने 8849 मीटर 29032 फीट ऊंचे माउंट एवरेस्ट की सफल चढ़ाई कर इतिहास रच दिया। सोमवार की सुबह गीता जब दुनिया की छत् पर खड़ी थीं तो वह क्षण केवल एक व्यक्तिगत विजय नहीं था बल्कि सीआईएसएफ की शक्ति और भारतीय राष्ट्र की असीम साहस का प्रतीक भी बन गया। राजस्थान के सीकर जिले के छोटे से चक गांवे से शुरू हुई यह प्रेरणादायक यात्रा उस अदम्य साहस का परिणाम है जिसने हर बाधा को पार कर एक असाधारण उपलब्धि को संभव बनाया। चार बहनों वाले एक साधारण परिवार में जन्मी गीता समोटा का पालन–पोषण राजस्थान के सीकर जिले के चक गांव में पारंपरिक ग्रामीण परिवेश में हुआ। उन्होंने अपनी स्कूली और कॉलेज की शिक्षा स्थानीय संस्थानों से ही पूरी की। बचपन से ही उन्होंने लड़कों की उपलब्धियों के किस्से तो खूब सुने लेकिन जब बात लड़कियों की सफलताओं की आती तो एक खालीपन सा महसूस होता यही खालीपन उनके भीतर अपनी अलग पहचान बनाने की ललक को जन्म देता गया। गीता को शुरू से ही खेलों में विशेष रुचि थी और कॉलेज के दिनों में वह एक होनहार हॉकी खिलाड़ी के रूप में जानी जाती थीं। मगर एक दुर्भाग्यपूर्ण चोट ने उनके खेल करियर को बीच रास्ते में ही रोक दिया। यह एक ऐसा झटका था जिसने उन्हें अनजाने में ही एक नई दिशा की ओर मोड़ दिया कृ एक ऐसी राह जहां उन्होंने न केवल खुद को फिर से खोजा बल्कि देश और बल का गौरव भी बढ़ाया। वर्ष 2011 में गीता समोटा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में शामिल हुईं। सेवा के शुरुआती वर्षों में ही उन्होंने देखा कि पर्वतारोहण एक ऐसा क्षेत्र है जिसे बल में बहुत कम लोग जानते थे कृ उस समय तक केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के पास कोई समर्पित पर्वतारोहण दल भी नहीं था। गीता ने इस स्थिति को एक चुनौती नहीं बल्कि एक अवसर के रूप में देखा। उनकी यह दूरदर्शिता उन्हें वर्ष 2015 में एक निर्णायक मोड़ पर ले आई जब उन्हें औली स्थित भारत.तिब्बत सीमा पुलिस प्रशिक्षण संस्थान में छह सप्ताह के बुनियादी पर्वतारोहण पाठ्यक्रम के लिए चयनित किया गया। उल्लेखनीय रूप से वह अपने बैच की एकमात्र महिला प्रतिभागी थीं। ट्रैनिंग के दौरान उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने उनके भीतर न केवल आत्मविश्वास और दृढ़ता को और मजबूत किया बल्कि पर्वतारोहण के प्रति जुनून और कौशल को भी नई ऊँचाई दी। इसके परिणामस्वरूप उन्होंने वर्ष 2017 में उन्नत पर्वतारोहण ट्रैनिंग सफलतापूर्वक पूरा किया और ऐसा करने वाली पहली तथा एकमात्र केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल कर्मी बनीं। ये कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रम उनके भीतर छिपी पर्वतारोही प्रतिभा को निखारने में निर्णायक सिद्ध हुए। उनकी अटूट दृढ़ता ने वर्ष 2019 में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का रूप लिया जब वे उत्तराखंड की माउंट सतोपंथ 7075 मीटर और नेपाल की माउंट लोबुचे 6119 मीटर पर सफलतापूर्वक चढ़ाई करने वाली केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की पहली महिला बन गईं। हालांकि वर्ष 2021 की शुरुआत में माउंट एवरेस्ट के लिए निर्धारित अभियान जिसमें गीता भी प्रमुख सदस्य थीं तकनीकी कारणों से रद्द कर दिया गया। यह एक ऐसा क्षण था जो किसी के लिए निराशा और ठहराव का कारण बन सकता था लेकिन गीता के लिए यह एक नई प्रेरणा का स्रोत बन गया। इसी मोड़ पर उन्होंने एक और भी चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को अपनाया जिसमें सातों महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियों पर चढ़ाई करना शामिल है। वैश्विक महामारी जैसी अभूतपूर्व चुनौतियों के बावजूद गीता समोटा ने अपने अभियान के सपने को कभी डगमगाने नहीं दिया। वर्ष 2021 और वर्ष 2022 की शुरुआत के बीच उन्होंने इस चुनौती के तहत चार दुर्गम चोटियों पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की ऑस्ट्रेलिया में माउंट कोसियस्ज़ को 2228 मीटर रूस में माउंट एल्ब्रस 5642 मीटर तंजानिया में माउंट किलिमंजारो 5895 मीटर और अर्जेंटीना में माउंट एकॉनकागुआ 6961 मीटर इन चार शिखरों को मात्र छह महीने और 27 दिनों में फतह कर गीता समोटा के अभियान में इतनी तेजी से प्रगति करने वाली सबसे तेज भारतीय महिला बन गई एक उपलब्धि जो उनकी अदम्य इच्छाशक्ति अनुशासन और समर्पण का प्रमाण है। उनकी उपलब्धियों का यह सिलसिला यहीं नहीं रुका। लद्दाख के रूपशु क्षेत्र में उन्होंने महज तीन दिनों के भीतर पांच चोटियों पर सफल चढ़ाई की जिनमें तीन 6000 मीटर से अधिक और दो 5000 मीटर से अधिक ऊंची चोटियाँ थीं और ऐसा करने वाली वह पहली तथा सबसे तेज़ महिला पर्वतारोही बन गईं। यह कारनामा न केवल उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है बल्कि राष्ट्र के प्रति उनके गहरे गर्व और समर्पण को भी उजागर करता है। अपनी असाधारण उपलब्धियों के लिए गीता समोटा को कई प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाज़ा गया है जिनमें दिल्ली महिला आयोग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पुरस्कार 2023 और नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा 2023 शामिल हैं। उनका दृष्टिकोण भी उतना ही प्रेरणादायक है जितनी उनकी पर्वतारोहण यात्राएं। गीता कहती हैं पहाड़ सभी के साथ समान व्यवहार करते हैं वे आपके लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं करते। केवल वही लोग इन ऊंचाइयों को छू सकते हैं जिनके भीतर एक खास एक्स.फैक्टर होता है। उनकी यह सोच आने वाली पीढ़ियों के लिए न केवल प्रेरणा का स्रोत है बल्कि लैंगिक समानता और आत्मबल का संदेश भी देती है। उनके प्रयासों में सक्रिय भूमिका निभाई है चाहे वह अभियानों में भाग लेने के अवसर हों या आवश्यक वित्तीय सहयोग। बल ने न केवल उन्हें मनाली में शीतकालीन अनुकूलन प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर दिया बल्कि माउंट एवरेस्ट जैसे ऐतिहासिक अभियानों के लिए भी उनका मार्ग प्रशस्त किया। गीता समोटा ने केवल पहाड़ों की ऊंचाइयों को नहीं छुआ बल्कि सामाजिक सोच की उन रूढ़ियों को भी चुनौती दी है जो महिलाओं की सीमाओं को परिभाषित करती हैं। उन्होंने यह साबित किया है कि महिलाएं सबसे कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में भी उत्कृष्टता प्राप्त कर सकती हैं। युवा लड़कियों के लिए उनका संदेश स्पष्ट और सशक्त है बड़े सपने देखो मेहनत करो और कभी हार मत मानो। उनकी यह सोच एक प्रेरणा हैए जो असंभव को संभव में बदलने की शक्ति देती है। उनकी ऐतिहासिक सफलता से प्रेरित होकर अब वर्ष 2026 में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने के लिए एक पूर्णतः समर्पित पर्वतारोहण दल भेजने की योजना बना रहा है यह केवल एक अभियान नहीं बल्कि साहस समर्पण और संगठनात्मक आत्मविश्वास का प्रतीक होगा। सीआईएसएफ के महानिदेशक सहित बल के समस्त अधिकारी एवं कार्मिक महिला उपनिरीक्षक गीता समोटा को इस ऐतिहासिक उपलब्धि हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इस अवसर पर केसीआईएसएफ यूनिट एनसीएल सिंगरौली के इकाई प्रभारी कमांडेंट खिल्लारे एस पी ने उप निरीक्षक गीता समोटा की यह असाधारण यात्रा और शिखर विजय के लिए बधाई दिया एवम उनका कहना है कि यह न केवल भारत के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है बल्कि पूरे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल समुदाय के लिए भी अत्यंत गर्व का क्षण है।

# आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र राहुल शर्मा के साथ आईआईटी दिल्ली में परिचर्चा का आयोजन






**जागरण सिंगरौली।** सोनभद्र एवं सिंगरौली जिले में कार्यरत स्वयं.सेवी संस्था नवोदय मिशन ट्रस्ट के संस्थापक शांता कुमार जो आईआईटी बॉम्बे के भूतपूर्व छात्र हैं और वर्तमान में एनटीपीसी में कार्यरत है कैटलिस्ट फॉर ग्रीन एटर्निटी फाउंडेशन के डायरेक्टर एवं आईआईटी दिल्ली के भूतपूर्व छात्र राहुल शर्मा के साथ सोनभद्र सिंगरौली दरभंगा एवं भागलपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक शिक्षा के विकास हेतु एवं युवाओं में ग्रीन स्किल्स के विकास के लिए चर्चा किया। नवोदय मिशन के द्वारा सोनभद्र एवं सिंगरौली में चल रहे शिक्षण कार्यक्रम के बारे में बताते हुए सेवा कुञ्ज आश्रम के माध्यम से आदिवासी बच्चों के शिक्षा के बारे में भी चर्चा किया गया और सुदूर क्षेत्र के बच्चे भी कंप्यूटर सेण्टर के माध्यम से रोजगारपरक कौशल में पारंगत होकर शहरों में भी काम पा रहे हैं । वहाँ एनटीपीसी के द्वारा ग्यारह करोड़ के योगदान से एक विद्यालय भवन का भी निर्माण हुआ जिसका अनावरण स्वयं तात्कालीन राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने किया था के विकास के बारे में भी चर्चा किया गया। कोरोना काल में मीरा लर्निंग सेण्टर के माध्यम से शिक्षण कार्य को जारी रखने के अनोखे प्रयोग की भी चर्चा किया गया । मीरा लर्निंग सेण्टर को आधुनिक बनाकर सिरसोती ग्राम में आधुनिक शिक्षा कैसे विकसित किया जाय उस पर भी सबने अपने.अपने विचार दिए। वहाँ उपस्थित विचारक एवं कैटलिस्ट फॉर ग्रीन एटर्निटी फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य कविता शर्मा ने बताया उत्तम शिक्षा से ही ग्राम एवं देश के विकास के लिए दिशा एवं सामर्थ्य की प्राप्ति होती है। इसी क्रम में ग्रामीण क्षेत्र के परिचर्चा के दौरान शांता कुमार ने बताया की आने वाले समय में ग्रामीण विद्युतीकरण में हाइड्रोजन एनर्जी की अहम् भूमिका होगी एवं इलेक्ट्रोलाईजर इत्यादि के लिए निपुण कारीगर की आवश्यकता होगी और इसके लिए वे ग्रामीण क्षेत्रो में युवाओं को ट्रैन करने की आवश्यकता है । राहुल शर्मा ने कैटलिस्ट फॉर ग्रीन एटर्निटी फाउंडेशन के माध्यम से आईआईटी दिल्ली के छात्रों एवं विशेषज्ञों का एक समूह बनाने के ऊपर बल दिया जो सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे सेवा कार्यों के माध्यम से नयी तकनीकी को सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में पहुँचाने का प्रयास करें। कैटलिस्ट फॉर ग्रीन एटर्निटी फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य राज श्री ने हस्तशिल्प के बढ़ावा देने व सुदूर क्षेत्रों में काम कर रहे लोगो को मार्किट से जोड़ने के प्रयास करने की सलाह दी। नवोदय मिशन ट्रस्ट के के अध्यक्ष शांता कुमार ने लतराहा ग्राम में युवाओं के प्रयास से तीस साल बाद एक छात्र एवं एक छात्रा के जवाहर नवोदय विद्यालय दरभंगा के लिए चयनित किये जाने को लतराहा ग्राम के लिए एक ऐतिहासिक प्रयास बताया। बच्चों को उत्साहित करने के लिए नवोदय मिशन ट्रस्ट ने तीनों बच्चों को ग्यारह सौ की राशि प्रदान किया और नवोदय मिशन ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य एवं विद्यापीठ आईआईटी एकडेमी के डायरेक्टर मुखलाल सिंह ने उन्हें आगे चल कर आईआईटी जेईई के लिए निःशुल्क कोचिंग देने का वादा भी किया। इस महती कार्यों को विश्वकर्मा नवोदय मिशन ट्रस्ट लतराहा के सदस्यों द्वारा चलाये जा रहे षज्ञान भारती पब्लिक स्कूल लतराहा् एवं द एजुकेशन हब लतराहा के माध्यम से उत्तम शिक्षा प्रदान कर शांता कुमार के सफल होने के तीस साल बाद इस सफलता को अर्जित किया। सभी ग्रामीण जनों में खुशी की लहर फ़ैल गयी और युवाओं में नवीन ऊर्जा का संचार हुआ और वे इस कार्य को और अच्छे से करने के लिए एवं आने वाले वर्षों में अधिक से अधिक सफलता दिलाने के लिए कटिबद्ध हो गए। सुभाष कृष्ण अशोक रितेश इत्यादि नौजवान लतराहा ग्राम के शैक्षणिक विकास के धुरी बन गए हैं और आस.पास के कई ग्राम के बच्चे उनसे शिक्षा ले रहे है। लतराहा ग्राम जाले प्रखंड के अंतर्गत एक अत्यंत पिछड़ा ग्राम है। जाले को नगर निगम बनाये जाने पर लतराहा ग्राम को भी बतौर वार्ड 23 एवं वार्ड 24 के रूप में जाले नगर निगम का हिस्सा बनाया गया है। यहाँ के अधिकांश लोग कारीगरी किसानी एवं मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। अधिकांश लोग देश के अन्य शहरों जैसे दिल्ली पुणे गुजरात इत्यादि जगह जाकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं।

कैटलिस्ट फॉर ग्रीन एटर्निटी फाउंडेशन के डायरेक्टर एवं आईआईटी दिल्ली के भूतपूर्व छात्र राहुल शर्मा ने इस तरह के विकास के कार्यों को प्रसारित करने व ऑनलाइन के माध्यम उत्तम शिक्षा को बढ़ाया जा सकते है और इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए अपना विचार दिया। शिक्षा के साथ साथ पृथ्वी के प्रति संवेदना एवं अपने वातावरण को ठीक करने के लिए वैश्विक प्रयास से जोड़ने के कई उपायों की भी चर्चा किया। कैटलिस्ट फॉर ग्रीन एटर्निटी फाउंडेशन के संस्थापक डा. ऋचा स्मृति ने सबका धन्यवाद ज्ञापन किया और इस तरह की परिचर्चा आगे भी करते रहने की बात कही।

# त्रिस्तरीय पंचायत राज के स्वर्णिम अध्याय के प्रणेता एवं संचार क्रांति के जनक थे स्व. राजीव गांधी : अरविंद सिंह



**जागरण बैढ़न।** जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर अरविंद सिंह चंदेल अध्यक्ष के नेतृत्व मे आज माजन मोड़ में पूर्व प्रधानमंत्री आधुनिक भारत के शिल्पी पंचायती राज के प्रेरणाश्रोत संचार क्रांति के जनक भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की पुण्य तिथि उनके देश के प्रति संघर्ष बलिदान को याद करते हुए शहिद दिवस के रूप मे उनके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए मनाया गया उक्त अवसर पर आए हुए समस्त पदाधिकारियों द्वारा स्व.राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके देश के प्रति संघर्ष उनके कुर्बानियों को याद किया गया उक्त अवसर पर अरविंद सिंह चंदेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर द्वारा अपने वक्तव्य में कहा गया कि भारत में त्रिस्तरीय पंचायतराज के स्वर्णिम अध्याय के प्रणेता एवं संचार क्रांति के जनक स्व. राजीव गांधी जी थे स 18 वर्ष में वोट डालने का अधिकार 21 वर्ष में चुनाव लड़ने का अधिकार सहित पंचायती निकाय चुनाव में महिलाओ को आरक्षण देने का अधिकार जैसे देश एवं समाज हित में कार्य किए स्व राजीव जी ने अपने नेतृत्व काल में समाज के प्रत्येक वर्ग को पंचायती राज के अधिकारों के विकेंद्रीकरण द्वारा स्थानीय सत्ता और विकाश में भागीदारी दी स आपने नए भारत की परिकल्पना को साकार करने तथा अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में विश्व शांति के लिए प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय योगदान दिया उनके द्वारा प्रतिपादित आदर्श हमेशा हमे प्रेरित करते रहेंगे बहुयामी व्यक्तित्व और दूर दृष्टि के धनी राजनेता एवं गरीबों के शुभ चिंतक के रूप में हमेसा याद किया जाएगा उक्त अवसर पर राम अशोक शर्मा मधु शर्मा रविन्द्र द्विवेदी अमित द्विवेदी मनोज दुबे कृष्णा प्रसाद साह चंद्रिका प्रसाद पाण्डेय रविकांत सोनी भास्कर मिश्रा बी एन त्रिपाठी अनिल कुमार वैश्य रामकृपाल शाह रामलल्लू कुशवाहा पंकज पाण्डेय ललीत सिंह रामनिवास तिवारी संदीप शाह शिवप्रसाद शर्मा सुदामा प्रसाद कुशवाहा अनिल वर्मा अवनीश शर्मा विवेक सिंह सुषमा वर्मा तुला प्रसाद कुशवाहा दिनेश पांडेय मनोज सिंह पिंटू राघवेंद्र सिंह भोले विष्णु दत्त पाण्डेय त्रिवेणी प्रसाद साहू मधु शाह शिवसागर विश्वकर्मा सत्यनारायण वैश्य संजय कुशवाहा श्रवण बैस हरिकमल बैस बैजनाथ नामदेव जयमंजन पटेल रणवीर सिंह अनिल शाह अमित कुशवाहा अखिलेश शाह विद्यापति शाह श्यामबिहारी नापित राजेंद्र शुक्ला रावेंद्र शर्मा रवि यादव पुष्पराज सेन राजू शाह एवं सैकड़ो पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही।

# यूनिट 1 से 6 के कंट्रोल रूम एफ़जीडी एरिया मुख्य प्लांट लोकेशन के काम काज का लिया जायज़ा

## एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना में क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक उत्तर का दौरा



**जागरण शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में एनटीपीसी महारत्न कंपनी के एन श्रीनिवास रावए क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक उत्तर ने अपना एक दिवसीय दौरा किया। जिसमें श्रीमती विजया राव अध्यक्षा उत्तरा महिला क्लब लखनऊ भी उपस्थित रहीं। इस संदर्भ में एन श्रीनिवास राव ने सपत्नीक एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा हर वर्ष आयोजित होने वाले बालिका सशक्तीकरण अभियान कार्यशाला के ग्रीष्मकालीन सत्र 25–.26 का उद्घाटन किया। तत्पश्चात् एन श्रीनिवास राव ने एनटीपीसी सिंगरौली के उच्चाधिकारियों के साथ प्लांट एरिया का भी दौरा किया। जिसमें उन्होने मुख्यतः स्टेज 3 एरिय यूनिट 1 से 6 तक के कंट्रोल रूम एफ़जीडी एरिया आदि जैसे मुख्य प्लांट लोकेशन के काम काज का गहन जायज़ा लिया। जिसके पश्चात् एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गयी जिसमें परियोजना के सभी विभाग के प्रमुख द्वारा प्रगति कार्यों की विस्तार से चर्चा की गयी। यहीं दूसरी तरफश्रीमती विजया राव ने स्थानीय वनिता समाज शक्तिनगर द्वारा संचालित बाल भवन में लाइब्ररी का उद्घाटन कर एनटीपीसी सिंगरौली के सीएसआर योजना के अंतर्गत स्थानीय ग्रामीण युवतियों को ऑर्गेनिक साबुन व मोमबत्ती के निर्माण पैकेजिंग एवं वितरण के एक हफ्ते के प्रशिक्षण सत्र का प्रमाण पत्र भेंट किया। तत्पश्चात् महिला मण्डल की जनरल बॉडी मीटिंग आयोजित की गयी जिसमें महिला शक्ति द्वारा समाज में महिलाओं को और सशक्त करने हेतु विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस अवसर पर स्थानीय अतिथि गृह में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें एनटीपीसी सिंगरौली के इन हाउस टैलेंट्स द्वारा कार्यक्रम में शास्त्रीय संगीत एवं बॉलीवुड के गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं। जिसमें एनटीपीसी सिंगरौली के सभी उच्च अधिकारी मण्डल भी मौजूद रहे।

# एनसीएल की दुधिचुआ परियोजना ने सीएसआर के तहत शक्तिनगर रेल्वे स्टेशन पर लगाया आरओ वाटर कूलर




**जागरण सिंगरौली।** आज भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल की दुधिचुआ परियोजना ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के तहत शक्तिनगर रेल्वे स्टेशन पर 100 एलपीएच क्षमता का आरओ वाटर कूलर लगवाया। इस दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक दुधिचुआ विनोद कुमार सिंह परियोजना से अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी एवं स्टेशन सुपरिटेंडेंट तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे। एनसीएल दुधिचुआ द्वारा यह कार्य भीषण गर्मी के मौसम में राहगीरों एवं स्थानीय लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध करवाने एवं गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा स्थानीय परिक्षेत्र में समग्र कल्याण हेतु सीएसआर के तहत ऐसे विभिन्न कार्य किए जाते रहे हैं।





# गुजरात की नजरें शीर्ष स्थान पर, विजयी विदाई लेने उतरेगा लखनऊ

जेएनएन, अहमदाबाद

पूर्व चैंपियन गुजरात टाइटंस गुरुवार को आईपीएल में लखनऊ सुपर जाएंट्स से खेलेगी, तो उसका इरादा जीत की लय को कायम रखते हुए शीर्ष दो में जगह पक्की करने का होगा। अब तक 12 मैचों में 18 अंक ले चुकी टाइटंस प्लेऑफ में जगह बना चुकी है। आरसीबी और पंजाब किंग्स के 17 अंक हैं और शीर्ष दो के लिए मुकाबला रोचक है। गुजरात ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। उसके शीर्षक्रम के तीनों बल्लेबाज आरेंज कैपधारी बी साई सुदर्शन (617), कप्तान शुभमन गिल (601) और जोस बटलर (500) शानदार फॉर्म में है और अधिकांश मैचों में टीम की जीत के सूत्रधार रहे हैं। तीनों मिलकर 16 अर्धशतक और एक शतक जमा चुके हैं। गुजरात के गेंदबाजों ने भी अनुशासित प्रदर्शन किया है। भारत के प्रसिद्ध कृष्णा सर्वाधिक 21 विकेट ले चुके हैं, जबकि मोहम्मद सिराज और बी साइ किशोर को 15-15 विकेट मिले हैं। दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा प्रतिबंधित दवा के इस्तेमाल के बाद निलंबन पूरा करके वापिस आ चुके हैं।

हैदराबाद से हारने के बाद लखनऊ की प्लेऑफ की रही सही उम्मीदें भी ध्वस्त हो गई। रिषभ पंत की कप्तानी वाली टीम लगातार चार मैच हार चुकी है और पूरे टूर्नामेंट में प्रदर्शन में निरंतरता के अभाव और चोटों से जूझती रही। बल्लेबाजी में टीम विदेशी खिलाड़ियों मिचेल मार्श, एडेन माक्ररम और निकोलस पूरन पर निर्भर करती आई है। पंत पूरे सत्र में नहीं चल सके और मध्यक्रम की नाकामी ने लखनऊ की परेशानी बढ़ा दी। प्रमुख गेंदबाजों की चोटों ने उसका काम और मुश्किल कर दिया। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान पूरे सत्र से बाहर रहे, जबकि तेज गेंदबाज मयंक यादव भी नहीं खेल पाए। आवेश खान और आकाश दीप फिटनेस समस्या से जूझते रहे।

### संभावित टीम खिलाड़ी


**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर, शेरफेन रदरफोर्ड, वाशिंगटन सुंदर, अरशद खान, आर साई किशोर, बी साई सुदर्शन, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, गेराल्ड कोएट्जी, इशांत शर्मा, राहुल तेवतिया और राशिद खान।

**लखनऊ सुपरजाएंट्स :** रिषभ पंत (कप्तान), एडेन मारक्रम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, अब्दुल समद, डेविड मिलर, शार्दुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप, रवि बिश्नोई, प्रिंस यादव, शमरा जोसेफ।

### गिल-सुदर्शन के पास रिकॉर्ड बनाने का मौका

इस सीजन गिल और सुदर्शन ने 12 पारियों में 76.3 की औसत से कुल 839 रन बनाए हैं। अपने पिछले मुकाबले में, उन्होंने दिल्ली के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए नाबाद 205 रन की साझेदारी की थी। यह जोड़ी आईपीएल इतिहास में एक सीजन में किसी भी जोड़ी द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा रनों (939) के रिकॉर्ड को तोड़ने से अब महज 100 रन दूर है। वे पहले ही एक सीजन में किसी भारतीय जोड़ी द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रनों का रिकॉर्ड बना चुके हैं। गुजरात के दो लीग मुकाबले बाकी हैं और टीम प्लेऑफ में पहुंच चुकी है।

### अहमदाबाद में मैच आज शाम 7:30 बजे से



### रिषभ पंत को फॉर्म की तलाश

आईपीएल 2025 पंत के लिए अब तक बेहद निराशाजनक साबित हुआ है। पूरे सीजन में उन्होंने 11 पारियों में केवल 135 रन बनाए हैं, औसत महज 12.3 रही है और सात बार वो दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। पंत ने इस सीजन 100 से ज्यादा गेंदें खेली हैं, लेकिन उनके नाम सबसे कम स्ट्राइक रेट (100) और सबसे कम बल्लेबाजी औसत (12.3) दर्ज है। इससे भी बड़ा चिंताजनक आंकड़ा यह है कि आईपीएल इतिहास में किसी बल्लेबाज कप्तान का एक सीजन में दूसरा सबसे खराब औसत भी अब पंत के नाम है। उनसे खराब औसत सिर्फ इयोन मोर्गन का रहा है, जिन्होंने आईपीएल 2021 में 11.1 की औसत से रन बनाए थे।

### बटलर- टिकाऊ भी ताबड़तोड़ भी

आईपीएल-2025 में गुजरात के लिए नंबर 3 पर खेलते हुए जॉस बटलर ने दिखा दिया है कि वे सिर्फ ओपनिंग में ही नहीं, बल्कि मिडिल ऑर्डर में भी उतने ही प्रभावशाली हैं। बटलर ने इस सीजन 11 पारियों में 71.4 की औसत और 164 के स्ट्राइक रेट से 500 रन बनाए हैं। यह उनका आईपीएल में अब तक का सर्वश्रेष्ठ औसत है। वे आईपीएल इतिहास में तीसरी बार 500 रन का आंकड़ा पार कर चुके हैं। अब तक वे पांच अर्धशतक जड़ चुके हैं।

**गुजरात के प्रसिद्ध हथियार बने कृष्णा :** प्रसिद्ध कृष्णा ने इस सीजन अब तक 21 विकेट झटके हैं, जो इस सीजन में किसी भी गेंदबाज द्वारा सबसे ज्यादा हैं – नूर अहमद के साथ संयुक्त रूप से। प्रसिद्ध न सिर्फ विकेटों के मामले में टॉप पर हैं, बल्कि 20 से ज्यादा ओवर फेंकने वाले गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह के बाद दूसरे सबसे किफायती तेज गेंदबाज भी हैं। उनका इकॉनमी रेट सिर्फ 7.9 है। दिलचस्प बात यह है कि वे ज्यादातर ओवर पावरप्ले के बाहर फेंकते हैं, इसके बावजूद डॉट बॉल डालने वालों में भी उनका नाम शीर्ष पर है।

**विदेशी बल्लेबाजों पर जरूरत से ज्यादा निर्भरता :** लखनऊ ने इस सीजन अपने टॉप 3 में पूरी तरह विदेशी बल्लेबाजों पर भरोसा किया और शुरुआत में उन्हें इसका फायदा भी मिला। एडन मार्कराम, मिचेल मार्श और निकोलस पूरन ने 400 रनों का आंकड़ा पार किया है। लेकिन जैसे ही ये तीनों रन नहीं बनाते हैं, लखनऊ की बल्लेबाजी भी बिखर जाती है। इन तीनों बल्लेबाजों के अलावा सिर्फ आयुष बदोनी ही कुछ हद तक रन बनाने में सफल रहे हैं। उन्होंने कुल 329 रन बनाए हैं। इसके अलावा मिडिल ऑर्डर में किसी भी बल्लेबाज ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 12 | 09 | 03 | 18 | 0.795 |
| बेंगलुरु | 12 | 08 | 03 | 17 | 0.482 |
| पंजाब | 12 | 08 | 03 | 17 | 0.389 |
| मुंबई | 12 | 07 | 05 | 14 | 1.156 |
| दिल्ली | 12 | 06 | 05 | 13 | 0.207 |
| कोलकाता | 13 | 05 | 06 | 12 | 0.193 |
| लखनऊ | 12 | 05 | 07 | 10 | -0.506 |
| हैदराबाद | 12 | 04 | 07 | 09 | -1.005 |
| राजस्थान | 14 | 04 | 10 | 08 | -0.549 |
| चेन्नई | 13 | 03 | 10 | 06 | -1.030 |

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 617 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 601 |
| जायसवाल (राजस्थान) | 559 |
| सूर्यकुमार यादव (मुंबई ) | 510 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| प्रसिद्व कृष्णा (गुजरात) | 21 |
| नूर अहमद (चेन्नई) | 21 |
| जोश हेजलवुड (बेंगलुरु) | 18 |
| ट्रेंट वोल्ट (मुंबई) | 18 |




### बाउंड्री मीटर



1042 छक्के
1860 चौके
122 अर्धशतक

एमएस धोनी के टी-20 क्रिकेट में 350 छक्के हो गए हैं। उन्होंने राजस्थान के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। वे सर्वाधिक छक्के लगाने वाले चौथे भारतीय बन गए। पहले नंबर पर रोहित शर्मा (542) है।

# वोक्स, फ्लिंटॉफ के बेटे रॉकी इंग्लैंड लॉयन्स टीम में, भारत-ए के खिलाफ खेलेंगे सीरीज




**जेएनएन, लंदन।** पूर्व स्टार क्रिकेटर एंड्रयू फ्लिंटॉफ के 17 साल के बेटे रॉकी और फिट हो चुके तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स को बुधवार को भारत-ए के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाले चार दिवसीय दो मैच के लिए इंग्लैंड लॉयंस टीम में शामिल किया गया। सीरीज की शुरुआत 30 मई को कैंटरबरी में होगी, जबकि दूसरा मैच छह जून से नॉर्थम्पटन में खेला जाएगा। भारत की इंग्लैंड में पांच टेस्ट की सीरीज से पहले लाल गेंद के ये दो मैच खेले जाएंगे। इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में भी ए टीम का हिस्सा रहे रॉकी ने पांच प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। निचले क्रम के इस बल्लेबाज ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया एकादश के खिलाफ शानदार शतक बनाया था। अनुभवी तेज गेंदबाज वोक्स को 20 जून से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले भारत-ए के खिलाफ मुकाबले से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने का मौका मिलेगा। टखने की चोट के कारण उन्हें गुरुवार से जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में नहीं चुना गया। इंग्लैंड के लिए तीनों प्रारूप में खेल चुके लेग स्पिनर रेहान अहमद भी अपने छोटे भाई फरहान के साथ इंग्लैंड लायन्स का हिस्सा हैं। तेज गेंदबाज अजीत सिंह डेल भी टीम का हिस्सा हैं।

### टीम इस प्रकार है

जेम्स रेव (कप्तान), फरहान अहमद, रेहान अहमद, सोनी बेकर, जोर्डन कॉक्स, रॉकी फ्लिंटॉफ, एमिलियो गे, टॉम हेन्स, जॉर्ज हिल, जोश हुल, एडी जैक, बेन मैकिनी, डैन मूसली, अजीत सिंह डेल और क्रिस वोक्स।

**भारत-ए टीम :** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर और उपकप्तान), नीतीश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन (विकेटकीपर), मानव सुथार, तनुष कोटियान, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, खलील अहमद, रितुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे।


### चोटिल जोफ्रा आर्चर वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

**लंदन, जेएनएन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर दाहिने अंगूठे की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी तीन मैच की वनडे सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। टीम ने कहा कि इंग्लैंड की मेडिकल टीम अगले दो सप्ताह में आर्चर की स्थिति का पुनर्मूल्यांकन करेगी, जिससे कि यह निर्धारित किया जा सके कि वह कब मैदान पर वापसी कर सकते हैं। आर्चर की जगह ल्यूक वुड को टीम में शामिल किया गया है। सीरीज का पहला मैच 29 मई को एजबेस्टन में होगा। वर्ष 2019 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धूम मचाने के बाद से आर्चर कोहनी और पीठ की चोटों से जूझ रहे हैं।

बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए पाक टीम घोषित

# हसन की वापसी, बाबर व रिजवान लगातार तीसरी सीरीज से बाहर

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** तेज गेंदबाज हसन अली की बांग्लादेश के खिलाफ इस महीने होने वाली घरेलू टी-20 सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम में वापसी हुई है, जबकि सीनियर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम की लगातार तीसरी सीरीज में अनदेखी की गई। हसन ने लगभग तीन साल में सिर्फ एक टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला है और 2024 में आयरलैंड के खिलाफ डबलिन में खेले गए इस मैच में उन्होंने तीन ओवर में 42 रन लुटाए थे, जबकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। हसन ने पीएसएल में कराची किंग्स का प्रतिनिधित्व करते हुए 15 विकेट चटकाए हैं। रिजवान और बाबर को जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान की पिछली दो सीरीज से भी बाहर किया गया था, क्योंकि टीम अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप को देखते हुए अपने शीर्ष क्रम में नए खिलाड़ियों को मौका दे रही है। तीन मैच की सीरीज लाहौर में खेली जाएगी लेकिन तारीखों की अभी घोषणा नहीं हुई है।



### अयूब और फखर जमां की वापसी

चयनकर्ताओं ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 1-4 से शिकस्त झेलनी वाली टीम में आठ बदलाव किए हैं। तेज गेंदबाजों शाहीन शाह अफरीदी, जहानदान खान और अब्बास अफरीदी की जगह हसन, नसीम शाह और मोहम्मद वसीम को टीम में शामिल किया गया है। सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान, सईम अयूब और फखर जमां की टीम में वापसी हुई है, जबकि ऑलराउंडर फहीम अशरफ और हुसैन तलत को भी एक बार फिर टीम में शामिल किया गया है।

**टीम इस प्रकार है:** सलमान अली आगा (कप्तान), शादाब खान, अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमां, हारिस राऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद वसीम, इरफान खान, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान और सईम अयूब।

# बारिश को लेकर नए नियमों की असंगतता पर केकेआर नाराज

**कोलकाता, जेएनएन।** लीग के बचे हुए मुकाबलों के लिए 120 मिनट अतिरिक्त समय दिए जाने के फैसले को आकस्मिक बताते हुए, गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने कहा है कि अगर यह प्रावधान टूर्नामेंट के फिर शुरू होने के साथ ही लागू होता, तो शायद वे अब भी प्लेऑफ की दौड़ में बने होते। मंगलवार को आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने यह संशोधन मंजूर किया था कि बारिश की बाधा की स्थिति में बचे हुए नौ लीग मैचों में पूरे 20 ओवरों के मुकाबले कराए जा सकें, इसके लिए हर मैच में 120 मिनट अतिरिक्त समय जोड़ा जाएगा। इससे पहले केवल एक घंटा अतिरिक्त समय शाम के मैचों के लिए और प्लेऑफ के चार मैचों के लिए दो घंटे का प्रावधान था। आईपीएल के मुख्य परिचालन अधिकारी हेमंग अमीन ने कहा कि मानसून के जल्दी आगमन के कारण कई मैच बारिश से प्रभावित होने की आशंका है, इसीलिए यह निर्णय लिया गया। केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने इस फैसले के समय पर सवाल उठाए और पूछा कि जब 17 मई को आईपीएल की दोबारा शुरुआत आरसीबी बनाम केकेआर मैच से हुई, जो बारिश के कारण रद्द हो गया, तब ही यह संशोधन क्यों नहीं किया गया। उन्होंने कहा-हालात को देखते हुए सीजन के बीच में नियम बदलना जरूरी हो सकता है, लेकिन ऐसी स्थिति में नियमों को लागू करने में निरंतरता की उम्मीद की जाती है। नौ मई को भारत-पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव के चलते आईपीएल को निलंबित कर दिया गया था, और 17 मई को आरसीबी और केकेआर के मुकाबले के साथ फिर शुरू किया गया।

# सुमित नागल फ्रेंच ओपन क्वालिफाइंग से बाहर

**पेरिस, जेएनएन।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल बुधवार को फ्रेंच ओपन एकल क्वालिफाइंग के दूसरे दौर में निचली रैंकिंग के खिलाड़ी जुरिज रोदियोनोव से 2-6, 4-6 से हारकर बाहर हो गए। नागल (170वीं रैंकिंग) रोलां गैरां में 225वीं रैंकिंग के ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी से एक घंटे 29 मिनट में पराजित हो गए। इस भारतीय खिलाड़ी ने क्वालिफाइंग के पहले दौर में अमेरिका के मिशेल क्रुगर को हराया था। नागल ने 2024 में चारों ग्रैंडस्लैम में हिस्सा लिया था, लेकिन इस साल अब वह फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रॉ में नहीं खेल पाएंगे। पहला सेट हारने के बाद वह दूसरे में 2-4 से पिछड़ रहे थे। पर सातवें गेम में उन्हें वापसी का मौका मिला और उन्होंने इस मौके का फायदा उठाया। अगले गेम में वह फिर पिछड़ गए जिसमें उन्होंने पहले दो अंक गंवा दिए, जिससे स्कोर 0-30 हो गया। लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए इसे 4-4 कर दिया। पर 10वें गेम में वह सर्विस गंवा बैठे और मैच से बाहर हो गए।



# मलेशिया मास्टर्स : सिंधू पहले दौर में बाहर, प्रणय और करूणाकरण जीते



**कुआलालम्पुर, जेएनएन।** भारत के एचएस प्रणय और सतीश करूणाकरन ने शानदार जीत दर्ज करके मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया, लेकिन दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू पहले दौर में हारकर बाहर हो गई। प्रणय ने जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो को 19-21, 21-17, 21-16 से हराया। करूणाकरन ने चीनी ताइपे के तीसरी वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन को 21-13, 21-14 से मात दी। भारत के आयुष शेट्टी ने कनाडा के ब्रायन यांग को 20-22, 21-10, 21-8 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। सिंधू का खराब फॉर्म हालांकि जारी रहा और वह इस सुपर 500 टूर्नामेंट के पहले दौर में वियतनाम की एंगुयेन थुए लिन्ह से 11-21, 21-14, 15-21 से हार गई।



## खेल एक नजर

### चार देशों का हॉकी टूर्नामेंट खेलेगी भारतीय जूनियर महिला टीम

**बेंगलुरु, जेएनएन।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम बुधवार को चार देशों के टूर्नामेंट के लिए अर्जेंटीना रवाना हो गई जहां रोसारियो में 25 मई से दो जून तक यह टूर्नामेंट खेला जाएगा। इस साल चिली में एफआईएच जूनियर विश्व कप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा अर्जेंटीना, उरूग्वे और चिली की टीमें खेलेंगी। भारत को हर टीम के खिलाफ दो मैच खेलने हैं। तुषार खांडेकर की कोचिंग में भारतीय टीम की कमान निधि के हाथ में होगी, जबकि हीना बानो उपकप्तान होंगी। पहले दौर में भारत 25 मई को चिली से, 26 मई को उरूग्वे और 28 मई को अर्जेंटीना से खेलेगा। कप्तान निधि ने कहा कि हम इस टूर्नामेंट को लेकर काफी रोमांचित हैं। हम अभ्यास पर काफी मेहनत कर रहे हैं और उम्मीद है कि वह प्रदर्शन में नजर आएगा। मजबूत टीमों से खेलकर हमारे प्रदर्शन में सुधार होगा।

### विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता मुक्केबाज सिमरनजीत पेशेवर बनीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज सिमरनजीत कौर पेशेवर बनने वाले भारतीय मुक्केबाजों की श्रेणी में शामिल हो गई हैं। एशियाई चैंपियनशिप की दो बार की पदक विजेता 29 साल की सिमरनजीत ने टोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने पूर्व अमेरिकी पेशेवर मुक्केबाज रॉय जोन्स जूनियर और भारतीय पेशेवर मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा से अनुबंध करके पेशेवर मुक्केबाजी से जुड़ने का फैसला किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

# बीच गेम्स : मल्लखंब में स्वर्ण, पेनकैक सिलाट में तीन पदक

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश खेल अकादमी के खिलाड़ियों ने पहले खेलो इंडिया बीच गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को पांच पदक जीते। राज्य के खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। मल्लखंब में एक स्वर्ण व एक रजत और पेनकैक सिलाट में दो रजत व एक कांस्य पदक अर्जित किया। दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव में 24 मई तक खेले जा रहे गेम्स में मप्र के 39 खिलाड़ी और 11 आफीशियल्स सहित कुल 50 सदस्यीय दल प्रतिभागिता कर रहा है।



**मल्लखंब** मप्र के खिलाड़ियों मल्लखंब में एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। मप्र ने मेन पिरामिड चैंपियनशिप में 28.50 अंक के साथ सोने का तमगा हासिल किया। छत्तीसगढ़ (24.95) और तमिलनाडु (23.80) क्रमशः दूसरे और तीसरे नंबर पर रहे। वहीं महिला टीम चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश ने 80.5 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। छत्तीसगढ़ (80.6) ने स्वर्ण और महाराष्ट (78.5) ने कांस्य पदक जीता।



**पेनकैक सिलाट** मप्र ने इस खेल में दो रजत और एक कांस्य सहित तीन पदक जीते, तुंगगल व्यक्तिगत स्पर्धा में भूमिका जैन ने रजत जीता। इस स्पर्धा का स्वर्ण दमन द्वीप की किर्तना और कांस्य मणिपुर की डोली ने अर्जित किया। एकल व्यक्तिगत स्पर्धा में मप्र की दिशा रेडडी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। दमन द्वीप की प्रिंसेस थॉमस पहले और महाराष्ट्र की किरनाक्षी तीसरे नंबर पर रहीं। रेगू टीम इवेंट में मप्र की विशाखा कोल, पिंकी कोल, अनूश्री कुशवाह ने कांस्य जीता।

# अरेरा प्रीमियर लीग : वंदेमातरम की एक विकेट से रोमांचक जीत

**भोपाल, खेप्र।** वंदेमातरम ने अरेरा प्रीमियर लीग इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को रोमांचक मुकाबले में पृथ्वी हाउस को एक विकेट से हराया। वहीं महाराणा प्रताप हाउस ने भी जीत दर्ज की। ओल्ड कैंपियन मैदान पर अंडर-12 वर्ग में पृथ्वी हाउस ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 72 रन बनाए। जय कामदार, अभ्युदय भदौरिया और विवान साहू ने 12-12 रन बनाए। महाराणा प्रताप हाउस के कृष्णा गाजरे ने 2 विकेट झटके। जवाब में प्रताप हाउस ने 13.2 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। गुरप्रीत सिंह ने 30 और लक्ष्य ने 20 रन बनाए। पृथ्वी हाउस के यशराज सोलंकी, धैर्य थापक और प्रेक्षा गुप्ता को एक-एक विकेट मिला। अंडर-14 में सत्यमेव पहले खेलते हुए 129 रन पर ऑलआउट हो गई। विवान द्विवेदी ने 28, वीर तिवारी ने 21 और शानवी मंडलोई ने 19 रन बनाए। वंदेमातरम हाउस के वंश पुवार ने 4 और आदित्य सोलंकी ने 3 विकेट झटके। जवाब में वंदेमातरम हाउस ने 9 विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। सार्थक ने 24 और अंकु राज ने 20 रन की पारी खेली। सत्यमेव के अंशु राजपूत ने 6 और चारू शर्मा ने 2 विकेट झटके।



## समर्थन मूल्य पर तुअर उपार्जन के लिए पंजीयन अब 30 मई तक

**सतना।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत खरीफविपणन वर्ष 2024-25 में प्राईस स्कीम अंतर्गत तुअर उपार्जन पोर्टल पर फसल तुअर के पंजीयन की अंतिम तिथि 15 मई से बढाकर अब 30 मई 2025 निर्धारित की गई है। पंजीकृत कृषकों एवं रकबे का सत्यापन 31 मई तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

## पूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं की समस्याओं का निराकरण आज

**सतना।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सतना 22 मई को प्रातः 11.30 बजे मैहर तहसील प्रांगण में पहुंचेंगे। यहां पूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं को उनके कल्याणार्थ जानकारी देते हुए उनकी समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी से.नि. कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी द्वारा सभी पूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं से अपील की गई है कि समय पर उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण करायें।

Dr. Juneja's ®
पेट सफा
Natural Laxative Granules & Tablets
सहायक है: कब्ज़ गैस एसिडिटी
अगर आप भी कब्ज़, गैस, एसिडिटी जैसी समस्या से परेशान है तो आज ही लीजिए, पेट सफा ग्रेन्यूल्स/टैबलेट्स। यह मुंह में चिपकता नहीं। सोने से पहले खाएं और आराम पाएं।
20% EXTRA
NO. 1 BRAND
TABLETS
Provides Effective Relief
Balances Digestive Health
Ayurvedic Proprietary Medicine
Clinically Tested*
Divisa
www.divisastore.com
24x7 Helpline: 91197 88888
www.petsaffa.com
Available at all medical & general stores
UIN-A01-AY-PB-2025

# 60 लीटर अवैध शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

### नागौद पुलिस ने दर्ज किया धारा 34-2 का अपराध



**जागरण सतना**

अवैध शराब विक्रेता के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये नागौद पुलिस ने जहां आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं उसके कब्जे से 60 लीटर अवैध शराब जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34-2 के तहत अपराध दर्ज किया है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी विक्रम सिंह कुशवाह डीएसपी महादेव नगोतिया के मार्गदर्शन में नशा निवारण कार्यक्रम के तहत नागौद पुलिस द्वारा की गई है।

### ये है मामला

बताया जाता है कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पोंडी परसमनिया रोड खेरमाई मंदिर के पास एक व्यक्ति डिब्बे में अवैध शराब बिक्री के लिए रखे हुये है पुलिस ने सूचना मिलते ही टीम रवना की और रेड कार्यवाही कर दी। जिसमें एक व्यक्ति पोंडी परसमनिया रोड खेरमाई मंदिर के पास पकड़ा गया जिसने पूछताछ में अपना नाम राजेश कुशवाहा पिता स्व. भगवानदास कुशवाहा उम्र 41 साल निवासी ग्राम पोंडी थाना नागौद का होना बताया। उसने चार नग प्लास्टिक के डिब्बो में 15-15 लीटर शराब भर रखी थी। पुलिस ने चार डब्बो में से 60 लीटर हाथ भट्टी शराब जिसकी कीमत 12 हजार रूपये बताई गई है उसे जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34-2 का अपराध दर्ज किया है। आरोपी राजेश कुशवाहा को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है इस कार्यवाही में एएसआई अनिल तिवारी, प्रधानआरक्षक पंकज मिश्रा एवं आरक्षक ओमप्रकाश तिवारी की सराहनीय भूमिका रही।

## विधायक ने ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में बच्चों का किया उत्साहवर्धन



**सतना।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण भोपाल के निर्देशानुसार सतना जिले में दादा सुखेन्द्र सिंह स्पोटर्स काम्पलेक्स जवाहरनगर सतना में प्रातः 5.30 बजे से प्रातः 7.30 तक और सायं काल 5.30 बजे से सांय 7 बजे तक ग्रीष्मकालीन निःशुल्क खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में लगभग 600 खिलाडी नियमित रूप से विभिन्न खेल विधाओं में भाग लेकर प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान खेल अधिकारी एसपी तिवारी द्वारा खिलाडियों को रनिंग एक्सरसाइज, म्युजिकल, एरोविक एक्सर साइज के प्रशिक्षण के अलावा योग्य प्रशिक्षकों द्वारा खेल की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। खिलाडियों के उत्साहवर्धन के लिए नागौद विधायक नागेन्द्र सिंह और छत्रसाल सिंह ने दादा सुखेन्द्र स्टेडियम पहुंचकर खेल गतिविधियां का निरीक्षण किया तथा खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए शुभकामनायें दी। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम में बालीबाल, कबड्डी, फुटबाल, एथलेक्टिस, बैडमिंटन, कराते, टेबिल टेनिस खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## 5 हजार रूपये का इनामी आरोपी गिरफ्तार

### कोलगवां पुलिस ने की कार्यवाही



**जागरण सतना।** 5 हजार रूपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में कोलगवां टीआई सुदीप कुमार सोनी को सफलता मिली है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी शिवेश सिंह एवं सीएसपी महेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में कोलगवां पुलिस ने की है।

### ये थी घटना

पुलिस ने बताया कि कृष्णगोपाल वर्मा पिता पंचम लाल चौधरी उम्र 25 साल निवासी मोहन्ना पो. माद थाना कोलगवां ने 7 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई थी वह रात तकरीबन साढे 8 बजे ट्रांसपोर्ट नगर में खड़ा था तभी शिवम सिंह निवासी बडेरा, बल्लू पाण्डेय निवासी खम्हरिया आये और गाली गलौच करने लगे गालिया देना से मना किया तो जातिगत अपमानित कर मारपीट करने लगे रिपोर्ट पर पुलिस ने एससीएसटी एक्ट सहित कई धाराओ के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था। मुखबीर से सूचना मिलने पर देवेश पाण्डेय उर्फ बल्लू पाण्डेय पिता रामसुरेश पाण्डेय उम्र 20 साल निवासी खम्हरिया पयासियान थाना कोलगवां को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने घटना कारित करना स्वीकार किया पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है। एक अन्य आरोपी शिवम सिंह को पुलिस ने पूर्व में ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। आरोपी की गिरफ्तार पर 5 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया था।

## हरिमित्र श्रीवास्तव के विरूद्ध ईओडब्ल्यू में अपराधिक प्रकरण दर्ज

**जागरण सतना।** फर्जी दस्तावेज तैयार कर सातवें वेतनमान की एरियर राशि अहृरित करने वाले मनगवां के मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिमित्र श्रीवास्तव के विरूद्ध ईओडब्ल्यू रीवा में अपराधिक प्रकरण दर्ज हुआ है। ईओडब्ल्यू ने बताया कि एरियर भुगतान करने के एक माह के बाद फिर से फर्जी एरियर पत्रक नगर परिषद मैहर में भेजा था। भुगतान बाउचर में प्रशासक नगर परिषद मनगवां जिला रीवा के फर्जी हस्ताक्षर कर तीन लाख 80 हजार 648 रूपये का गलत भुगतान प्राप्त किया था। 2021-22 में सहायक परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण रीवा के पद पर पदस्थ रहे हरिमित्र श्रीवास्तव को कलेक्टर रीवा द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनगवां का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। ईओडब्ल्यू के मुताबिक उक्त पदस्थापना अवधि मे हरिमित्र श्रीवास्तव नगर परिषद मैहर में पदस्थापना अवधि का सातवें वेतनमान के अंतर की राशि तीन लाख 80 हजार 648 रूपये का फर्जी एरियर पत्रक तैयार कर उक्त एरियर का भुगतान नगर परिषद मनगवां के बैंक खाते से एक जनवरी 2022 को अपने खाते में प्राप्त किया। उक्त भुगतान बाउचर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनगवां एवं लेखा पाल के स्थान पर हरिमित्र श्रीवास्तव द्वारा स्वयं हस्ताक्षर कर अहरित किया गया। देयक में प्रशासक नगर परिषद मनगवां हस्ताक्षर के स्थान पर फर्जी हस्ताक्षर किया गया। इस पूरे मामले में ईओडब्ल्यू ने शासन को आर्थिक क्षति कारित करने का आरोप प्रमाणित पाये जाने पर हरिमित्र श्रीवास्तव के विरूद्ध धारा 420, 409,467, 468, 471, भा.द.वि. 13 (1)ए 13 (2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधन अधिनियम 2018 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मनाई गई पुण्यतिथि

**जागरण सतना।** आधुनिक भारत के निर्माता, पंचायती राज और कम्प्यूटर क्रांति के जनक, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी की 34 वीं पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी सतना द्वारा स्थानीय संतोषी चौक पर स्थित राजीव गाँधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया, इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा, शहर अध्यक्ष मकशूद अहमद, अजीत सिंह, उर्मिला त्रिपाठी, डा पी डी पटेल, अशोक चक्रवर्ती, नसीम अख्तर, जगदीश सेन, पियूष पटनहा, किशोर कुमार मलिक, बरवेन्द सिंह, शैलेंद्र तिवारी, मनोज कुशवाहा, राम बिहारी विश्वकर्मा, प्रमोद पटनहा, घनश्याम मघनानी, चन्द शेखर सोनी,संतोष द्विवेदी, विनोद द्विवेदी,सतेन्द्र निगम, विन्दू सिंह, सुनील गुप्ता, डा डी पी प्रजापति, दिलीप कुमार जैन, संजय तिवारी, विजय प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## रंगोली बनाकर सेना के शौर्य और बलिदान को किया नमन

### भारत माता की आरती और राष्ट्रगीत गायन ने देशभक्ति मय किया माहौल




**सतना।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सह मीडिया प्रभारी सुश्री प्रियांशा उरमलिया ने मुख्तयारगंज स्थित व्यंकटेश मंदिर में रंगोली बनाकर भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम में पुलिस सेवा से जुड़े अधिकारी जवानों समेत अलग अलग कार्यक्षेत्र से जुड़े लोगों ने शामिल होकर एकता के साथ साथ हर परिस्थिति में सेना के साथ खड़े रहने के संकल्प को मजबूत बनाया। इस अवसर में उपस्थित सभी वरिष्ठ जनों ने भारत माता की आरती और राष्ट्रगीत का गायन कर माहौल को देशभक्ति मय बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की प्रतिमा के समक्ष और सेना के शौर्य तथा बलिदान को समर्पित रंगोली में दीप प्रज्वलित कर की गई। इस मौके पर सुश्री उरमलिया ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पीएम मोदी ने जो कहा था कि आतंकियों को मिट्टी में मिला देंगेए वही हुआ। पीएम मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि लिखी गई और सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाते हुए दुश्मन देश के अंदर घुसकर आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया। इतना ही नहीं दुश्मन देश के साथ साथ वहां पनाह पा रहे आतंकियों की जड़ों को हिलाकर रख दिया। हमें अपनी सेना पर गर्व है। पीएम मोदी और हमारी सेना ने भारतीय नारियों के सिंदूर की क्या ताकत होती है यह पाकिस्तान और वहां पनप रहे आतंकियों को अच्छी तरह से समझा दिया। इस अवसर पर मणिकांत माहेश्वरी, डॉ हर्षवर्धन श्रीवास्तव, सीएसपी महेन्द्र सिंह, कोतवाली टीआई रावेन्द्र द्विवेदी, डॉ राकेश अग्रवाल, एडवोकेट आभा अग्रवाल, डॉ सौम्या तिवारी, डॉ विनोद मिश्र, शारदा उरमलिया, दिव्यांशु, मुस्कान सिंह, आकांक्षा गौतम अवनी सिंह, संध्या पाण्डेय और खुशी सिंह चौहान सुमन सिंह, पूजा सिंह समेत काफी तादाद में ,बीवीपी के साथी, व्यापारी बंधु और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नागौद के खजलइयां तालाब की हुई सफाई

**सतना।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश में जल स्त्रोतों तथ नदी, तालाबों, कुआं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतो के जल संरक्षण एवं पुर्नजीवन के लिये विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बुधवार को नगर परिषद नागौद द्वारा वार्ड क्रमांक-3 स्थित खजलइयां तालाब में जल सह्योग से सामूहिक स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर परिषद नागौद की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, एसडीएम जितेन्द्र वर्मा, सीएमओ शैलेन्द्र प्रताप सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता, नगर परिषद नागौद के कर्मचारी एवं जन अभियान परिषद के सदस्य सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## महापौर ने पीएम आवास के हितग्राहियों को सौंपी घर की चाबी



**सतना।** बुधवार को महापौर योगेश ताम्रकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 222 हितग्राहियों को उनके नये घर की चाबी सौंपी। यह कार्यवाही नगर निगम के जनसुनवाई सभागार में सम्पन्न हुआ प्रधानमंत्री सशक्त नेतृत्व में हमारे वंचित परिवार जनों को मिलने वाला यह पीएम आवास उन्हें समाज में पूरे मान, सम्मान और स्वाभिमान से जीने के लिए प्रेरित करता है। इस मौके पर नगर निगम के अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी एमआईसी सदस्य आदित्य यादव पाषर्दगण शारदा तिवारी एवं राजेश सूर्यवंशी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# लूट की घटनाओं का पुलिस ने 72 घंटे के अंदर किया खुलासा

### धोबहट व मुकुंदपुर में हुई थी लूट की घटना ताला थाना प्रभारी ने की कार्यवाही

**जागरण सतना।** धोबहट व मुकुंदपुर में हुई लूट की घटनाओ का खुलासा ताला पुलिस ने 72 घंटे के अंदर करते हुये आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया है यह कार्यवाही मैहर एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देश , एसडीओपी अमरपाटन श्रीमती प्रतिभा शर्मा के मार्गदर्शन में ताला थाना प्रभारी पंचराज सिंह एवं मुकुंदपुर चौधरी प्रभारी नागेश्वर मिश्रा द्वारा की गई है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है घटना में शामिल एक नाबालिग को किशोर न्यायबोर्ड के समक्ष पेश किया गया।

### ये है विवरण

पुलिस ने बताया कि यादवेन्द्र शर्मा पिता स्व. राजमणी शर्मा उम्र 33 साल निवासी ग्राम मुकुंदपुर थाना ताला जिला मैहर ने 16 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात बदमाशो ने उनका मोबाईल लूट लिया है जिस पर पुलिस ने बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था इसी प्रकार बुटनी बाइ कोल पति सरमन कोल उम्र 70 साल थाना ताला जिला मैहर 17 मई की रात तकरीबन साढे 8 बजे धोबहट नहर के पास थी तभी तीन अज्ञात बदमाशो ने मंगलसूत्र छीन लिया था। जिसकी रिपोर्ट भी ताला थाने में दर्ज की गई थी। एक के बाद एक लूट की दो घटना को गंभीरता से लेते हुये मैहर एसपी सुधीर अग्रवाल और एसडीओपी अमरपाटन प्रतिभा शर्मा के नेतृत्व में ताला थाना एवं मुकुदपुर चौकी की टीम गठित कर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये। पुलिस ने 72 घंटे के अंदर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### ये सामग्री बरामद

लूट के आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने लूटा गया मोबाईल एवं मंगलसूत्र बरामद किया है इसके साथ ही घटना में प्रयोग की गई बिना नम्बर की पलसर बाइक , चाकू , तौलिया, जिसका उपयोग घटना के दौरान फेस कवर करने के लिए किया गया एवं तीन नग मोबाईल फोन भी जप्त किया गये है। पुलिस ने सूरज पटेल पिता रमेश पटेल उम्र 23 साल निवासी अमिलकी थाना गोविंदगढ जिला रीवा अंकित पटेल पिता रामरूद्र पटेल उम्र 23 साल निवासी अमिलकी थाना गोविंदगढ जिला रीवा धर्मेन्द्र सिंह पटेल पिता गंगा प्रसाद पटेल उम्र 34 साल निवासी ग्राम ऐरा थाना रामपुर बाघेलान एक 17 साल के नाबालिग को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

English Medium
Anupama Hr.Sec.School
Nursery, LKG, UKG
1st to 12th (Math, Bio, Commerce & Arts)
Gift of School Bag to every new student
ADMISSION OPEN
We make your child grow into a cultured citizen to face the challenges of life !!
Bharhut Nagar, Satna (M.P.) 8640025252, 9765187919, 9425362071
anupamahighersecondaryschool@gmail.com, aesmp.org

संपूर्ण हड्डी व जोड़ रोग परामर्श OPD
डॉ. शान्तनु सिंह
एम.बी.बी.एस, एम.एस. (आर्थोपेडिक्स)
हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
समय :- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे तक एवं सायं 4 से 6 बजे तक
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433, 9981287311

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services
Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9174566996, 7771009417
अन्य सुविधाएं:
24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ
डॉ. ईशान गोयल
24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ
वेंटिलेटर एवं Bipap
24x7 मेडिकल स्टोर
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433, 9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
मो.-7247097637

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
IUI, IVF, ICSI
प्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर
साइकिल (FET)
एग फ्रीजिंग
एंब्रियो फ्रीजिंग
स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

DTE - काउंसिलिंग कोड 608
श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फार्मेसी
पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा संबद्ध
डी. फार्मा
रजिस्ट्रेशन के लिए तुरंत संपर्क करें-
पता- ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
मो.: 9584324641,6262084843,7470944611

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा**- 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com